kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-115 ❐ सोमवार, 26 मई 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



भारत अब तकनीकी, अनुसंधान और उद्योगों के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। हम सहयोगी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में आ रहे हैं। उन्होंने भारत को 'अवसरों की धरती' बताते हुए कहा कि उद्योग-हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेज़ी से आगे बढ़ेगी। ओम बिरला

शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि : मोदी 11

इच्छा शक्ति ने उत्तराखंड को यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनाया : धामी 12

## लालू ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है।

श्री यादव ने एक महिला के साथ श्री तेजप्रताप यादव का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फ़ेसबुक पर पोस्ट करके अपने बड़े पुत्र को पार्टी और परिवार से निष्कासित किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने फ़ेसबुक पर लिखा, ''निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है।



अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख ने आगे लिखा,''अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। गौरतलब है कि श्री तेजप्रताप यादव के फ़ेसबुक अकाउंट से एक लड़की के साथ तस्वीर शनिवार को पोस्ट करते हुए लिखा गया था, 'मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते है और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से ● शेष पेज 11 पर

## हिंदू एक हों, देश की सेना को भी मजबूत बनाएं : भागवत

एजेंसी

- ❐ जब हिंदू समाज सशक्त होगा, तभी भारत भी गौरव प्राप्त करेगा
- ❐ अपने अधिकारों के लिए हिंदू अब लड़ रहे
- ❐ लोगों को जाति और पंथ की सोच से ऊपर उठने की जरूरत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत के पास 'शक्तिशाली' होने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। आरएसएस से जुड़े प्रकाशन ऑर्गनाइजर के साथ एक विशेष साक्षात्कार में भागवत ने स्पष्ट किया कि - सुरक्षा की शुरुआत समाज से होती है, सिर्फ राज्य से नहीं।

उन्होंने हिंदू समाज की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि भारत की एकता ही हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज और भारत एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, और जब हिंदू समाज सशक्त होगा, तभी भारत भी गौरव प्राप्त करेगा। उन्होंने पड़ोसी देश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, जब तक हिंदू समाज खुद मजबूत नहीं होगा, तब तक दुनिया में कोई उनके बारे में चिंता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ जो आक्रोश देखा गया वो अद्भुत है। अब वहां के हिंदू खुद कर रहे हैं कि हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही है और संगठन का विस्तार इस शक्ति



को और व्यापक रूप देगा। जब तक यह लक्ष्य पूरी तरह हासिल नहीं होता। हमें लड़ाई जारी रखनी होगी।

मोहन भागवत ने कहा कि सनातन धर्म के सच्चे सार को संरक्षित करने के लिए समाज के सभी लोगों को जाति और पंथ के विभाजन से ऊपर उठने की आवश्यकता है। डॉ. भागवत ने भारत को एक समृद्ध राष्ट्र बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया, जो शांति और समानता को बढ़ावा देता है। श्री भागवत ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। कोई भी हमें जीतने में सक्षम नहीं होना चाहिए , भले ही कई शक्तियां एक साथ आ जाएं। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची ताकत भीतर से आती है और इसे गलत दिशा में हिंसा से बचने के लिए सद्गुणों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एक सद्गुणी व्यक्ति सिर्फ अपने सद्गुणों के कारण सुरक्षित नहीं है , इसलिए सद्गुणों को शक्ति के साथ जोड़ा जाना चाहिए। केवल क्रूर शक्ति दिशाहीन हो सकती है, जिससे स्पष्ट हिंसा हो सकती है। इसलिए शक्ति को धर्म के साथ जोड़ा जाना चाहिए। श्री भागवत ने स्पष्ट ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### अधिकारियों पर मधुमक्खियों का हमला, कई घायल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवगढ़ बौद्ध गुफा में जल जीवन मिशन के तहत परियोजनाओं का निरीक्षण करने पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी उस वक्त बड़ी मुसीबत में फंस गए जब बौद्ध गुफाओं के पास अचानक जंगली मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एडीएम (नमामि गंगे) राजेश श्रीवास्तव और सीडीओ कमलाकांत पांडेय गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी जख्मी हो गए।

### चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा, 19 जून को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चार राज्यों गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर 19 जून को मतदान होगा और 23 को नतीजे आएंगे। आयोग ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। यह उपचुनाव विधायको के निधन या इस्तीफ़े के कारण रिक्त हुई सीटों को भरने के लिए होंगे। उपचुनाव गुजरात की कड़ी (अनुसूचित जाति) और विसावदर सीट, केरल की नीलांबूर सीट, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट और पश्चिम बंगाल की कालिगंज सीट पर होंगे।

### छत पर चढ़कर तेंदुए ने महिला पर किया हमला, मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में शनिवार रात लगभग डेढ़ बजे अयोध्यापुरवा गांव में जाहिरा नाम की एक महिला अपने बच्चों के साथ छत पर सो रही थी, तभी एक तेंदुआ छत पर चढ़ आया और उसने महिला पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की चीख–पुकार सुनकर बच्चे जाग गए। तेंदुए ने महिला के शव के साथ छत से नीचे छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और हांका लगाकर तेंदुए को भगाने में सफलता पाई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

### उत्तर प्रदेश सरकार पंचायतों में करेगी संसाधन और शिक्षण केन्द्र विकसित

**लखनऊ।** ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार गांवों में डिजिटल कार्यबल विकसित करने के लिए 278 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिसमें स्थानीय शासन और सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए जिला पंचायत संसाधन केन्द्र और शिक्षण केन्द्र स्थापित करना शामिल है। यह जानकारी रविवार को आधिकारिक सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि यह पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य पंचायतों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और सेवा वितरण की दक्षता में बड़ा बदलाव लाना है। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पंचायत कर्मचारियों की क्षमता निर्माण और व्यापक प्रशिक्षण है। उन्होंने बताया ꠰ पंचायती राज विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना

# राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

एजेंसी

- ❐ राजग सहित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री,18 उपमुख्यमंत्री विचार-विमर्श में हुए शामिल
- ❐ ऑपरेशन सिंदूर और जातिगत जनगणना पर प्रस्ताव पास
- ❐ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुयी बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गयी और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा,ल्लबैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

श्री नड्डा ने कहा,जातीय जनगणना पर भी बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी। साथ ही, श्री मोदी के इस फैसले की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी । हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि वंचित, उत्पीड़ित और शोषित लोगों को मुख्यधारा में लाना चाहते हैं, जिन्हें छोड़ दिया गया है। यही समाज की जरूरत है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी प्रस्ताव राजस्थान




के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया गया और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका अनुमोदन किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जातीय जनगणना प्रस्ताव रखा और इसका अनुमोदन आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने किया। श्री नड्डा ने कहा, बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई और उस चर्चा में, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस बारे में बात की कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि हम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का पुनर्वास कैसे कर रहे हैं और हम उन्हें मुख्यधारा में कैसे ला रहे हैं। नक्सलवाद के संबंध में जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की, और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को सूचित किया कि हमने इसे हराने के लिए ● शेष पेज 11 पर

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को विश्व में फैलाया : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर व्यक्त किए गए विचार 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 122 वें 'मन की बात' कार्यक्रम को दिल्ली में सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में उनकी सराहना की। पोस्ट में योगी ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के विषय में आज 'मन की बात कार्यक्रम' में व्यक्त विचार 'भारत के मन की बात' को अभिव्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं और पूर्ण विश्वास व प्रतिबद्धता से भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। योगी ने कहा ''आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में स्वदेशी हथियारों, उपकरणों और तकनीक की सफलता से विश्व ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को सुना है। उन्होंने कहा, भारत के जन-गण के मन को राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्रवादी चेतना और स्वदेशी गौरव बोध से दीप्त करते उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शिरकत के लिए गए दिल्ली गए योगी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम



में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल में बिहार में संपन्न हुए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों- बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मोदी ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे 'हनी उद्यमियों' की भी प्रशंसा की।

योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को 'मधुमय अभियान' बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया। योगी ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर 'खेलो इंडिया' के इन तीनों खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया। योगी ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' जैसी योजनाओं के समर्थन से शहद उत्पादन में लगभग 60 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे भारत शहद उत्पादन और निर्यात में ● शेष पेज 11 पर

## 36 जिलों में गरज–चमक के साथ वज्रपात की संभावना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तेज हवाओं और बूंदाबांदी के असर से तपिश भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम में बदलाव की वजह से 25 मई से नौ दिनों के लिए शुरू हो रहे नौतपा के पहले दिन, प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में कहीं भी लू की परिस्थितियां नहीं रहीं। हालांकि पूर्वा हवाओं में पर्याप्त मात्रा में नमी की वजह से उमस भरी चिपचिपी गर्मी बरकरार है।

रविवार को पश्चिमी यूपी के ज्यादातर इलाकों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की



तेज हवाओं के साथ दिल्ली एनसीआर से सटे जिलों नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ समेत अगरा, अलीगढ़, बरेली, सहारनपुर परिक्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से अगले तीन दिन तराई और पूर्वी इलाकों में नमी युक्त पूर्वा हवाओं के साथ बादलों का आना-जाना बना रहेगा। वहीं तराई और दक्षिणी यूपी के इलाकों व वाराणसी परिक्षेत्र में कहीं कहीं बूंदाबादी की परिस्थितियां बन सकती हैं।

इस बार यूपी में सामान्य से तीन-चार दिन पहले मानसून आने की संभावना है। केरल के तट यह सामान्य से आठ दिन पहले ही दस्तक दे चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल ● शेष पेज 11 पर

## खाड़ी देशों से लौटे छह में चार के पेट में निकले सोने के कैप्सूल

मुरादाबाद। खाड़ी देशों से लौटे छह में से चार लोगों के पेट से तस्करी कर लाये गये सात सौ ग्राम वजन के 20 गोल्ड कैप्सूल मिलने की पुलिस ने पुष्टि की है।

पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने रविवार को बताया कि जिला अस्पताल में कराए गई स्कैनिंग में चार लोगों के पेट में सोने के कैप्सूल होने की पुष्टि हुई थी। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा दुबई से लौटे मुत्तल्लिब ,शाने आलम, अजरुद्दीन व ● शेष पेज 11 पर

### रेडियो शो 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के तहत प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित किया

# ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य मिशन नहीं, बदलते भारत की तस्वीर

एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नष्ट किया था। उन्होंने बताया कि पीओके में गुलपुर और अब्बास कैंप (कोटली में) और भिंबर के बरनाला कैंप को नष्ट किया गया। मोदी ने कहा कि भारतीय सेना ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई पीएम ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स



बना रहे थे जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए, और हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियोज तो काफी वायरल हुए थे। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहली बार बस पहुंची पीएम ने कहा कि मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। बस को देखकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़िचरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि बस के आने से उन लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित इलाकों में अब शिक्षा बढ़ रही पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बस्तर के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब 95% के साथ ये जिला 10वीं के नतीजों में टॉप पर रहा। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। सोचिए, जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं। गुजरात में पांच साल में शेरों की संख्या बढ़ी पीएम ने कहा कि शेरों से जुड़ी एक बड़ी अच्छी खबर है। पिछले केवल पांच सालों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। लॉयन सेंसस के बाद सामने आई शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहित करने वाली है। साथियों, आप में से बहुत से लोग यह जानना चाह रहे होंगे कि आखिर ये एनिमल सेंसस होती कैसे है। ये एक्सरसाइज ● शेष पेज 11 पर

## एक ही परिवार के तीन लोग गंगा में डूबे, मौत

ररायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के डलमऊ इलाके में अस्थि विसर्जन करने आये एक ही परिवार के तीन लोगो की गंगा नदी में डूब कर मौत हो गयी है।

पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार अमेठी जिले से डलमऊ अस्थि विसर्जन करने आए एक ही परिवार के चार लोग नहाते समय गंगा नदी में डूब गए। नदी में डूबने से पिता-पुत्र समेत तीन की मौत हो गई है। जब इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से मौके पर पहुंचकर सभी को बाहर निकाला और आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंची तो डॉक्टर ने किशोर समेत तीन को मृत घोषित कर दिया, वहीं एक युवक का इलाज चल रहा है। बताया गया चन्द्र कुमार कौशल, बाल कुमार कौशल और अयांश की पानी मे डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। अयांश (12) किशोर था। पुलिस के अनुसार सभी लोग अस्थि विसर्जन के गहरे पानी मे चले गए थे और डूब गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और लोग सभी डूबे हुए लोगों को लेकर सीएचसी गये, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों की मृत्यु ● शेष पेज 11 पर

# गोमती नदी की स्थिति बदहाल, सफाई को उतरे जलशक्ति मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नदियों की बदहाल स्थिति को लेकर केन्द्र सरकार के नमामि गंगे के अधिकारियों ने कई बैठकें की हैं। इसके बाद वाराणसी की वरूणा नदी में गिरने वाले कूड़ा कचरा को बहुत हद तक सुधारा गया है। अयोध्या में सरयू नदी को भी नई प्राण वायु मिली है। लखनऊ में गोमती नदी की स्थिति अभी भी बदहाल है, कुछ सामाजिक संस्थाएं बीच बीच में स्वचछता अभियान चलाती हैं, लेकिन कोई ठोस बदलाव नहीं दिखता है।

बड़ा इमामबाड़ा के निकट रविवार को कुड़िया घाट के सम्मुख गोमती नदी की बदहाल स्थिति देखी गयी। गोमती नदी में पर्यटन के लिए इस घाट को तैयार किया गया था। नदी के जल पर तैरती हुई जलकुम्भी के कारण नाव के संचालन में खासा दिक्कते सामने आ रही हैं। पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के नाव की सैर खासा महत्व रखती है। फिर भी गोमती नदी में जलकुम्भी की मात्रा बहुत ज्यादा होने से नाव संचालन नहीं हो पा रहा है।

नाव संचालक बड़े तिवारी ने कहा कि कुड़िया घाट पर घूमने फिरने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते हैं। नदी में नाव संचालन, नदी किनारे चाय मैगी की दुकानों के संचालन से लोगों को रोजगार मिलता है। गोमती नदी में नाली का गंदा पानी गिर रहा है, इससे जल दूषित हो चुका है। यहां का जल आचमन करने योग्य नहीं बचा है। जलकुम्भी तैर रही हैं। जिससे नावों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। नदी किनारे छोटे आयोजन होते हैं, वहीं घाट पर बने पार्क में फिल्मों की शूटिंग भी होती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की सख्ती के कारण सुबह पार्क और आसपास झाड़ू लगता है। फिर भी नदी के पानी को साफ करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ है। तस्वीर बदलने के लिए कुछ लोग आते हैं, थोड़ा साफ सफाई कर फोटो खींचवाकर चले जाते हैं। कुछ दिनों के बाद गोमती नदी की बदहाली जैस की तैस ही बनी रहती है। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने रविवार को चित्रकूट में पंडित दीनदयाल शोध संस्थान की ओर से आयोजित मां मंदाकिनी स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री स्वयं नदी में उतरे और उन्होंने कूड़ा कचरा बाहर निकाला। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नदियों की निर्मलता के लिए सजग है। किसी भी हाल में नदियों को दूषित नहीं होने दिया जायेगा। नदी का जल निर्मल होगा, उससे आचमन भी कर सकेगें।

# अयोध्या की उधेला झील बनेगी ईको टूरिज्म का नया केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या में दिखेगा पर्यटन का नया स्वरूप
- ❒ 3.81 करोड़ रुपए से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल करा रही कार्य
- ❒ कैफ़ेटेरिया, टॉयलेट ब्लॉक, बम्बू कॉटेज का हो रहा निर्माण

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए नित नये कदम उठा रहे हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील में स्थित उधेला झील को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। कभी अतिक्रमण और जल संकट से जूझ रही यह झील अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है। योगी सरकार के विजन के तहत इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और दीपोत्सव जैसे आयोजनों के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। योगी सरकार की इन पहलों से अयोध्या अब न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि एक ऐसी पर्यटन नगरी बन रही है, जो विश्व भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उधेला झील मिल्कीपुर-अमानीगंज रोड पर स्थित है, अब 3.81 करोड़ रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा विकसित की जा रही है। इस परियोजना के तहत कैफ़ेटेरिया, टॉयलेट ब्लॉक और बांस से बने कॉटेज (बम्बू कॉटेज) जैसे आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। इन सुविधाओं का उद्देश्य पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल अनुभव प्रदान करना है। यह परियोजना योगी सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत अयोध्या को धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ईको टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के लिए भी एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि झील के आसपास सौंदर्यीकरण, हरियाली और पर्यटक सुविधाओं के विकास से यह स्थान अब परिवारों, प्रकृति प्रेमियों, और साहसिक पर्यटकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनने की ओर अग्रसर है। बम्बू कॉटेज जैसे पर्यावरण अनुकूल निर्माण न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेंगे, बल्कि स्थानीय कारीगरों और व्यवसायियों को भी लाभ पहुंचाएंगे।

30 जुलाई 2024 को झील के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हुआ। इसी वर्ष 31 दिसम्बर तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करना है। यहां टॉयलेट ब्लॉक, टिकट काउंटर, कैफ़ेटेरिया व बम्बू कॉटेज के छत व दीवार का कार्य प्रगति पर है।

# दो जून को लखनऊ में जुटेंगे प्रदेश भर के सभासद

## मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे 10 सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। दो जून को उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन नगरीय निकाय के बैनर तले प्रदेश भर के सभासद लखनऊ में जुटेंगे और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपेंगे। नगर पंचायत कोरांव के सभासद शैलेश सिंह शैलू ने बताया कि सभासद संगठन दो जून को लखनऊ में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सीधे ज्ञापन सौंपेगा। जिसके लिए प्रयागराज जनपद के कोरांव, भारतगंज, सिरसा, शंकरगढ़ आदि नगर पंचायतो के सभासद पहुंचेंगे। ज्ञापन के माध्यम से सभासद वार्षिक विकास निधि 35 लख रुपए किए जाने, सभासदों को प्रत्येक माह ?15000 मानदेय दिए जाने, प्रदेश के निकायों में मेयर व अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लागू किए जाने, प्रदेश के निकाय में डिप्टी मेयर उपाध्यक्ष, व वॉइस अध्यक्ष का पद बहाल किए जाने, सभासद के निधन पर उसके आश्रितों को 50 लाख रुपए सहायता दिए जाने, सभासदों को आने-जाने के लिए यात्रा भत्ता दिए जाने समेत कई मांगे शामिल हैं। सभासद प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एकत्रित होकर अपनी मांग रखेंगे। जिसके लिए सभासद एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने आह्वान किया है कि पूरे प्रदेश के सभी सभासद 2 जून को लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री के ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें।

# वर्चस्ववादी पीडीए का मनोबल तोड़ने का कर रहे भूल : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगरा के एक अस्पताल में महात्मा बुद्ध और डा. भीमराव अंबेडकर की चित्र बनी टाइल्स जमीन पर लगाने की निंद की है। उन्होंने कहा है कि जैसे-जैसे पीडीए की चेतना बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसके प्रेरणास्रोत प्रतीकों व महापुरुषों और इस समाज पर वर्चस्ववादियों के शारीरिक-मानसिक प्रहार भी बढ़ रहे हैं। ऐसे सुनियोजित अपमान करके जिनको लग रहा है कि पीडीए का मनोबल टूटेगा वो ऐतिहासिक भूल कर रहे हैं। प्रताड़ना का प्रतिकार शक्ति बन कर उभरता है। उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा है कि कभी बाबा साहेब के संविधान को बदलने की साजिश, कभी मध्य प्रदेश में कोर्ट परिसर में उनकी मूर्ति लगाने का विरोध और कभी जमीनी पर उनकी चित्र बनी टाइल्स लगाना एक सोची-समझी चाल है, जिसके पीछे प्रभुत्ववादियों का कौन सा गुट काम कर रहा है, कहने की जरूरत नहीं है।

इससे पहले इसी सरकार में लखनऊ, लखीमपुरखीरी में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना को लेकर दबंगों ने रोड़े अटकाए और पीडीए को अपमानित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और शासन-प्रशासन दबंगों के साथ खड़ा रहता है। उत्पीड़न की भी एक सीमा होती और उत्पीड़क की भी। अब भाजपा वो सीमा लांघ चुकी है और अपने पतन को देखते हुए ऐसे कुत्सित-कृत्यों से पीडीए की हिम्मत और एकजुटता को तोड़ने का अंतिम प्रयास कर रही है, जिसमें अब वो कभी सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग समझ गया है कि भाजपा सरकार को विकास और तरक्की से कोई मतलब नहीं है। यह जुमलाबाजों की सरकार है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। नदियों में अवैध खनन हो रहा है। भाजपा सरकार के अवैध खनन के भ्रष्टाचार को देखने के लिए न तो दिल्ली का ड्रोन पहुंच पाता है और न लखनऊ का सीसीटीवी कैमरा। भाजपा सरकार में सभी अवैध काम सरेआम सत्ता की सांठ-गांठ और मिलीभगत से हो रहे है। प्रदेश की जनता 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाकर इसके भ्रष्टाचार का अंत कर देगी।

# सूर्यकांत पर जस्टिस आदर्श गोयल के आरोपों की जांच कराए सुप्रीम कोर्ट : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सावरकर और प्रोफ़ेसर अली खान महमूदाबाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की टिप्पणियां देश को विचलित करने वाली हैं। क्योंकि एक में उन्होंनें अंग्रेज़ों से माफी मांगने और गाँधी जी की हत्या में षड्यंत्रकारी की भूमिका निभाने वाले को स्वतंत्रता सेनानी साबित करने की कोशिश थी तो दूसरे में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को ही नियंत्रित करने का प्रयास किया है। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 196 वीं कड़ी में कहीं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आदर्श गोयल का 12 जनवरी 2018 को लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का जज रहते हुए जस्टिस सूर्यकांत द्वारा भ्रष्ट तरीके से संपत्तियां खरीदने और जातिवादी होने की सूचनाओं से सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को अवगत कराया था। इसी आधार पर उन्होंने जस्टिस सूर्यकांत को जाँच पूरी होने तक हिमांचल प्रदेश का मुख्य न्यायाधीश न बनाने का सुझाव दिया था। लेकिन बावजूद इसके जस्टिस सूर्यकांत को हिमांचल प्रदेश का मुख्य न्यायाधीश ही नहीं बनाया गया बल्कि सुप्रीम कोर्ट में भी न्यायाधीश बना दिया गया। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीएस गवई को चाहिए कि इस पत्र में जस्टिस सूर्यकांत पर उठाए गए सवालों की जाँच करायें और देश के सामने सच्चाई रखें क्योंकि उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत को ही सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनना है। अगर भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के ऊपर ऐसे गंभीर आरोप लगे हों तो इससे न्यायिक व्यवस्था ही ध्वस्त हो जाएगी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यह आम धारणा बन रही है कि आरएसएस के वैचारिक एजेंडे से जुड़े मुद्दों पर न्यायालय के एक हिस्से के समर्थन से सरकार के पक्ष में फैसले आ रहे हैं। सूर्यकांत पर लगे आरोपों और सावरकर और डॉ अली खान महमूदाबाद प्रकरण पर उनके विचार से ऐसी धारणाएं और मजबूत होती हैं। इसलिए उनपर लगे आरोपों की जांच की जानी चाहिए और अगर वो सही पायी जाती हैं तो जस्टिस सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नहीं बनाना चाहिए।

# सीएम योगी की हरित पहल, औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने निभाई पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण में कमी लाने के उद्देश्य से सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने उद्योगों के सहयोग से वनीकरण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया है। यूपीपीसीबी ने वर्ष 2022 से लेकर 2024 तक प्रदेश में लगभग 1542 स्थलों पर 431 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण करवाया है। जो न केवल प्रदेश में जैव-विविधता और पर्यावरण संतुलन को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साथ ही ये अभियान सीएम योगी आदित्यनाथ के क्लीन,ग्रीन और पॉल्युशन फ्री यूपी बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यूपीपीसीबी की सकारात्मक पहल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण को दूर करने के संकल्प को अमली जामा पहनाते हुए प्रदेश के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने सकारात्मक पहल की है। जिसके तहत यूपीपीसीबी ने प्रदेश में संचालित औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित कर वृक्षारोपण का अभियान चलाया है। विभाग के संबंधित अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि इस अभियान के तहत वर्ष 2022 से लेकर 2024 तक प्रदेश के लगभग 1542 स्थलों पर लगभग 431 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराया गया है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में प्रदेश के 429 स्थलों पर कुल 84.4 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने वृक्षारोपण किया। तो वर्ष 2023 में इस अभियान ने और गति पकड़ी, जब 687 स्थलों पर कुल 165 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में वर्ष 2024 में प्रदेश के 426 स्थलों पर कुल 182 हेक्टेयर भूमि पर मियावॉकी पद्धति से वृक्षारोपण किया गया। इस पहल ने न केवल शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाई, बल्कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उनके सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी जागरूक किया। यूपीपीसीबी के अधिकारियों ने बताया कि वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण अभियान के साथ औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सरकार के बीच सहयोग की मजबूती को भी दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बजाज शुगर इण्डस्ट्रीज ने गोण्डा जनपद के 150 वर्गमीटर के क्षेत्र में जुलाई 2022 में वृक्षारोपण कराया था। इसी क्रम में द्वारिकेष शुगर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने बरेली के फरीदपुर में 1000 वर्गमीटर के क्षेत्र में वनीकरण का कार्य वर्ष 2022 में किया था। जिससे प्रेरित होकर वर्ष 2023 और 2024 में कई अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने प्रदेश सरकार के इस हरित अभियान में हिस्सा लिया।

# 6,124 करोड़ खर्च कर प्रदेश में बनेंगे रिंग रोड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ सीएम योगी के निर्देश पर लोकनिर्माण विभाग ने खाका किया तैयार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर बढ़ाई जाएगी रोड कनेक्टिविटी
- ❒ उत्तर प्रदेश के यातायात आवागमन में सुधार की दिशा में साबित होगा बड़ा कदम, योगी सरकार ने शुरू की तैयारी
- ❒ कुल 62 परियोजनाओं पर कार्य की रूपरेखा तैयार, एक लाख से ज्यादा आबादी वाले नगर परिषद व नगर पालिकाओं को मिलेगा लाभ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। एक ओर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाइवे व उन्नत राष्ट्रीय व राज्य मार्गों के जाल का प्रसार हो रहा है, वहीं प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। सीएम योगी के निर्देश पर लोकनिर्माण विभाग ने इस विषय में विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड़ कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 62 परियोजनाओं पर कार्य करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिससे प्रदेश के यातायात आवागमन में सुधार की दिशा में यह एक व्यापक कदम सिद्ध होगा।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिह्नित किए गए हैं। इनमें 6,124 करोड़ रुपए की लागत ने नवनिर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। खास बात यह है कि जनता को ट्रैफिक जाम से राहत देने की दिशा में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे जिनमें आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई फैक्टर्स को आधार बनाया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार योगी सरकार का यह कदम न केवल उत्तम कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करेगा बल्कि यातायात प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के विभिन्न नोड्स पर विभिन्न प्रकार के औद्योगिक पार्कों का निर्माण व विकास किया जा रहा है। ऐसे में फ्रेट मूवमेंट से लेकर तमाम फैक्टर्स ऐसे हैं जिनमें रोड कनेक्टिविटी का प्रमुख योगदान है और इनमें सुधार कुल मिलाकर न केवल यातायात आवागमन में सुधार करेगा बल्कि प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। लोकनिर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिन 62 बाईपास व रिंग रोड्स का निर्माण किया जाना है उनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्ययोजना के अनुसार, एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर परिषदों व पालिकाओं द्वारा प्रस्ताव दिए जाने पर आबादी व प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को पूरा किया जाएगा। हालांकि, जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है, ऐसी नगर पालिकाएं व परिषदों को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। इन क्षेत्रों में रिंग रोड व बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर झाड़ियों में मिला शव

बंथरा । थाना क्षेत्र के दरियापुर चुनौटी गांव निवासी सिद्धी प्रशाद पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल उम्र लगभग 40 वर्ष का शव रविवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। बताया जा रहा है कि मृतक सिद्धि प्रसाद पिछली आधी रात से घर से गायब थे। रविवार शाम गांव के बाहर ग्रामीणों द्वारा शव पड़े होने की सूचना के बाद घर वालों सहित गांव में हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को झाइयों में फेंक दिया गया है मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मौजूद हैं। मृतक पिता के स्थान पर रेलवे में नौकरी करता था। परिवार में पत्नी व बच्चे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ अपनी विधिक करवाई शुरू की है।

# मोदी-योगी ने जल जीवन मिशन से बदली बुंदेलखंड की दशा-दिशा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अध्ययन ने लगाई मुहर
- ❒ राज्य जल व स्वच्छता मिशन कार्यालय के आग्रह पर विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने किया अध्ययन,योगी सरकार को सौंपी रिपोर्ट
- ❒ बांदा,चित्रकूट,हमीरपुर,झांसी,जालौन, महोबा और ललितपुर के 10-10 गांवों में किया गया अध्ययन
- ❒ महिलाएं,युवा,आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,शिक्षक,विद्यार्थियों आदि से बातचीत के आधार पर हुआ अध्ययन

लखनऊ। पीएम मोदी व सीए योगी ने जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल परियोजना से बुंदेलखंड की दशा-दिशा बदल दी। यह दावा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग का अध्ययन कर रहा है। राज्य जल व स्वच्छता मिशन कार्यालय के आग्रह पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने सभी सातों जनपदों के 10-10 गांवों में जाकर सर्वे किया। एक तरफ विश्वविद्यालय ने जहां स्वास्थ्य, शिक्षाआर्थिक मानकों व सामाजिक दृष्टिकोण में आए सकारात्मक पहलुओं को उजागर किया तो वहीं कई विभाग को कई सुझाव भी दिए। अध्ययनमहिलाओं, युवाओं, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों आदि से बातचीत के आधार पर किया गया। अध्ययन के जरिए बुंदेलखंड के लोगों के जीवन में आए बदलाव को रेखांकित किया गया।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने जल जीवन मिशन योजना के लागू होने के बाद आमजन के जीवन में आए बदलावों का जिक्र किया। यह रिपोर्ट स्वास्थ्य सुधार, शिक्षा पर प्रभाव,आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन, सामाजिक सामंजस्य व दृष्टिकोण, रोजगार समेत पांच पहलुओं को लेकर की गई है।

स्वास्थ्य सुधारः रिपोर्ट के मुताबिक गांव के प्रत्येक परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है,जिससे लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आया है। जल जनित बीमारियों से छुटकारा और पाचन क्रिया में सुधार हुआ। पेट संबंधी समस्याएं भी कम हुई हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से मानसिक सुकून मिला, जिससे कार्य क्षमता में वृद्धि हुई। मातृ मुत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार हआ। दूर से जल लाने के कारण होने वाले गर्दन व कमर दर्द से निजात मिला। दूषित जल के कारण हड्डियां कमजोर होती थीं, जिसमें कमी आई है। इलाज पर होने वाले खर्च से पैसे में काफी बचत।

शिक्षा पर प्रभावः योजना से विद्यालयों को पूर्णतः संतप्त कर दिया गया है। स्कूलों में बच्चों (खासतौर पर बालिकाओं) का नामांकन बढ़ा है। ड्राप आउट कम हुआ। योजना के कारण स्वच्छता में भी सुधार आया। विद्यालय में रखी टंकी में अब जल संग्रह होता है, इसका काफी सदुपयोग भी होता है। शौचालय की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इससे बालिकाओं में नामांकन दर में बेतहाशा वृद्धि हुई है। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता से सामाजिक भेदभाव में कमी और रहन-सहन के स्तर में बदलाव आया है। महिलाएं कृषि, पशुपालन व अन्य उत्पादक गतिविधियों में अधिक सक्रिय होकर भाग ले रही हैं। शौचालय बने और जल की उपलब्धता से महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा में वृद्धि। महिलाओं के रोजगार का भी सृजन। 95 फीसदी लोगों के चिकित्सा खर्च में बचत। सामुदायिक संबंध मजबूत हुए। सहयोगात्मक व्यवहार में वृद्धि हुई। जल संकट के समाधान से सामाजिक तनाव में कमी अंकित की गई है। महिलाओं का आत्मबल मजबूत हुआ। ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था में सुदृढ़ता आई है। बाल-विवाह में कमी। दहेज प्रथा में 93 फीसदी कमी।

रोजगारः जीविकोपार्जन के लिए पलायन कर रहे व्यक्तियों ने बताया कि अब गांव में ही स्वरोजगार से लाभान्वित हो रहे हैं। कृषि के लिए उपलब्ध जमीन उपजाऊ है, जिससे फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। मनरेगा में युवाओं द्वारा काम की मांग भी बढ़ी है। युवाओं का पलायन रुका। रोजगार परक,कृषि व पशुपालन कार्यों में भागीदारी बढ़ी। मुर्गी-मछली पालन, डेयरी, मोबाइल व किराना की दुकान आदि रोजगारपरक कार्यों के प्रति युवा आकर्षित होकर कार्य कर रहे हैं। जल की उपलब्धता से पशुपालन के अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं।

**बुंदेलखंड के सातों जनपदों के 10-10 गांवों में हुआ सर्वे**

बांदाः नारायणपुर, मझिवा सानी, जखनी, गोरेमऊ कलां, डाडामऊ, नरी, सहूरपुर,गरौली शुक्ल, थरथुआ व बड़ांखर खुर्द
चित्रकूटः देउंधा,चहटा, नोनमई, बुधवल, बरहट, रामटेकवा, बसावनपुर, मानिकपुर, सरहट व हनुवा
*हमीरपुरः हरौलीपुर, पचखुरा, बिलौटा, रिऊआ, हसऊपुर सैंसा, धरकपुर, जरिया टीला, करगवा, टिकुर व अतरा
झांसीः गुवावली, बैजपुर, सिया, सुल्तानपुरा, पुरवा, घाटकोटरा, पारीक्षा, तिलैथा, गैरहा व चिरकना
जालौनः हथेरी, चमारी, रायपुरा, रवा, रूरा सिरसा, सला (जम्होरी खुर्द), झगुई खुर्द, मषई एट (घमसेनी), जौसारी खुर्द व गिरथान
महोबाः बरी, बघवा खेड़ा, गड़हरी, रिहुनिया, इमली खेड़ा, बमनेथा, काशीपुरा, लिलवा, धनावन व कुरौरा डांग
ललितपुरः रामपुर, बदनपुर, पिपरट, बम्हौरी, कचनौदा, गुगखारा, कल्याणपुरा, गदयाना, इक्कलगुवा व थनरावा

ढाई महीने में बुंदेलखंड के सात जनपदों के 70 गांव में टीम ने अध्ययन किया गया। टीम में शोधार्थी और 4 फैकल्टी मेम्बर शामिल रहे। हमने यह पाया कि हर घर जल की वजह से आमजन के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। हर परिवार के पास पानी पहुंच गया है। पीने के पानी के कारण लोगों का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहा है। इसके साथ ही यह भी महसूस किया गया कि पानी के संरक्षण पर भी जागरूकता की आवश्यकता है।

**डॉ. यतीन्द्र मिश्र**
**असोसिएट प्रोफ़ेसर,**
**बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी**

# अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के अंतर्गत विधानसभा बख्शी का तालाब में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन श्रीपति लान में किया गया इस पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा अर्चना मिश्रा उपस्थिति रही, सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए एवं अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायत के प्रतिनिधि सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं आगे उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास मातृ शक्ति के गौरव से भरा पड़ा है भारत में अनेक विदुषी और वीरांगनाएं हुई है जिन्होंने देश को दिशा एवं गति देने का काम किया है उन्हीं में से एक अहिल्याबाई होलकर कुशल प्रशासिका न्याय प्रिय एवं धार्मिक कार्यों के लिए भारत के इतिहास में प्रसिद्ध है उनकी धार्मिकता का परिचय इस बात से होता है कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भगवान



शिव को समर्पित कर दिया था शासकीय कार्यों में अपने हस्ताक्षर के स्थान पर भगवान शिव का नाम लिखती थी आगे उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने शासनकाल में किसानो को लेकर उन्होंने जो काम किया वह आज भी अनुकरणीय है उन्होंने किसानो की फसलों के नुकसान पर मुआवजा देने की व्यवस्था की थी, महिलाओं को सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए उनके कार्य आज भी प्रासंगिक है महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया आगे उन्होंने कहा कि आज केंद्र की सरकार जो जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है इन योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने का जो प्रयास चल रहा है इसमें अहिल्याबाई होल्कर जी की कार्यशैली दिखाई देती है उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने एक कुशल प्रशासिका एवं समाज सुधारक के रूप में कार्य करते हुए एक आदर्श स्थापित किया जो आज के आधुनिक समाज के लिए भी अनुकरणीय है ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली हमारी मातृशक्ति के रूप में दो महिलाएं रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज मातृशक्ति भय मुक्त होकर देश के विकास में अपना सहयोग प्रदान कर रही हैं।उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि समाज में बालिकाओं को अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन को बताने की नितांत आवश्यकता है जन जागरण के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचने में हम सब को मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है

इस पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने आए हुए प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, सभासद गणों का स्वागत एवं अभिनंदन किया इस सम्मेलन में अभियान के संयोजक अरविंद यादव, सह संयोजक गौरव सिंह चौहान, रविराज लोधी, पूर्व प्रत्याशी संजय सिंह, के के अवस्थी,मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, राजेंद्र लोधी, कुलदीप सिंह, अक्षय मौर्य महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष अंजु रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में विधानसभा बख्शी तालाब के पंचायत के प्रतिनिधि व महिलाएं उपस्थित रहीं ।

# फर्जी प्लॉट दिखाकर 254 ग्राहकों से ठग लिये करोड़ो रुपए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के नई जेल रोड पर किस दूसरे का प्लॉट दिखा कर 254 ग्राहकों को ठगी का शिकार बना लिया और उनसे 1 करोड़ 39 लाख 76 हजार 4 सौ रूपये हड़प लिए। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली गोमती नगर विस्तार में शातिर जालसाज पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गोमतीनगर विस्तार निवासी शोएब अहमद से जनपद अयोध्या की ग्राम सभा माझा बरेठा के धर्मू का पुरवा निवासी जालसाज राजदेव यादव से 2016 में परिचय हुआ था। राजदेव यादव ने शोएब अहमद को लखनऊ में चल रही अपनी प्रापर्टी कम्पनी में 10 प्रतिशत रिटर्न देने की बात कह कर राजधानी इन्फ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमटेड और राजधानी होम्स प्राइवेट लिमटेड में 20 लाख रुपए का इन्वेस्टमेन्ट कराया। जब कंपनी में इन्वेस्टमेन्ट का रिटर्न काफी दिनों तक शोएब अहमद को नहीं मिला तो उन्होंने राजदेव यादव से 10 प्रतिशत लाभ और अपनी रकम के पैसे वापस मांगे तो राजदेव यादव ने शोएब अहमद को झांसे में लेते हुए कहा कि मेरे सारे पार्टनर अलग हो गये है, मैं अकेले काम नहीं कर पा रहा हूँ। आप चाहो तो मेरा सहयोग करो इससे आपका पैसा भी निकल आयेगा और हम लोग कम्पनी भी चला लेंगे। तब शोएब अहमद ने मार्केटिंग के माध्यम से अपने जानने वाले 254 ग्राहकों से राजदेव

### गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में दर्ज हुआ ठग पर मुकदमा

यादव की कम्पनी में नई जेल रोड पर प्लाट लेने के लिये नगद व आरटीजीएस के माध्यम से कुल 1 करोड़ 39 लाख 76 हजार 4 सौ रूपये जमा कराये गये थे। लेकिन बाद में जब पता चला बिना जमीन होते हुए राजदेव यादव ग्राहकों को ठग रहा था है तो शोएब अहमद द्वारा दवाब बना कर 86 लाख 25 हजार 74 रुपया ग्राहकों को वापस कराया गया। शेष बचे 84 लाख 51 हजार 3 सौ 26 रूपये कई बार कहने के बावजूद वापस नहीं किये गये। निरन्तर रुपए की मांग किये जाने पर राजदेव टालमटोल करता रहा और व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपने 20 लाख रूपये व अन्य ग्राहकों द्वारा इन्वेस्ट किये गये रूपये वापस मांगे तो वह अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगा और धमकी दिया किया कि वह चुपचाप अपने रूपये भूल जाये नहीं तो उसी के रूपये में से कुछ रूपये खर्च कर जान से मरवा देगा। राजदेव की नीयत जानकर शोएब अहमद ने राजदेव यादव पर कोतवाली गोमती नगर विस्तार में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमती नगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि राजदेव यादव पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

**ठग की अवैध प्लॉटिंग पर एलडीए ने किया ध्वस्तीकरण**

राजधानी में अपना घर बनाने का सपने देख रहे भोले भाले ग्राहकों को प्लॉट के नाम पर ठग कर उनकी गाढ़ी कमाई लूट रहे इस शातिर जालसाज राजदेव यादव ने गोसाईगंज क्षेत्र के मलौली गांव में 15 बीघे में गोल्डन राइज कंपनी बना कर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध प्लॉटिंग कर डाली जिस पर एलडीए ने कई बार ध्वस्तीकरण की कार्यवाहीं भी करी है। सपने दिखा कर बंद कराया पुराना काम शोएब अहमद पिछले 22 वर्ष से रेडिमेड गारमेंट मैनुफैक्चरिंग के कार्य से जुड़े थे। राजदेव यादव के कहने पर जमीन के कारोबार ने अच्छा लाभ दिलाने के आश्वाशन पर सब काम बंद करके इस धंधे पर उतर गए थे।

**ये भी हुए ठगी के शिकार**

प्लॉट देने के नाम जिला उद्योग अधिकारी सीतापुर निवासी आर पी तिवारी से 3 लाख रुपए और सुल्तानपुर निवासी राम देवी से 8 लाख ठग लिए ।

**शराब कारोबारी बनकर थी ठगी की तैयारी**

राजदेव यादव इतना शातिर था कि गोल्डन हैरियर स्प्रिट इंडिया प्राइवेट लिमटेड नाम की कंपनी बना कर शराब के कारोबार में भी 25 प्रतिशत का साझेदार बना कर शोएब अहमद को झांसे मे लिया था।

# श्री पीपलेश्वर शनिदेव मन्दिर पर वार्षिक उत्सव एवं भण्डारा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।रविवार को श्रीश्री श्रीपीपलेश्वर शनिदेव मन्दिर नाईबाड़ा निकट कक्कड़ पार्क चौपटियाँ चौक में 12 वें वार्षिक उत्सव एवं भण्डारा का आयोजन बड़े ही धूम धाम से आयोजित किया गया।सपा मुखिया अखिलेश यादव के अति करीबी व जनेश्वर मिश्र ट्रष्ट के सदस्य एवं कालीचरण पीजी कालेज छात्र संघ के निवर्तमान अध्यक्ष और मन्दिर समिति के अध्यक्ष मनीष यादव पत्नी सुष्मिता यादव के सौजन्य से आयोजित वार्षिक उत्सव एवं भण्डारा सुरु होने से पहले कीर्तन-भजन एवं हवन,यज्ञ एवं सुन्दर कंाड का आयोजन किया गया।आचार्य व मन्दिर के पुजारी श्री लोकेश मिश्रा की देख रेख में समस्त कार्यक्रम आयोजित हुआ।भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए शहर एवं दूर



दराज से हजारों संख्या लोग सहित समाजवादी पार्टी के कई बड़े दिग्गज नेता,विधायक,सांसद,पूर्व मंत्री,पूर्व विधायक/सांसद,पार्षद ,रमाकान्त उर्फ बबलू यादव,निशांत यादव, सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने सम्लित होकर प्रभु के दर्शन कर भण्डारे का प्रसाद चखा।

# भाजपा सरकार में ऐतिहासिक नगरी काकोरी का होगा ऐतिहासिक विकास : विजय मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।नगर पंचायत काकोरी में लगातार हो रहे विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करते हुए रविवार को लगभग 5 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उदघाटन भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य,नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, विधायक जयदेवी के द्वारा किया गया।

इन विकास कार्यों में लगभग 3 करोड़ की कीमत से नगर पंचायत के सभी 13 वार्डों में सड़कों का शिलान्यास किया गया।वही इमामबाग स्थित एक तालाब का सौंदर्यकरण का शिलान्यास एवं गर्मियों में पर्याप्त पीने का पानी नगर पंचायत वासियों को प्राप्त हो इसके लिए वार्डों में वाटर कूलरों का उद्घाटन किया।स्वच्छ भारत अभियान को और अधिक गति प्रदान करते हुए गीला कूड़ा संग्रहित करने के लिए वेट वेस्ट कूड़ा प्लांट एवं 9 ई रिक्शा और 13 तीन पहिया 3 शौचालयों का उद्घाटन किया गया।नगर पंचायत काकोरी को स्वच्छ और सुंदर बनाने



के उद्देश्य से पुलिस चौकी काकोरी चौराहा का सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया गया।वही नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू के द्वारा चुनाव के समय किए गए अपने वादों में एक महत्वपूर्ण वादा को धरातल पर उतरते हुए नगर पंचायत काकोरी की सीमा से लगे दसदोई में अंत्येष्टिस्थल का शिलान्यास किया गया।ज्ञात हो कि नगर पंचायत काकोरी में 13 वार्डों में कोई भी अंत्येष्ठ स्थल नहीं है।जिसके कारण बरसात के मौसम में नगर वासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।अंत्येष्ठ स्थल के शिलान्यास से नगर वासियों कि इस समस्या का समाधान करने का प्रयास नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू के द्वारा किया गया।वार्डो में मार्ग प्रकाश के लिए काकोरी के मुख्य मार्ग पर 3 हाईमाक्स लाइट और वार्डो में पोल युक्त लाइट लगाई जाएगी।इस उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर नगर पंचायत काकोरी के अधिशासी अधिकारी सुदेश यादव एवं नगर पंचायत काकोरी के 13 वार्डों के सभासद एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत वासी उपस्थित रहे।

## अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल



नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना नगराम क्षेत्र के अंतर्गत रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। विनय कुमार पुत्र जगजीवन (20) जो बाइक से अचलीखेड़ा से समेसी की ओर जा रहे थे, तभी बलसिंह खेड़ा हसवा पुल पर किसी अज्ञात चारपहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विनय कुमार का बाएं पैर का निचला हिस्सा फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद चारपहिया वाहन मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।परिजनों द्वारा नगराम थाने में घटना की तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी वाहन और चालक की तलाश जारी है।स्थानीय लोग इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की बढ़ती संख्या को लेकर पहले भी चिंता जता चुके हैं। पुलिस से इस मार्ग पर निगरानी बढ़ाने की मांग की गई है।

## नगराम : एक ही जमीन दो बार बेचकर गरीब दुकानदार से लाखों की ठगी

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के केवली गांव निवासी एक साइकिल मिस्त्री से जमीन के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित राजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि एक ही जमीन की दो बार रजिस्ट्री कर उसके साथ धोखाधड़ी की गई। उसने नगराम थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार की करोरा बाजार में साइकिल मरम्मत की छोटी-सी दुकान है। वह अपने परिवार का पालन-पोषण बड़ी मुश्किल से करता है। राजेश ने बताया कि उसने गांव हरई निवासी रामसागर पुत्र रामफली से दो लाख रुपये में एक जमीन का सौदा किया था , 1 फरवरी 2024 को दोनों के बीच एग्रीमेंट हुआ, जिसमें राजेश ने 70 हजार रुपये (50 हजार बैंक और 20 हजार नकद) का भुगतान किया।गाटा संख्या 139, रकबा 0.1260 हेक्टेयर भूमि उस समय असंक्रमणीय थी। रामसागर ने वादा किया था कि जमीन के संक्रमणीय होते ही वह रजिस्ट्री कर देगा। बाद में जब जमीन 2 अगस्त 2024 को संक्रमणीय घोषित हुई, तो राजेश ने 24 जनवरी 2025 को शेष 1.30 लाख रुपये चेक द्वारा अदा किए और रजिस्ट्री भी कराई।हालांकि, जब राजेश ने दाखिल-खारिज के लिए आवेदन दिया तो उसे पता चला कि वही जमीन रामसागर पहले ही 10 सितंबर 2024 को अपनी पत्नी रामप्यारी के नाम रजिस्ट्री कर चुका है। इससे राजेश के पैरों तले जमीन खिसक गई।राजेश का आरोप है कि रामसागर ने अपनी पत्नी रामप्यारी, भतीजे विक्रांत कुमार और पड़ोसी रामभरोसे के साथ मिलकर साजिश के तहत जमीन की दो बार रजिस्ट्री कराई और उसे लाखों का चूना लगा दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने जमीन खरीदने के लिए रिश्तेदारों से कर्ज लिया था और अब वह आर्थिक व मानसिक रूप से बेहद परेशान है।राजेश कुमार ने नगराम थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एसोशिएशन के विस्तार को लेकर बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन की बैठक चिनहट थाना क्षेत्र के कमता चौराहा स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में आहूत की गई।

बैठक में संगठन से संबंधित दस्तावेज पदाधिकारियों को काम करते हुए संगठन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हक हुकुक की लड़ाई एसोसिएशन लड़ेगा। पत्रकारों के कल्याण के लिए ही एसोसिएशन का जन्म हुआ है। इसके अलावा एसोसिएशन को मजबूत बनाने पर बल दिया। एसोशिएशन के पदाधिकारियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, एवं सचिव द्वारा उपस्थित पदाधिकारी एवं

### पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ेगा एसोसिएशनः अध्यक्ष

सदस्यों को संबोधित किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष रवि जायसवाल ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सचिव अभिषेक सिंह कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडेय, मीडिया प्रभारी सत्येंद्र शर्मा, सह संगठन मंत्री मंसूर अहमद तथा उपसचिव विजय शंकर दुबे सदस्य आनंद सिंह, सनी शाह, बबलू, वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह समेत अन्य सदस्यों ने प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान सभी सदस्यों से एसोसिएशन के विस्तार को लेकर मार्गदर्शन लिया गया। बैठक में सचिव अभिषेक कुमार सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और आगामी 1 जून को होने वाले पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक की रूपरेखा तय की।

# चित्ताखेड़ा में नये सुलभ शौचालय का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार को चित्ताखेड़ा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए नए सार्वजनिक सुलभ शौचालय का उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। इस मौके पर पार्षद चरनजीत राजू गांधी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राकेश पांडेय, पूर्व पार्षद गणेश कनौजिया और पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान मौजूद रहे। इस मौके पर महापौर ने बताया कि पुराना शौचालय खराब हो चुका था और लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा नए शौचालय की मांग की जा रही थी जिसके मद्देनज़र इस पुराने शौचालय को तोड़कर आधुनिक सुविधाओं वाला नया शौचालय बनाया गया है। ये शौचालय चार सिटिंग वाला है और महिलाओं-पुरुषों के लिए अलग-अलग सुविधाएँ हैं। यह कदम क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा।

अतिथियों ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना की और नागरिकों से स्वच्छता अपनाने की अपील की। समारोह का समापन स्वच्छता जागरूकता के संदेश के साथ हुआ।

# गोमती नदी में नहाते समय डूबा युवक, तलाश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज इलाके में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक गोमती नदी में डूब गया। आलमबाग के गढ़ी कनौरा निवासी अमित ठाकुर अपने दोस्तों के साथ सुबह छह बजे नदी में नहाने गया था। इस दौरान पानी के तेज बहाव में बहकर वह डूब गया। अमित के साथ मौजूद दोस्त उसे डूबता देख घबरा गए और मौके से भाग निकले। बाद में उन्होंने सड़क पर आकर राहगीरों की मदद से 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश शुरू करवाई। दोपहर बाद फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम भी सर्च ऑपरेशन में जुट गई, लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। अमित के पिता अनिल ठाकुर ने बताया कि उनका बेटा डीएवी कॉलेज में ग्रेजुएशन कर रहा था। सुबह पांच बजे वह आठ-दस लड़कों के साथ घर से निकला था। लगभग सात बजे परिवार को सूचना मिली कि अमित नदी में डूब गया है। घर में अब अमित की मां संजना और छोटा भाई कृष्णा रह गए हैं।

पुलिस और राहत टीमें अभी भी युवक की तलाश में जुटी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोमती नदी में इस मौसम में पानी का बहाव तेज होता है, ऐसे में यहां नहाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

# अवैध संबंध के बाद युवक की हत्या आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर थाना अंतर्गत बीते दिनों अवैध संबंध को लेकर एक युवक की हत्या करने के बाद आरोपियों द्वारा आत्महत्या का स्वरूप दिया गया था।सरोजनीनगर पुलिस टीम ने युवक की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल दो आरोपी पति पत्नी सुमन मौर्या पत्नी राजकुमार उर्फ छोटू मौर्या, राजकुमार उर्फ छोटू मौर्या पुत्र रामफ़ेर मौर्या को सरोजनीनगर के नादरगंज तिराहे के पास से रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एडीसीपी साउथ अमित कुमावत ने बताया कि पीड़ित मुलायम सिंह यादव द्वारा लिखित सूचना के आधार पर उसका छोटा भाई अर्पित यादव तपोवननगर आजादनगर में स्थित अपने प्लाट पर गया था, पीड़ित के फूफा मिश्री लाल यादव के माध्यम से सूचना



प्राप्त हुई कि अर्पित, छोटू मौर्या के घर पर बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंचकर अर्पित को लोकबन्धु अस्पताल ले गये जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जब की आरोपियों ने आत्महत्या का रूप दिया था, मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया और आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया था। पुलिस पूछताछ में मालूम हुआ कि मृतक अर्पित का प्लाट अभियुक्त के घर के सामने है जिसमें वह गाय पालता था। मृतक अर्पित व अभियुक्ता सुमन के मध्य अवैध सम्बन्ध थे जिनकी जानकारी सुमन के पति

### युवक को पानी में नींद की गोली मिलाकर किया बेहोश फिर तकिए से मुंह दबाकर की हत्या

राजकुमार को होने पर उसके द्वारा विरोध किया जाता था। समाज में बदनामी होने के डर से आपस में मारपीट भी होने लगी थी। फिर एक षड्यंत्र के तहत सुमन मौर्य ने अर्पित को बुलाया और अभियुक्त राजकुमार व सुमन ने अर्पित को रास्ते से हटाने के लिए पानी में नींद की गोली पिला दी और जब वह बेहोश हो गया तब तकिये से उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस टीम द्वारा हत्या आरोपी की तलाश कर उनके खिलाफ साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्ता सुमन मौर्या उपरोक्त की निशांदेही पर आला कत्ल एक तकिया बरामद करते हुए विधिक कार्यवाही हेतु दोनों आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# सुरक्षा, सुविधा और विकास की चिंता करते हैं मोदी : अचिन मेहरोत्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के साथ नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा की भी चिंता करते हैं। यही वजह है कि देश के हर क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। यह बात भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर विधानसभा के सीतापुर नगर मंडल 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर कहीं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुन रहे थे।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव की चिंता थी। वहां आजादी के बाद से अब तक बस नहीं पहुंची थी। लेकिन अब उस गांव में बस पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ने अपने उदबोधन उस गांव का नाम लिया। सुरक्षा की बात करें हो मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, 'आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'जिस सटीकता और सटीकता के साथ हमारी सेना ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया, वह असाधारण है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देशभक्ति की भावना से भर दिया है और इसे तिरंगे के रंग में रंग दिया है। पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प



भी था। हमारे इंजीनियर्स, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर और कई अन्य शहरों में उस दौरान पैदा हुए बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मन की बात में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं।' पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले केवल पांच वर्षों में गुजरात के गिर में शेरों की

**भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम के मन की बात**

**बूथ संख्या 243 पर मौजूद रहे निवर्तमान जिलाध्यक्ष**

आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। गुजरात ऐसा पहला राज्य बना, जहां बड़े पैमाने पर फॉरेस्ट आफिसर के पद पर महिलाओं की तैनाती की गई। आज हम जो नतीजे देख रहे हैं, उसमें इन सभी का योगदान है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'नॉर्थ ईस्ट की बात ही कुछ और है, वहां का सामर्थ्य, वहां का टेलेंट वाकई अद्भुत है। मोदी जी ने सिक्किम के अलावा, उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी 65 वर्ष के जीवन जोशी के संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने ड्रोन दीदी का ज़िक्र भी किया। इस मौके पर उपस्थित बृजेश कुमार हरिओम वर्मा उत्तम पांडे दिनेश कुमार अंकुर तिवारी आशु राठौर सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

# विद्युत विभाग की हड़ताल को लेकर जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश- अराजकता की कोई गुंजाइश नहीं हर हाल में जनसुविधा बनी रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । सीतापुर जिले में विद्युत विभाग की चल रही हड़ताल को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में एक आपातकालीन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने हेतु सख्त प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्युत सेवा एक आवश्यक जनसेवा है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, अव्यवस्था या अराजकता को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में 24 7 नियंत्रण कक्ष स्थापित कर मजिस्ट्रेट व प्रशिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की है, जो जिलेभर से आने वाली शिकायतों और तकनीकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पावर हाउसों में मौजूद फीडरों, ट्रांसफार्मरों, केबल नेटवर्क व ग्रिड सप्लाई पॉइंट्स की सतत निगरानी की जाए और सभी स्थानों पर तकनीकी स्टाफ, गार्ड तथा वैकल्पिक दक्ष मानव संसाधन पूर्ण सक्रियता के साथ तैनात रहें। सभी अवर अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता व पावर हाउस प्रभारी अपने-अपने कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा उनका मोबाइल स्विच ऑन रहना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या असहयोग की स्थिति में उनके विरुद्ध तत्काल विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में निरंतर पेट्रोलिंग कराएं तथा अराजक गतिविधियों पर सतर्क निगाह बनाए रखें। यदि किसी भी स्थान पर विद्युत संरचनाकृजैसे पोल, ट्रांसफार्मर, तार, केबल आदि से छेड़छाड़, तोड़फोड़ या बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कोई भी विद्युत संरचना 'सार्वजनिक संपत्ति' के अंतर्गत आती है, जिसकी सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने तकनीकी संचालन, रखरखाव और आपातकालीन व्यवस्थाओं हेतु ऐसे दक्ष और अनुभवी कर्मियों की रिज़र्व सूची तैयार करने के निर्देश दिए, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रूप से सेवा में लगाया जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि प्रत्येक सूचना का तत्काल संज्ञान लें और लापरवाही अथवा सुस्ती की स्थिति में व्यक्तिगत उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अधिशासी अभियंता (विद्युत), समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की कि किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष या प्रशासन को दें ताकि जनसुविधा और शांति व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखा जा सके।

# बांकेगंज में झोलाछाप इलाज का खौफनाक अंजाम, महिला का हाथ कटने की नौबत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही और फर्जी झोलाछाप डॉक्टर की करतूत ने एक गरीब महिला की ज़िंदगी को संकट में डाल दिया है। बांकेगंज चौकी क्षेत्र के कोठीपुर गांव की रहने वाली पीड़िता का हाथ गम्भीर रूप से संक्रमित हो गया है, जिसे डॉक्टर अब काटने की बात कह रहे हैं। पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक खीरी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि स्थानीय निवासी अशोक कुमार ने बिना किसी मेडिकल डिग्री के बांकेगंज में अवैध क्लीनिक खोल रखा है। इलाज के नाम पर उसने महिला के हाथ में सिरिंज लगाई, जिससे गहरा संक्रमण हो गया और अब हाथ गलने की स्थिति में पहुंच गया है। हालत गंभीर देख जिलाधिकारी खीरी ने तत्काल मौके पर एम्बुलेंस बुलवाकर महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

हैरानी की बात यह है कि अब तक फर्जी डॉक्टर अशोक कुमार के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे क्षेत्रीय जनता में गहरा आक्रोश है।

यह मामला स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और झोलाछाप डॉक्टरों की बेलगाम गतिविधियों पर एक बड़ा सवालिया निशान है। लोगों की मांग है कि प्रशासन तत्काल सख्त कार्रवाई कर ऐसे झोलाछापों पर लगाम लगाए, ताकि भविष्य में किसी और की जान खतरे में न पड़े।

## राष्ट्रीय स्ववित्त पोषित शिक्षक प्रशिक्षक संघ की स्थापनाः शिक्षा जगत में नया अध्याय

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरतगंज दारुल सफा में एक ऐतिहासिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से आए शिक्षाविदों, प्राचार्यों, एसोसिएट प्रोफ़ेसरों, असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों और बुद्धिजीवियों ने सहभागिता करते हुए ''राष्ट्रीय स्ववित्त पोषित शिक्षक प्रशिक्षक संघ'' की औपचारिक स्थापना की। यह संघ न केवल देश के सबसे बड़े बुद्धिजीवी वर्ग को एक मंच पर लाने का प्रयास है, बल्कि यह शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार और शिक्षक प्रशिक्षकों के शोषण के विरुद्ध एक सशक्त आवाज बनने के उद्देश्य से गठित किया गया है। संघ के गठन के साथ ही इसकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें निम्न प्रमुख पदाधिकारी नियुक्त किए गएः राष्ट्रीय अध्यक्षः आशीष त्रिपाठी, शाहजहांपुर राष्ट्रीय उपाध्यक्षः राम शंकर, सीतापुर, राष्ट्रीय महासचिवः चंद्रशेखर प्रजापति, सीतापुर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ताः डॉ. मनोज कुमार, गोरखपुर संगठन महामंत्रीः मोहम्मद लाइक संगठन मंत्रीः रिचा मिश्रा मीडिया प्रभारीः प्राचार्य अखिलेश वर्मा। इस नई संगठनात्मक संरचना में जनपद सीतापुर को एक विशेष पहचान मिली है, जहाँ से राम शंकर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और चंद्रशेखर प्रजापति को राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। इस गौरवपूर्ण नियुक्ति पर सीतापुर जिले में उत्सव जैसा माहौल रहा। शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस पहल को शिक्षा जगत के हित में एक मील का पत्थर बताया। संघ की स्थापना शिक्षा जगत में एक नई ऊर्ज़ा और एकता का संचार करती है, जो निश्चय ही शिक्षक प्रशिक्षकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार लाएगी। यह आयोजन शिक्षा और शिक्षक हितों के लिए एक सशक्त स्वरूप में उभरने की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्याय साबित हुआ है। इस मौके पर प्रिया अस्थाना, सुधीर कुमार, शालिनी वाजपेई, मंजू भारती, दिनेश कुमार, मनीष पांडेय, ए. हरिनारायण सिंह, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी, अतुल कुमार, सुशील कुमार, रितु वर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, सुमन गौतम, ओमकार, डॉ. मोइन अहमद, आशीष मिश्रा, इमरान खान, डॉक्टर वैभव, सुरेंद्र राजपूत, डॉ नवीन, आदि लोग मौजूद रहे ।

## मोटर साइकिल चोरी की घटना का अनावरण, शातिर गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गल्ला मंडी के पास से अभियुक्त रमेश पुत्र स्व0 रामलखन निवासी ग्राम कुचकापुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर को चोरी की एक अदद मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस ठच् 32 क्ढ्ढ 8650 के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में थाना गोमती नगर जनपद लखनऊ में मु0अ0सं0 127/25 धारा 303(2) उग्ट्ट पंजीकत है। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में सेवता विधानसभा में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बाराबंकी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी इतिहास में योगदान देने वाले सभी महापुरुषों एवं वीरांगनाओं के सम्मान के साथ खड़ी है आज इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती को मना रही है और उनके विषय में देश के गांव-गांव में लोगों को उनके सही इतिहास से अवगत कराया जा रहा है इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने भी माता अहिल्याबाई होलकर के इतिहास और सनातन की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मना रही है और इसको लेकर पूरे देश में उनके सम्मान में कार्यक्रम हो रहे हैं जिला सीतापुर में भी पार्टी प्रत्येक विधानसभा में उनके सम्मान में कार्यक्रम कर रही है। मातृशक्ति के लिए रानी अहिल्याबाई होलकर एक प्रेरणा है जिसे भारत कि प्रत्येक बालिका को ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर सेवता विधानसभा में भाजपा नेताओं द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा भी निकली है कार्यक्रम में सुधाकर शुक्ला पार्टी के मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता समर्थक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।।

# सेना के सम्मान में निकाली नयागांव प्रधान जनक कुमारी सिंह ने तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर । नयागांव मे आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गयी द्य यात्रा मे भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रधान जनक कुमारी सिंह और स्थानीय नागरिक शामिल रहे द्य प्रधान जनक कुमारी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत सीमा पर जाकर आतंक वादियों के ठिकानो को नष्ट किया यह पुरे देश के लिए गर्व की बात है द्य भाजपा कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह ने कहा इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगो मे देश प्रेम की भावना को और मजबूत करना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है द्य इस अवसर पर बूथ नंबर चार पर प्रधान नवागांव जनक कुमारी सिंह, भाजपा कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह,वेद सिंह प्रधान प्रतिनिधि, सानू सिंह सेक्टर प्रभारी,



घनश्याम सिंह बूथ अध्यक्ष, वेद सिंह, यादवेंद्र सिंह , अरविंद सिंह, बबलू सिंह, हरिकरन सिंह, महेश सिंह, राजेश सिंह, अभय सिंह, अमरेश सिंह,प्रशांत सिंह, अमन सिंह, नैमिष सिंह, राघवेंद्र सिंह, लेखराम, कुलदीप सिंह, राम सहाय पाल, संतराम, सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# लोक माता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की बैठक का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी । निघासन ब्लॉक सभागार में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि विधानसभा परिषद सदस्य लखनऊ मुकेश शर्मा व निघासन निघासन विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मा.पटेल शशांक वर्मा रहे.इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा द्वारा रानी अहिल्याबाई के जीवन प्रकाश डाला उनके द्वारा किए गए कार्यों की सरहन की वहीं'ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी जी एवं देश के यशस्वी रक्षामंत्री एवं लोकप्रिय सांसद लखनऊ मा0 राजनाथ सिंह जी के प्रति आभार प्रकट करते हुए निघासन विधानसभा138 के लोकप्रिय विधायक मा.शशांक वर्मा जी के आयोजन में ब्लॉक सभागार निघासन चौधरी पुरवा रोड तक शौर्य तिरंगा यात्रा निकली गई इस अवसर पर राज राजेश्वर. अशोक चौधरी, कन्हैया लाल वर्मा.मंडल अध्यक्ष श्री वृजेंद्र सिंह एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ?

# धौरहरा सीओ प्रीतम पाल सिंह का गैर जनपद तबादला, न्यायप्रिय कार्यशैली हमेशा रहेगी यादगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरीः धौरहरा सर्किल के क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रीतम पाल सिंह का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके तबादले की खबर से क्षेत्र में मिश्रित भावनाएं देखने को मिलीं।

सीओ प्रीतम पाल सिंह को उनकी सख्त लेकिन न्यायप्रिय कार्यशैली के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए कई प्रभावशाली कदम उठाए, जिससे आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

स्थानीय नागरिकों और अधीनस्थ अधिकारियों का कहना है कि प्रीतम पाल सिंह ने सदैव निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके तबादले के बाद लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जनसभा को आज करेंगी सम्बोधित

अमेठी,भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा शिवभक्त पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की मिसाल थी जो आज तीन सौ साल बाद बात भी उनके द्वारा किये गये कार्यों को लोग आज भी बड़े श्रद्धा और भाव से याद करते हैं। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित होगी। गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रणंजय इण्टर कालेज गौरीगंज में सम्बोधित करेंगी गभाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि जनपद के जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आम जनमानस महिलाएं भारी संख्या मे गोष्ठी में भाग लेंगे।

# वाहन स्वामी ने एसपी से लगाई गुहार पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एक माह पूर्व हुई बाइक चोरी को डकारने की फिराक में लगी रही शिवरतनगंज पुलिस**

अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में आई एक बारात से बेखौफ चोरों द्वारा मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पीड़ित वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को आपबीती सुनाई तो अपराध को छिपाने में माहिर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित को बाहर का रास्ता दिखा दिया लेकिन वाहन स्वामी ने पूरे मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया तो उसे न्याय मिल सका और एसपी के निर्देश पर पुलिस ने बाइक चोरी का अभियोग दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव कल्यानपुर मजरे रामपुर पंवारा निवासी लवलेश कुमार पुत्र वासुदेव ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गये शिकायती पत्र में लिखा है कि वह बीती उनतीस अप्रैल को अपने गांव से सेमरौता बारात गया हुआ था उसने अपनी हीरो स्पेलेन्डर यूपी 33 ए सी 6979 एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी कर दिया और वह अगवानी व अन्य कार्यक्रम से निवृत होकर अपनी गाडी के पास आया तो उसकी गाडी नही थी तो वह खोजबीन में जुट गया और काफी खोजबीन करने पर भी गाडी नही मिली तो एक युवक के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर उसकी गाडी ले जाता हुआ दिख रहा है जिसमे उसका चेहरा भी साफ दिख रहा है। उक्त सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को वाहन स्वामी ने ले लिया जिसमें गाडी चुराने वाला व्यक्ति दूसरे दिन फिर सीसीटीवी में दिखा है जिसमे उसके पास की बाइक का नम्बर साफ दिख रहा है। वाहन स्वामी ने पूरे घटनाक्रम से थाना शिवरतनगंज पुलिस को अवगत कराया लेकिन अपराध को छिपाने में महारथ हासिल कर चुकी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित वाहन स्वामी को बाहर का रास्ता दिखा दिया लेकिन वाहन स्वामी लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा लेकिन उसकी फरियाद को किसी ने सुनना तक मुनासिब नही समझा। स्थानीय पुलिस से न्याय न मिलता देख वाहन स्वामी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्जकर मामले की इतिश्री कर दी लेकिन आज तक बारात से चोरी गई बाइक का पुलिस सुराग नही लगा सकी है। स्थानीय पुलिस की लचर कार्यशैली से क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं तो आम जनमानस में दहशत का माहौल व्याप्त है।

# मैगलगंज पुलिस द्वारा पाँच वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद खीरी में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मैगलगंज पुलिस ने आज पाँच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में चन्दन कश्यप पुत्र राजकुमार निवासी नई बस्ती खखरा मढियारोड थाना मैगलगंज शामिल है, जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है। उसके विरुद्ध मु.अ.सं. 207/23, धारा 498इ, 323, 504 भादवि व ष डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जिसकी पेशी की तिथि 5 जून 2025 है। दूसरा अभियुक्त छोटक्के उर्फ अजय पुत्र नरेश निवासी खखरा लट्ठौनापुरवा थाना मैगलगंज है, जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है। इस पर मु.अ.सं. 5020/24, धारा 323/504 के तहत मामला दर्ज है, जिसकी पेशी 18 जून 2025 को है।

तीसरा अभियुक्त सर्वेश पुत्र रामेश्वर निवासी रहजनिया थाना मैगलगंज है, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है। इसके खिलाफ मु.अ.सं. 246/18, धारा 323/504/506 के तहत मुकदमा दर्ज है और इसकी पेशी 11 जून 2025 को निर्धारित है। चौथा अभियुक्त बालेश्वर पुत्र स्वर्गीय सिरदार निवासी रामपुर थाना मैगलगंज है, जिसकी उम्र करीब 45 वर्ष है। उस पर मु.अ.सं. 4978/24, धारा 60 एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है, जिसकी पेशी 30 मई 2025 को होनी है।

पाँचवां अभियुक्त साधू उर्फ दिवाकर पुत्र वन्धा निवासी शिवराजपुर थाना मैगलगंज है, जिसकी उम्र करीब 22 वर्ष है। इसके विरुद्ध मु.अ.सं. 500/20, धारा 336/323/504/506 के अंतर्गत मामला दर्ज है और उसकी पेशी 9 जून 2025 को है।

# डीजीपी ने किया चंदापुर थाने का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। बड़े हर्ष का विषय है कि आज शासन के प्रयास से रायबरेली जनपद में बीसवें थाने के रूप में नवसृजित थाना चंदापुर का उद्घाटन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। रायबरेली जिले में आम जनमानस और पुलिस विभाग के बीच जो सामंजस्य देखने को मिला हैं, वह काबिले तारीफ है इससे यह साबित होता है कि रायबरेली जिले में अपराध पर अंकुश लगा हुआ है जिसके चलते आज रायबरेली जिला प्रदेश में भी जाना जाता है आप सभी को स्पष्ट करना चाहता हूं कि शासन व पुलिस विभाग की मनसा के अनुरूप सौ नागरिकों पर एक पुलिस कंस्टेबल की व्यवस्था शासन ने तय की है। जिसको अम्लीय जामा पहनाने का काम पुलिस विभाग कर रहा है जिसको देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साठ हजार युवाओं की पुलिस विभाग में भर्ती कर अपराध पर अंकुश लगाने का एक बहुत बड़ा कार्य किया है। जल्द ही चंदापुर थाने में युवा पुलिस युवा दरोगाओं की तैनाती होगी। जिससे कि संपूर्ण क्षेत्र में पुलिस और जनता के बीच आपसी भाईचारा बनाकर अपराध खत्म किया जाएगा। यह उद्गार आज रायबरेली जनपद के नवसृजित थाना चंदापुर का उद्घाटन करते हुए तथा विधि विधान से हवन पूजन कर फीता काटकर उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार व्यक्त कर रहे थे। तथा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार को पुलिस विभाग के कर्मचारियों द्वारा सलामी देकर उनका स्वागत किया गया। वही पूर्ण नियोजित कार्यक्रम के तहत समय 4:30 पर पुलिस विभाग के मुखिया व डीजीपी प्रशांत कुमार को नवसृजीत थाना चंदापुर का विधि विधान के साथ उद्घाटन का कार्यक्रम तय था, तथा सुबह से ही पुलिस विभाग के अनेक आला अधिकारी कार्यक्रम को अम्लीय जामा पहनाने के लिए रात दिन एक किए हुए थे। उसी के मद्देनजर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम स्थल पर भारी लाव लश्कर के साथ पहुंचे डीजीपी प्रशांत कुमार एडीजी जोन व आई जी रेंज की मौजूदगी में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही संपूर्ण चंदापुर क्षेत्र झूम उठा। संबोधन के दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि रायबरेली जिले के युवा और ऊर्जावान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के नेतृत्व में रायबरेली जिले में अपराध पर अंकुश लगा है और अपराधियों ने क्षेत्र छोड़ दिया है तथा पुलिस अधीक्षक के संबोधन में जो बातें कही गई है वह पुलिस विभाग के लिए सराहनीय पहल है वही डीजीपी प्रशांत कुमार ने यह भी कहा कि लखनऊ के नजदीक होते हुए रायबरेली जिला अपने आप में एक महत्वपूर्ण जिला है। यहां से राजनेताओं ने राजनीति में रहकर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रोशन किया है। विगत कई वर्षों पहले मैं रायबरेली आता था रायबरेली की राजनीति और प्रशासन को भली भांति देखा और पहचाना था चंदापुर के राजा कौशलेंद्र प्रताप सिंह हम सभी के पारिवारिक सदस्य हैं चंदापुर रियासत का शाही राज परिवार हमेशा गरीबों शोषितों और क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहा है। तत्पर रहेगा आप सभी को अस्वस्थ करना चाहता हूं कि जिस उम्मीद के साथ रायबरेली जिले में इस बीसवें थाने की स्थापना राज्य सरकार द्वारा की गई है। उस पर पुलिस विभाग के प्रत्येक कर्मचारी हर कसौटी पर खरा उतरेंगे। तो वहीं डीजीपी प्रशांत कुमार ने चांद्पुर थाना क्षेत्र के 14 चौकीदारों को साइकिल,छाता और लाठी देकर सम्मानित किया तथा कुशल से पूछा। वही उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही राजा कौशलेन्द प्रताप सिंह ने डीआईजी प्रशांत कुमार एडीजी जोन व आईजी रेंज जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशबीर सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा कुशल क्षेम पूछा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, कोतवाली प्रभारी महराजगंज जगदीश यादव,एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया, थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत कुमार द्विवेदी,एस एस आई प्रवीण कुमार सिंह,एस आई रवि पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। कस्बा स्थित पुराने बस स्टैंड के पास स्थित हनुमान मंदिर पर रविवार को सर्राफा व्यवसाई बन्नू जायसवाल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सरार्फा व्यवसायी बन्नू जायसवाल द्वारा सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई इसके बाद शुरू हुए भंडारे में बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी व बूंदी का प्रसाद चखा। सर्राफा व्यवसाई द्वारा पिछले कई वर्षों से हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस मौक पर सौरभ गुप्ता अंकुर जायसवाल विजय धीमन सोमित श्रीवास्तव सुरेन्द्र श्रीवास्तव राहुल वर्मा नीरज सविता राघवेन्द्र शुक्ला, गोलू गुप्ता प्रेमू त्यागी अचिंत गुप्ता, सहित अन्य सैकड़ों संख्या लोग मौजूद रहे।

# अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त की आंबेडकर प्रतिमा, आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम





कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बासथान में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को बीती रात अज्ञात लोगों ने खंडित कर दिया। रविवार सुबह जब ग्रामीण सड़कों पर निकले, तो उन्होंने प्रतिमा की एक उंगली टूटी हुई देखी। इस घटना की जानकारी फैलते ही गांव में आक्रोश फैल गया, और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने अहिरौला-कप्तानगंज मार्ग को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर अहिरौला थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को प्रतिमा की मरम्मत, सीसीटीवी कैमरा, लाइट और बाउंड्री वॉल लगवाने का आश्वासन दिया। लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया, और सड़क पर आवागमन बहाल हुआ। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात दोषियों की तलाश जारी है।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तहसील सगड़ी के बाढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-ऋ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सगड़ी के अंतर्गत बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्र में पशुओं का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ के समय स्वास्थ्य शिविर में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए लोगों का उपचार एवं उनके स्वास्थ्य की जांच करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्वास्थ्य शिविर में एंटी वेनम भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने सीएचसी के बारे में जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि आपदा के समय जरूरी सेवाओं के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्र में ख़म्भो को सही कराएं एवं लटक रहे तारों को ठीक करें तथा नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि बंधे में हुए रेन कट की मरम्मत करना सुनिश्चित करें एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बाढ़ से पूर्व करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ के समय बंधे पर बनने वाले राहत शिविर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम हाजीपुर में घाघरा नदी पर बन रहे सेतु का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सेतु के निर्माण में प्रयोग हो रहे सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सगड़ी, सीओ सगड़ी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब की दुकानों के बाहर खुले में शराब पी रहे 237 लोगों को पुलिस ने छापा मार कर पकड़ा

**आजमगढ़, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में खुले में शराब पीने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशानुसार कार्रवाई की गई। प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात विवेक त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में 237 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट की धारा 34 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। शराब की दुकान के संचालकों को चेतावनी दी गई कि यदि उनकी दुकानों के सामने खुले में शराब पीते हुए लोग पाए गए तो लाइसेंस निरस्तीकरण की विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

## प्रभु कृपा के बिना जीवन व्यर्थ है : रमाशंकर शास्त्री

**राजापाकड़ /कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रभु कृपा के बिना जीवन व्यर्थ है। भगवान कभी किसी की जाति नहीं देखते। वे तो मन के शुद्धता का अवलोकन करते हैं।भगवान तो भाव के भूखे है, सच्चे मन से पुकारने पर भगवान आते हैं। ये बातें श्रीरामपट्टी किशुनदेव पुर में चल रहे भागवत कथा के दौरान रमाशंकर शास्त्री जी ने कहा। उन्होंने कहा कि पूतना विष पिलाने के बहाने भगवान को मारने के लिए गयी लेकिन भगवान के प्रति उसका वात्सल्य भाव प्रकट हुआ। भगवान उसके सारे अपराधों को क्षमा कर दिया। कृष्ण और गोपियों के कथा का भी रसपान कराया। भागवत कथा की मुख्य यजमान विद्यान्ती देवी रहीं।

## ग्यारह सौ कन्याओं संग निकली रुद्र चंडी महायज्ञ की कलशयात्रा

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पोखरभिंडा में नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन तुर्कपट्टी। कसया से तुर्कपट्टी जाने वाले मार्ग पर ग्रामसभा पोखरभिंडा में स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित हो रहे नौ दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ के लिये रविवार को श्रद्धालु भक्तों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया। गाजे-बाजे,हाथी,घोड़े व ऊँट के बीच सैकड़ों दोपहिया व चारपहिया वाहनों के साथ निकले कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में तब्दील हो गया। प्रातः आठ बजे यज्ञाचार्य पंडित नरसिंह तिवारी द्वारा नौ जजमानों से महायज्ञ के निमित्त यज्ञभूमि का पूजन कराकर ग्यारह सौ कुंवारी कन्याओं संग कलश यात्रा का शुभारम्भ कराया गया। शिवघोष के साथ कलश यात्रा मन्दिर परिसर से निकलकर रुदवलिया,बसडीला पाण्डेय,रावतपार,डिग्री,पुरंदरपुर महासोन,महुअवां कारखाना,पोखरा टोला होते हुए खरदर पुल के पास घाघी नदी के पवित्र तट पर पहुंचा। जहां विद्वान आचार्यों ने नदी पूजन के मंत्रोच्चार के बीच पीत वस्त्रधारी कन्याओं से घाघी नदी का पवित्र जल कलश में भरवाया ततपश्चात कलश यात्रा पुनः प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर स्थित महायज्ञ स्थल पहुंचा जहाँ विद्वतजनों के सस्वर मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ कलशों को यज्ञमण्डप में स्थापित कराया गया।

## शिक्षा को सामाजिक चेतना का आधार बनाने वाले व्यक्तित्व रहे स्व. सुभाष : विधायक

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुही विकास खंड के श्रीकृष्ण इंटरमीडिएट कालेज उजारनाथ के संस्थापक प्रधानाचार्य, पूर्व प्रधान व समाजवाद के पुरोधा स्व. सुभाष यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर शनिवार की सायं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फाजिलनगर के विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि स्व. सुभाष यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में दीप प्रज्वलित कर हजारों युवाओं को जीवनदृष्टि दी। वे केवल शिक्षक नहीं, ग्रामीण अंचल के विकास पुरुष थे, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक चेतना का आधार बनाया। उनका व्यक्तित्व एक प्रेरक स्रोत था, जिससे आने वाली पीढ़ियां सृजनशीलता और संघर्ष की ऊर्जा प्राप्त करेंगी। विशिष्ट अतिथि एपीएन न्यूज चैनल के प्रबंध संपादक विनय राय ने कहा कि स्व. सुभाष यादव विचारों के अद्भुत साधक थे, जिनकी सोच में ग्रामीण भारत की आत्मा बसती थी। वे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल प्रहरी और जनसंघर्ष की अग्रिम पंक्ति के योद्धा थे। उनकी वाणी में जन-जन के सपनों की अनुगूंज थी और उनके कर्म में जनकल्याण की गूंज। ऐसे व्यक्तित्व विरल होते हैं, जो समाज को दिशा देते हैं और इतिहास में अमर हो जाते हैं। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय ने कहा कि स्व. सुभाष यादव ने किसानों की पीड़ा को अपनी पीड़ा बनाया, वे उनके सच्चे हितैषी थे। उनकी सोच में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और आत्मनिर्भरता की झलक थी। उन्होंने खेत-खलिहान की भाषा में बात की और गांव-गिरांव के सपनों को जमीन पर उतारने का प्रयास किया। वे वंचित वर्ग व किसानों की आवाज थे। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील त्रिपाठी सुमन ने कहा कि शिक्षा उनके लिए नौकरी नहीं, तपस्या थी। वे हर विद्यार्थी में एक सृजनशील व्यक्तित्व देखना चाहते थे, जो राष्ट्र के लिए कुछ कर सके। उनके शिक्षण में अनुशासन और करुणा का अद्भुत संतुलन था। वे ज्ञान को केवल किताबों तक सीमित न मानते थे, बल्कि व्यवहार में उतारने की सीख देते थे। प्रवक्ता संजय मिश्र ने कहा कि स्व. सुभाष यादव की शिक्षाशैली नवाचार और प्रयोगधर्मिता से भरपूर थी। वे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देते थे, उनके लिए शिक्षा जीवन जीने की कला थी।

# पुलिस के सामने ही महिलाओं ने गिरा दी दीवार

## एसडीएम के आदेश की उड़ाई धज्जियां, वायरल हुआ वीडियो

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़ । जिले के मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के जीवली गांव में नवनिर्मित दीवार को मौके पर पहुंची महिलाओं ने गिरा दिया। खास बात है कि इससे पूर्व विवाद के दौरान ही दूसरे पक्ष की सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस के सामने ही विवाद कर दीवार को गिराया जाने लगा। पुलिस द्वारा मना करने के बाद भी महिलाएं नहीं मान रहीं थीं। आखिरकार पुलिस ने भी जोर आजमाइश की। गुत्थम गुत्था के बाद दीवार गिरा रहीं महिलाओं को पुलिस पकड़ कर थाने ले गई।

मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के जीवली गांव में रवि सोनकर, रीना जायसवाल द्वारा बैनामे की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया गया था। पीड़ित ने बताया कि एसडीएम मार्टिनगंज के निर्देश पर उक्त जमीन का राजस्वकर्मी एवं पुलिस बल की मौजूदगी सीमांकन हुआ है। दूसरे पक्ष के लोगों का आरोप है कि उक्त जमीन का मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है।

विपक्षी को निर्माण होने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर पांच फीट ऊंची दीवार को गिरा दिया गया। पीड़ित रवि सोनकर, रीना जायसवाल ने थाना बरदह पर जिवली गांव निवासिनी ज्ञानती देवी, गुड़िया, बिंदु, मुन्नी, ऊर्मिला देवी, रामचन्दर चौहान, सुशील चौहान, रामचेत चौहान के विरुद्ध स्थानीय थाने पर तहरीर दी। वहीं घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। महिलाओं का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

# शिद्दत से मनायी गयी शहीद अमिय त्रिपाठी की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी के पैतृक गाँव भेलया चन्द्रौटा स्थित उनकी प्रतिमा पर रविवार को डीप प्रज्वलित व श्रद्धा सुमन अर्पित कर 21वीं पुण्यतिथि मनायी गयी।इस भावुक कक्ष पर उपस्थित लोगों ने उनको याद करते हुए जबतक सूरज चाँद रहेगा अमिय तुम्हारा नाम रहेगा जैसे देशभक्ति नारे लगाए।

इस अवसर पर आयोजित श्रंद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पाण्डेय ने कहा कि देश की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी को कृतज्ञ राष्ट्र के साथ ही गाँव नगर के लोग अनन्त काल तक याद रखेंगे और युवक उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर देश रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश यू0बी0मिश्रा ने अमिय त्रिपाठी को एक बहादुर और निर्भीक देशरक्षक की उपाधि देते हुए कहा कि वह एक ऐसे जाँबाज सिपाही थे जो मरते-मरते दुश्मनों के दाँत खट्टे कर दिए थे।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने कहा कि आतंकवादियों से लोहा लेते हुये अपना सर्वस्व बलिदान करने अमर शहीद अमिय त्रिपाठी इस क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।नगर पंचायत फाजिलनगर के चेयरमैन शत्रुमर्दन शाही ने कहा कि अमर शहीद अमिय त्रिपाठी के याद में मौके पर उपस्थित पूरे क्षेत्र के लोगों ने कृतज्ञता प्रदर्शित कर उनके बलिदान को यादगार बनाकर उनके बलिदान को अमर कर दिया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित रुचिर पाण्डेय, सत्यम त्रिपाठी,टीएन राय,पंकज पाण्डेय, प्रदीप सिंह,सत्यप्रकाश दीक्षित,रामानुज पाण्डेय आदि ने भी अमिय त्रिपाठी के कृतित्व व व्यक्तित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संचालन दिवाकर मणि ने किया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## दो चिकित्सक दो कर्मचारी मिले अनुपस्थिति, वेतन बाधित

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिधुवा बांगर एवं सेखवनिया का हुआ निरीक्षण

कुशीनगर। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक रविवार को जनपद के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र के जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जाता है। जिसका जनपद के मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर द्वारा औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उनके द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिधुवा बांगर का निरीक्षण किया गया वहाँ पहुँचकर उन्होंने जब उपस्थिति पंजिका देखा तो चिकित्सक डॉ अभिनव चतुर्वेदी चार दिन से बिना हस्ताक्षर बनाये अनुपस्थिति पाये गये और एक एमपीडब्ल्यू कर्मचारी उदयभान सिंह भी अनुपस्थिति मिले। तो वही आयुष चिकित्सक डॉ श्याम बिहारी मरीजों का उपचार करते पाये गये उनके द्वारा 18 मरीजों को उपचार किया जा चुका था। उनके अलावा एलटी दिग्विजय तिवारी एवं स्वीपर कम चौकीदार मदन यादव अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये मिले। सीएमओ द्वारा मेला का आशाओं के माध्यम से प्रचार प्रसार कराकर अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिये कहा गया। ततपश्चात सीएमओ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेखवनिया का औचक निरीक्षण किया गया वहाँ भी चिकित्सक डॉ उमेश मौर्या पाँच दिन से अनुपस्थित पाये गये एवं फार्मासिस्ट मंतोष कुमार पांडेय भी अनुपस्थिति मिले। तो वही आयुष चिकित्सक डॉ नाजिया द्वारा मरीजों का उपचार करते मिली उनके द्वारा 13 मरीजों को उपचारित किया गया था। एलटी उमेश प्रसाद,एनएमए कमलेश्वर यादव,वार्ड ब्वाय श्रवण यादव,स्वीपर कम चौकीदार राजकुमार जयसवाल उपस्थित होकर अपने कार्यो को करते हुये मिले। वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से सीएमओ ने कहा कि आशाओं के माध्यम से मेले का प्रचार प्रसार कराकर और अधिक ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को लाभान्वित करे।

सीएमओ डॉ ए पी भास्कर ने कहा कि रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का मेरे द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें ड्यूटी से नदारत मिले दो चिकित्सक एवं दो कर्मचारियों का वेतन बाधित करते हुये कारण बताओ नोटिश जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करे।अनुपस्थिति की दशा में उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द ही विश्व में तीसरे महाशक्ति के रूप में उभरेगा : विनय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122 वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में बूथ संख्या 250 पर चलाया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपेरशन सिंदूर, वैश्विक आतंकवाद, माओवाद प्रभावित क्षेत्र में पहली बस सेवा, शेरों की बढ़ती आबादी, नार्थ ईस्ट समिट, ड्रोन दीदी, योग दिवस, फिट इण्डिया, मधुमक्खी पालन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के बाद अपने सम्बोधन में पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने पहलगाम में आतंकी कृत्य के बदले की गई कार्यवाही के रूप में ऑपेरशन सिंदूर की सफलता को देश के गौरव के रूप में बताया। उन्होंने भाषा, क्षेत्र, जातियों, वर्गो से ऊपर उठकर एकजुट रहने की भावना को आज के भारत की जरूरत बताते हुए आतंक के खिलाफ भारत द्वारा की जा रही कार्यवाही पर सन्तोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विगत 11 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किया है। जिसमें कृषि से लेकर अंतरिक्ष, शिक्षा से लेकर खेलकूद, सनातन संस्कृति के विकास से लेकर आधुनिक विज्ञान में बढ़ते भारतीय प्रभाव, आधारभूत ढांचे से लेकर रक्षा मजबूती सहित नवोन्मेष, आर्थिक विकास जैसे अनगिनत कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने जनधन खाते, शौचालय, आवास, उज्ज्वला योजना, राशन, जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर गरीब वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। वहीं दूसरी ओर मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, विश्वकर्मा योजना जैसे योजनाओं से स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने भारत को आने वाले सालों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम को पीएम मोदी की रणनीति का परिणाम बताते हुए वर्तमान युग को भारत का स्वर्णिम युग करार दिया।

# आईजीआरएस के फर्जी निस्तारण, प्रशासनिक लापरवाही और सरकार की छवि पर असर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । उत्तर प्रदेश सरकार ने जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एकीकृत शिकायत नि वारण प्रणाली की शुरुआत की थी।इसका उद्देश्य नागरिकों को प्रशासन से जुड़ी समस्याओं के समा धान के लिए एक डिजिटल मंच प्रदान करना था। लेकिन हाल ही के कुछ दिनों से इस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।शिकायतों के फर्जी निस्तारण,लीपापोती,और निष्क्रियता के चलते न केवल पीड़ितों को न्याय से वंचित किया जा रहा है, बल्कि इससे सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है।सरकार की नीयत पर संदेह नहीं किया जा सक ता,क्योंकि इस व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए कई सुधार किए गए हैं।लेकिन नीचे के प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण यह पहल अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है।सवाल यह उठता है कि जब सरकार जनता की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर है,तो फिर प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता और मनमानी से उसकी छवि क्यों धूमिल हो रही है...? सरकार द्वारा आइजीआरएस पोर्टल को ला गू करने का उद्देश्य जनता को न्याय दिलाने और प्र शासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाना था।मुख्य




मंत्री योगी के निर्देशानुसार,यह पोर्टल एक ऐसा मं च होना चाहिए था जहां आम नागरिक अपनी शि कायत दर्ज कर सकें और उन्हें समयबद्ध तरीके से समाधान मिले।लेकिन व्यवहारिक धरातल पर इस की स्थिति ठीक इसके विपरीत है।आईजीआरएस पर की गई अधिकांश शिकायतों का निस्तारण केव ल कागजों पर ही किया जा रहा है।कई बार बिना उचित जांच के शिकायतों को ल्लनिस्तारितङ्क दिखा कर फाइल बंद कर दी जाती है।यह रवैया उन अ धिकारियों का है,जो जनता के प्रति जवाबदेही से बचने के लिए शिकायतों को बिना उचित कार्रवाई के खत्म कर देते हैं।कई मामलों में शिकायतकर्ता जब आईजीआरएस पर अपनी शिकायत की स्थि ति जांचते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है,जबकि हकीकत में समस्या जस की तस बनी रहती है।प्रशासनिक अ धिकारी झूठी रिपोर्ट बनाकर समस्या का समाधान कर दिया गया दिखा देते हैं। उदाहरण के तौर पर, किसी सड़क के गड्ढे भरने की शिकायत हो तो रि पोर्ट में लिखा जाता है कि सड़क दुरुस्त कर दी गई है,जबकि मौके पर स्थिति वही रहती है।कई बार अधिकारियों के द्वारा शिकायत को संबंधित विभा ग को भेजने के नाम पर महीनों तक लटकाया जा ता है।अंततः मामला लंबित रह जाता है और शि कायतकर्ता निराश होकर हार मान लेते हैं।इस फ र्जी निस्तारण से सबसे बड़ा नुकसान सरकार की साख और विश्वसनीयता को हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रशासनिक पारदर्शिता और ज वाबदेही को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं, लेकि न जमीनी स्तर पर अधिकारियों की मनमानी के च लते जनता का विश्वास सरकार से डगमगाने लगा है।वही कुछ जानकारों का मानना है कि आईजी आरएस की फर्जी कार्यप्रणाली के पीछे केवल प्र शासनिक लापरवाही नहीं,बल्कि एक सोची-समझी साजिश भी हो सकती है।नकारात्मक माहौल बना ना प्रशासनिक लापरवाही के कारण जब शिकायतें हल नहीं होतीं,तो जनता का असंतोष बढ़ता है। इ सका सीधा फायदा सरकार विरोधी तत्वों को मि लता है,जो इसे एक राजनीतिक मुद्दा बनाकर सर कार की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं।

कई अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वार्थ जुड़े होते हैं, वे नहीं चाहते कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगे। इसलिए वे सरकार की योजनाओं को सही से लागू करने के बजाय, केवल रिपोर्टों में सुधार कर अपनी जिम्मेदारी से बचते रहते हैं।जब जनता की शिका यतों का सही समाधान नहीं होता, तो वे सरकार के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रखने लगते हैं।इससे ज नता और प्रशासन के बीच की दूरी बढ़ती है, जिस का सीधा राजनीतिक असर पड़ता है।अगर सरका र अपनी छवि को सुरक्षित रखना चाहती है और ज नता के विश्वास को बनाए रखना चाहती है,तो आई जीआरएस की कार्यप्रणाली में सुधार लाना आव श्यक है।किसी भी शिकायत को निस्तारित करने से पहले उसका भौतिक सत्यापन अनिवार्य किया जाए।उदाहरण के लिए, यदि किसी सड़क मरम्मत की शिकायत आई है, तो उसकी पुष्टि के लिए मौके पर जाकर जांच की जाए और उसकी तस्वीरें पोर्ट ल पर अपलोड की जाएं।निस्तारण की समीक्षा हो गोण्डा जिलाधिकारी कार्यालय से एक स्वतंत्र टीम बनाई जाए,जो शिकायतों के निस्तारण की दोबारा समीक्षा करे।अगर किसी अधिकारी द्वारा झूठा नि स्तारण किया जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई हो।उनके खिलाफ विभागीय जांच की जाए और उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।किसी भी शिकायत को तब तक निस्तारित न माना जाए, जब तक शिकायतकर्ता खुद संतुष्ट न हो। आईजी आरएस पोर्टल में शिकायतकर्ता के फीडबैक का विकल्प दिया जाए, और उनकी स्वीकृति के बाद ही मामला बंद किया जाए।आईजीआरएस एक महत्वपूर्ण पहल है,लेकिन जमीनी स्तर पर अधि कारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते यह अपने उद्देश्य से भटक गया है।शिकायतों के फर्जी निस्तारण से न केवल जनता को न्याय से वंचित किया जा रहा है,बल्कि सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है।अगर प्रशासनिक लापरवाही पर रोक नहीं लगाई गई,तो जनता का सरकार से भरोसा उठ जाएगा।योगी सरकार को चाहिए कि वह आई जीआरएस की कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा करे दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे,और इसे अधिक पारदर्शी बनाए।तभी यह व्यवस्था अप ने असली उद्देश्य को पूरा कर पाएगी और जनता को राहत मिलेगी।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पिपराइच गोरखपुर । नगर पंचायत पिपराइच में स्थित गुरू गोरक्षनाथ धर्मशाला में रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर ''पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन'' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राहुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान नारियों में से एक हैं। उन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धार्मिकता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जनपद के चौड़ी ग्राम में जन्मीं अहिल्याबाई प्रारंभ से ही विलक्षण प्रतिभा की धनी थीं। 11 दिसंबर 1767 को राज्याभिषेक के बाद उन्होंने राज्य को समृद्धि की ओर अग्रसर किया। परम शिव भक्त अहिल्याबाई ने होलकर समाज की संपत्तियों को भगवान शिव को अर्पित किया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। इनमें गुजरात का सोमनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और बद्री केदारनाथ धाम प्रमुख हैं। विशेष रूप से 1776 में औरंगजेब द्वारा नष्ट किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और 1785 में बद्री-केदारनाथ धाम में पूजन व्यवस्था की स्थापना उनकी प्रमुख उपलब्धियां रहीं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि देवी अहिल्याबाई का जीवन समर्पण, न्याय और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। विपक्ष की सरकारों ने उनके इतिहास को छिपाया। पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छे शासकों को विपक्ष की सरकारों ने इतिहास के पन्नों, पर अंकित नहीं होने दिया। समाज और आने वाली पीढ़ी को अच्छे शासकों और इतिहास की जानकारी देना हमारा कर्तव्य है। एक महिला शासक के रूप में अहिल्याबाई होल्कर ने समाज और देश के लिए जो किया वह कल्पना से परे है। कार्यक्रम में चेयरमैन संजय मद्धेशिया, ब्लॉक प्रमुख गण जनार्दन जायसवाल, बंदना सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनन्द शाही, पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष गण राम नरेश निषाद, अनिल मद्धेशिया, प्रदीप यादव, अनिल चौहान, जिला पंचायत सदस्य गण रामउग्रह चौहान, संगीता पासवान, सुधा सिंह, भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह, रामानन्द यादव प्रधान संघ अध्यक्ष गण संजय सिंह, जगदम्बा दूबे, रणजीत चौधरी समेत अन्य कई ग्रामसभाओं के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण उपस्थित थे।।

## बीजेपी जिलाध्यक्ष का महिला कार्यकर्ता के संग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमरकिशोर बम-बम एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वायरल वीडियो की कैंनविज टाइम पुष्टि नहीं करता है।वही बीजेपी जिलाध्यक्ष

वायरल वीडियो को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में उन्हें एक महिला कार्यकर्ता के साथ आपत्तिजनक स्थि ति में बताया जा रहा है।कि यह वीडियो भाजपा कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ हैं।



बीजेपी जिलाध्यक्ष ने दी सफाई

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर सफाई देते हुए अमरकिशोर बम बम ने कहा,ल्लयह वीडियो मेरा ही है,और 12 अप्रैल 2025 का है।उस दिन एक महिला कार्यकर्ता की तबीयत अचानक खराब हो गई थी।उसे चक्कर आ रहे थे,और वो कुछ देर आ राम करना चाहती थी।मैंने मानवीय आधार पर उसे सहारा दिया था।बीजेपी जिलाध्यक्ष अमर किशोर बम बम ने कहा कि यह साजिश उन लोगों की है जो नहीं चाहते कि वे जिले में पार्टी जिलाध्यक्ष बने रहें।कुछ लोग लगातार मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं उन्होंने ही यह आरोप लगाया है । संगठन ने लिया संज्ञान,भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट बीजेपी संगठन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।सूत्रों के मुताबिक,सोशल मीडिया पर वायरल वी डियो को लेकर पार्टी हाईकमान को अवगत करा या गया है।एक गोपनीय पत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को भेजा गया है,जिसमें शिकायत और तथ्यों का उल्लेख किया गया है।अब पार्टी नेतृत्व की ओर से आगे की कार्रवाई का इंतजार है।इस घटना ने बीजे पी की जिला इकाई को असहज स्थिति में डाल दि या है और संगठन की छवि पर भी सवाल खड़े कि ए गए हैं।

## गुरु नानक चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचाल न जारी,सड़क तो है हमारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले में सीएम योगी के आदेश का कोई अ सर नहीं है।जिले भर में धड़ल्ले से अवैध टैक्सी स्टैं ड संचालित हो रहे हैं।गुरु नानक चौराहा पुलिस चौ की के सामने सड़क पर प्राइवेट बसें व अन्य डग्गा मार वाहन बेखौफ सवारियां ढोते नजर आते हैं।इ तना ही नहीं सुबह बस स्टैंड के पास भी प्राइवेट टैक्सी वाहन सवारियों के इंतजार में रोडवेज बसों के आगे खड़े नजर आते हैं।परिवहन विभाग परिव र्तन दल आए दिन सड़क पर खड़ी हो रही अवैध प र टैक्सियों लगातार सख्त कार्रवाई कर रहे हैं।लेकि न स्थानीय पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर ती है।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सख्त आदेश दिए गए थे कि रोडवेज बस स्टैंड के एक किलोमीटर के दायरे कोई भी अवैध टैक्सी स्टैंड नहीं संचालित होगा इसमें राजस्व को



नुकसा न पहुंचाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई व अ नाधिकृत तौर पर संचालित हो रहे टैक्सी,बस स्टैंड को हटाने व कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।आदेश का असर जिले में सिर्फ कुछ दिन तक ही दिखाई दिया।कुछ स्थानों पर चल रहे अवैध वाहन स्टैंड पर कार्रवाई करते हुए औपचारिकता पूर्ण कर दी गई।इसके बाद फिर सब कुछ पहले जैसा हो गया। शहर के प्रमुख गुरु नानक चौराहा पुलिस चौक की बात करें तो यहां प्राइवेट बसें और प्राइवेट टैक्सियां रोजाना रोडवेज को राजस्व का नुकसान पहुंचाती हैं।लेकिन इन पर कार्रवाई के नाम पर कुछ भी न हीं होता।सुबह से लेकर शाम तक प्राइवेट व अन्य डग्गामार वाहन बेखौफ सड़क पर पुलिस के साम ने सवारियां ढोते हुए नजर आते हैं।वहीं शहर में क ई स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन हो रहा है।लेकिन कार्रवाई के नाम पर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नजर नहीं आती।

**गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने**

शहर के गुरु नानक पुलिस चौकी का नजारा है। यहां लखनऊ के लिए सवारियां ले जाने के लिए प्राइवेट वाहन लाइन से खड़े रहते हैं।पास ही ट्रैफि क पुलिसकर्मी भी तैनात रहती हैं।लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं होता।यहां तक कि रोड वेज बस के आगे भी डग्गेमार वाहन लगाकर सवा रियां बैठाई जाती हैं।

**रोडवेज बस स्टैंड के निकट बहराइच रोड पर शहर के बहराइच रोड पर विशेश्वरगंज, पयागपुर**

आदि के लिए प्राइवेट बसें व अन्य डग्गामार वाहन कतार में खड़े नजर आते हैं।रविवार को भी इस मा र्ग पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला।अंधाधुंध स वारियां भरकर चलने वाले निजी वाहनों से आए दि न हादसे होते हैं और किराए आदि को लेकर यात्रि यों से अक्सर मारपीट की घटनाएं होती हैं।

**रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट सड़क पर**

**आदर्श रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के सामने सड़क**

पर टैक्सी स्टैंड तो यहां के हालात भी किसी से छि पे नहीं हैं।सुबह होते ही निजी वाहनो का जमवाड़ा लग जाता है ये टैक्सी वहंान भूसे की तरह सवारि यां भर कर ले जाते हैं।वहीं सुबह शाम तक ट्रेनों के आवागमन के समय पर उतरौला,बलरामपुर,धाने पुर,बाबागंज आदि के लिए सवारियों को बैठाकर फर्राटा भरते हैं।सड़क पर खड़ी होने के कारण बहु त से यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है।

## परिवार परामर्श केंद्र की मेहनत लाई रंग,दो बिछड़े जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डाःरविवार को महिला थाने में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश में परिवार परामर्श कें द्र का आयोजन किया गया।जिसमें शिकायतकर्ता समेत दूसरा पक्ष भी मौजूद हुआ।इस दौरान उप स्थित दोनों परिवारों के बीच आपसी सुलह समझौ ता कराते हुए दो टूटते हुए परिवारों को मिलाने का काम किया गया।बिछड़े दंपतियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर साथ में रहने की बात कही।परि वार परामर्श केंद्र के आयोजन की सूचना होने पर सुबह से ही पीड़ित परिवार समेत प्रतिवादी पक्ष के लोग भी एकत्र होना शुरू हो गए।रिजर्व पुलिस ला इन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में दोनो प क्षों महिला को




थाने बुलाया गया और दोनो पक्षों के बीच आपसी सुलह समझौता कराया गया।आ पसी सहमति के बाद बिछड़े दंपती एक साथ रहने को राजी हुए।इस मौके पर परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण गंगाधर शुक्ला,राजमंगल मोर्या,शशी भारती,महिला थाना प्रभारी प्रतिभा सिं ह,महिला आरक्षी ज्योति राजभर,महिला आरक्षी शाहिना बानों, महिला कांस्टेबल नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

## टेक होम राशन उत्पादन इकाईयों को समय से किया जाय भुगतानः डीएम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एस.आर.एल.एम.) अन्तर्गत जनपद में टेक होम राशन (टी.एच.आर.) के उत्पादन हेतु स्वयं सहायता समूहों के अन्तर्गत संचालित 08 उत्पादन इकाईयों के भुगतान के सम्बन्ध में शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर ने बताया कि पूर्व सम्बन्धित इकाईयों को मुख्यालय स्तर से भुगतान करने की व्यवस्था थी। परन्तु माह जनवरी 2025 से जनपद स्तर पर भुगतान किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

डीपीओ श्री कपूर ने बताया कि इकाईयों के भुगतान हेतु माह मार्च 2025 में बजट तथा भुगतान के सम्बन्ध के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश तथा कटौतियों के सम्बन्ध में शासन स्तर से जारी मानक प्रचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) प्राप्त हुई है। जिसके क्रम में 08 इकाईयों के 16 बिलो के भुगतान की स्वीकृति हेतु बैठक आहूत की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से उत्पादन इकाईयों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर की गई आपूर्ति की क्रास चेकिंग करा ली गई है। जबकि पूर्व में इकाईयों पर उत्पादन बन्द होने के कारण स्वीकृति के उपरान्त सम्बन्धित इकाईयों को नियमानुसार 50 प्रतिशत का भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। जिले की उत्पादन इकाईयों को अवशेष 50 प्रतिशत का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि शासन स्तर से निर्गत मानक प्रचालन प्रक्रिया, खण्ड विकास अधिकारियों की आख्या, सुपरवाईजर द्वारा केन्द्रवार किये गये सत्यापन रिपोर्ट तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों व जिला कार्यक्रम की संस्तुति के साथ पत्रावली प्रस्तुत कर शीघ्र से शीघ्र इकाईयों को भुगतान कर टेक होम राशन का उत्पादन प्रारम्भ कराया जाय। डीएम ने कहा कि भविष्य में उत्पादन इकाईयों का पखवाड़े के आधार पर भुगतान करें तथा यह सुनिश्चित करें कि इकाईयों का उत्पादन बन्द न होने पाये। डीएम ने बीडीओ व सीडीपीओ को निर्देश दिया कि नियमित रूप से इकाईयों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि इकाईयों में उत्पादन बन्द न होने पाये। डीएम ने डीपीओ को निर्देश दिया कि सम्बन्धित इकाईयों से बिल प्राप्त होने पर एस.ओ.पी. में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भुगतान की कार्यवाही की जाय।

डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वयं भी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें तथा पंचायत सचिवों के माध्यम से भी निरीक्षण कराकर यह सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से खुले तथा लक्षित वर्ग को शासन की मंशानुरूप लाभ प्राप्त हो। अपने-अपने क्षेत्रों में यह भी सुनिश्चित करें कि कहीं पर फ़र्ज़ी तरीके से जन्म-मृत्यु एवं आधार कार्ड न बनने पायें। सभी प्रकार की पेंशन सत्यापन से सम्बन्धित कार्य को पूर्ण कर विभागों को आख्या उपलब्ध करा दें। अन्त्योदय कार्ड एवं राशन कार्ड में उल्लिखित लोगों का सत्यापन करा लें। आगामी वर्षा ऋतु में संचालित होने वाले वृक्षारोपण अभियान के दौरान ''हर आंगन पौधा'' लगाने की योजना को परवान चढ़ाने हेतु गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, स्कूली बच्चों के माध्यम से हर आंगन में सहजन, नीबू, अनार, आम इत्यादि प्रजाति का कम से कम 01 पौधा अवश्य रोपित करायें। डीएम ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के लिए अभी से उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर पौधों की उठान के लिए नर्सरी से समन्वय कर लें। डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना जीरो पावर्टी अन्तर्गत सरकार प्रदेश की मुशानुसार निवासरत सभी निर्धन परिवारों को भोजन व वस्त्र की समुचित उपलब्धता, अच्छी शिक्षा, चिकित्सा व मकान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु चिन्हित लोगों को सभी सम्बन्धित योजनाओं से आच्छादित कराया जाय। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पुलिस ने ट्रांसफॉर्मर चोर को किया गिरफ्तार

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगं ज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस बिजली के ट्रांसफार्मर चोर रवीन्द्र पुत्र जग दीश निवासी ग्राम कलन्दरपुरवा मौजा विश्वनोहर पुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को ग्राम मल्ह नपुरवा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक ट्रांस फार्मर पचीस केवीए एबीसी 3X95 विद्युत तार ल गभग 150 मीटर,घटना में प्रयुक्त वाहन महिन्द्रा पिकप (रजिस्ट्रेशन न.यूपी 43BT9240 बरामद किया गया।बताते हैं कि विद्युत अभियंता तरबगंज गोंडा द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी ग यी कि कस्बा तरबगंज में इंडियन बैंक के पास में रखा विद्युत तार व ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास नि र्माणधीन पोल से पचीस केवीए का ट्रांसफार्मर कि सी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना तरबगंज पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त रवीन्द्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक ट्रांसफार्मर पचीस केवीए विद्यु त तार लगभग 150 मीटर,घटना में प्रयुक्त वाहन महिन्द्रा पिकप बरामद किया गया।गिरफ्तार अभि युक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया हैं।

## सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर सीडीपीओ जरवल का वेतन हुआ बाधित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 92518000021537 दिनांक 08 मई 2025 का बाल विकास परियोजना अधिकारी, जरवल द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सीडीपीओ जरवल का मई 2025 का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के साथ-साथ तत्काल उक्त डिफाल्टर शिकायत की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आख्या पोर्टल अपलोड करने के निर्देश दिये गये हैं।

## तिरंगा यात्रा के दौरान लगाए गए देश भक्ति के नारे

चरगांवा, गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भारतीय सेना जिंदाबाद भारत माता की जय के नारे लगाए जा रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर झुंगिया बाजार में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा झुंगिया हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई और बी आर डी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर बाबा राघव दास के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त हो गई। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। इस मौके पर पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेन्द्र पाल सिंह, चरगावा ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, भाजपा वरिष्ठ नेता लाल जी गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह, रामानन्द यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनिल चौहान, संजीव पासवान, दयाशंकर मिश्रा पार्षद प्रतिनिधि / वरिष्ठ भाजपा नेता सन्त गुलाब यादव, पार्षद रितेश सिंह उर्फ़ बबलू समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## अतरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर नहीं आयी बारात, केस दर्ज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बासहिया पाते निवासी शिवशंकर ने बताया की वह अपनी पुत्री सीमा की शादी बाराबंकी जिले के दरियाबाद लक्ष्मणपुर निवासी चन्द्रकेश उर्फ भूटानी पुत्र पारसनाथ के साथ तय की थी। छः फरवरी को दोनों पक्षों के बुजुर्गों ने बैठकर शादी के पहले मांगलिक कार्यक्रम को तय किया था।मांगलिक कार्यक्रम में एक लाख एक हजार रुपये दिए थे। लड़के ने लडकी को एक सोने की अंगूठी दिया था।शादी के पहले लड़के के परिवार वालों ने एक लाख पच्चास हजार रुपये की मांग की थी,जिसको दे दिया गया था।शादी तय होने के बाद फिर लडके पक्ष से पच्चास हजार रुपये की मांग की जाने लगी।मैने पैसा नही दिया 9 मई को मुझे बुलाकर शादी करने से इन्कार कर दिया। शादी की 17 मई को थी,जिसकी पूरी तैयारी हम कर चुके थे।शादी का कार्ड मेहमानों और क्षेत्रीय लोगों में बंटवा चुका था,जिससे मेरी सामाजिक छवि और आर्थिक नुकसान हुआ। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया लड़की के पिता शिवशंकर की तहरीर पर बाराबंकी के थाना दरियाबाद लक्ष्मणपुर निवासी चन्द्रकेश उर्फ भूटानी पुत्र पारसनाथ के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

# 10 कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवल बहराइच । जनपद मे प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के व्यापार को रोकने एवं विभिन्न माध्यमों से मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद में मत्स्य विभाग व पुलिस विभाग द्वारा गठित संयुक्त टीमों ने शनिवार को सांय लगभग 07:00 बजे सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जीतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में जरवल रोड के निकट संचालित अभियान के दौरान शक की बिना पर एक पिकप बाहन की तलाशी के दौरान लगभग रू. 1.5 लाख मूल्य की 10 कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद हुई। छापेमारी के दौरान बरामद की गई प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को गड्ढा खुदवाकर नमक डालकर बिनिस्टिकरण करा दिया गया। उक्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई। पूछताछ के



दौरान पिकप चालक द्वारा बताया गया कि उसने यह मछली लखनऊ से नानपारा ले जाने के लिए लोड की है। सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. कुमार ने बताया कि ग्रीन ट्रिब्यूनल और भारत सरकार ने वर्ष 2000 में विदेशी थाई मांगुर मछली को प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस मछली के खाने से कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारियां जनित होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिबंधित मछली विक्रेताओं की सूचना यदि किसी को मिलती है तो वह विभाग को सूचित करे। उसका नाम गोपनीय रहेगा। छापेमारी की की कार्यवाही के दौरान पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक रोशन सिंह, मुख्य आरक्षी धीरेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी. राम सागर वर्मा एवं मत्स्य विभाग के कार्मिक शामिल रहे।

# भाजपा ने रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अन्तर्गत जनप्रतिनिधि सम्मेलन का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य रजनीकांत महेश्वरी रहे जहां पर लगी रानी अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई,जिसका शुभारंभ भी मुख्य अतिथि ने किया।

विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में माननीय गन्ना चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार रहे।अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने की मंचासीन अतिथियों बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार, अमरिया निशांत सिंह,मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, अभियान संयोजक एवं जिला महामंत्री अमित अग्रवाल,जिला महामंत्री दिनेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,सुषमा देवी,अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा,दीपक अग्रवाल

संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया।मुख्य अतिथि ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर सदैव सनातन एवं राष्ट्र के प्रति जागरूकता के साथ आगे बढ़ती रही जिनकी गाथा से अनेकों अनेक महिलाओं ने उनका सहयोग के साथ अपने जीवन में आगे बढ़कर समाज में महिलाओं का सशक्तिकरण करती गई।देश की पूर्व सरकारों ने हम सबको उनके जीवनकाल के इतिहास से दूर रखा।परन्तु देश में 2014 के बाद देश की महिलाओं ने अपने वोटों की ताकत से राजनीति का तखता पलटा और भाजपा के पक्ष वोट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की राजनीति का कार्य भार दिया।2014 से अब तक महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने हेतु हर क्षेत्र में महिलाओं को उनकी शक्ति से अवगत कराया और आज मजबूती के साथ देश की राजनीति में अपना स्थान प्राप्त किये हुए हैं।विशिष्ट अतिथि ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्व की क्षेत्रीय पार्टी सपा,बसपा की सरकारों ने सदैव महिलाओं पर अत्याचार और उनको निर्बल बनाने का कार्य किया परंतु उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजनीति को बदलने का कार्य किया प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया। इसके नियमित रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष ने आये हुए मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि, मंचासीन अतिथि एवं सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई दी,और रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर महिलाओं को देश की राजनीति में आने का विशेष तौर पर आग्रह किया।जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल, हेमराज दिवाकर,हरिओम राठौर, सुमित सागर,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रेनूराज,इन्द्रेश चौहान,भरत राम राजपुत,अनीता कश्यप, प्रमोद कश्यप,प्रधान सत्यपाल मौर्य,परविंदर सिंह,बृजेश गंगवार,शेर सिंह, इन्द्रपाल वर्मा, कृष्ण मुरारी, झंकार सिंह,भगवान दास सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# ई-रिक्शे को कलर के हिसाब से रूट का किया गया बंटवारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रभारी यातायात नरेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के आदेश के अनुपालन व अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह के दिशानिर्देश में सुलभ व सुरक्षित यात्रा के लिए एक ऐसा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वाहन चालक को शहर में जगह-जगह बोर्ड लगातार जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ई-रिक्शे की बेतरतीबी को संयमित करने का खाका बनाकर उनको कलर देकर रूट निर्धारित किया जा रहा है। प्रभारी यातायात नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर की अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करने का जिम्मा लिया है, जिसे एक चैलेंज के रूप में देखा जा रहा है। प्रभारी यातायात ने बताया कि ई-रिक्शे की रूट को कलर के हिसाब से बांटा गया है, पीले कलर की पट्टिका में रंगे हुए ई-रिक्शे करौंदिया से कुड़वार नाका से होते हुए बस स्टाप आएगें जिनकी शुरुआत 1001 नंबर से होगी। इसी तरह लाल पट्टिका के ई-रिक्शे अमहट से बस स्टाप आएगें इनके नंबर की शुरुआत 2001 से होगी, पयागीपुर से बस स्टाप का आने वाला ई-रिक्शे का कलर नीला होगा, इनकी शुरुआत 3001 से होगी। इसी तरह टेढुई से बस स्टाप आने के लिए यात्री हरी पट्टिका के ई-रिक्शे से आएगें इसके नंबर की शुरूआत 4001 से होगी। यातायात प्रभारी नरेंद्र बहादूर सिंह ने बताया की यातायात टीम नगर की सुचारू यातायात व्यव्स्था पर काम कर रही है, यातायात पुलिस अपील करती है कि ट्रैफिक पुलिस का व्यवसथा बनाने में सहयोग करें, नियम का पालन करें तथा जब भी यात्रा पर निकले हेल्मेट, लांइसेंस, वाहन के समस्त दस्तावेज साथ में रखे, जिससे आपकी यात्रा में विघ्न ना उत्पन्न हो, अव्यवस्था फैलाने वालो पर मोटर वहि्कल ऐक्ट के अंतर्गत कार्यवाही होगी।

## सत्यधाम का संत समागम कच्ची पर संतो का स्वागत एवं सत्संग



सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप सिंहौली ग्राम में स्थित सत्यधाम आश्रम पर दिनांक 25 मई को संत आगमन कच्ची के अवसर पर संतो का स्वागत हुआ, उनके द्वारा सुखद अनमोल सत्संग, अमृत वाणियो से अभिसिंचित किया गया। आश्रम के गद्दीधीश आचार्य, सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने सभी संतो एवं भक्तों का आभार व्यक्त किया। मौके पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। 26 मई को सत्संग प्रवचन एवं विशाल भंडारा भी होगा।

## फायरिंग कर फैलाई दहशत गोली कार के शीशे को तोड़कर दीवार में लगी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला साहूकारा वार्ड नंबर 13 में शनिवार रात्रि लगभग 11:00 बजे के समय फायरिंग कर मोहल्ले में फैलाई दहशत, जानकारी लगने पर स्थानीय लोगों ने किया विरोध तो दबंग ने परिजनों की मदद से लोगों पर असलहा तानकर धमकाया। फायरिंग होने से मोहल्ले में दहशत फैल गई और गोली कार का शीशा टूटकर दीवार पर जा लगी। मामले की सूचना देर रात स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वही गोली चलने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोगों ने बताया कि उस दौरान कौई गली में नहीं था अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी।

## चंदिया हजारा शारदा नदी में नेपाल का पानी आने से होता है कटान, बाढ बचाव कार्य हवा हवाई हो रहा साबित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा,राहुलनगर, मुरैनिया गांधी नहर सहित लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांव शारदा नदी की बाढ की चपेट में आते है। सरकार बाढ वचाव कार्य के नाम पर हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर रही हैं। उसके बाद भी ग्रामीणों को शारदा नदी के कहर से कौई नहीं बचा पा रहा है। बाढ़ बचाव कार्य कराने को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन व आंदोलन भी किए गए। पर ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो सका। रविवार चार बजे मुरैनिया गांधी नगर ग्राम प्रधान मुकेश कुमार एडवोकेट ने बताया कि इस वर्ष लगभग 9 करोड़ रुपए की परियोजना बनी है। कि शारदा नदी कटान को रोका जा सके पर यह सव हवा हवाई साबित हो रही हैं। बताया कि शारदा नदी कटान की असल वजह नेपाल का पानी है पर शासन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता है और हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर परियोजना बनाई जाती है। जिसमें सिर्फ खाना पूर्ति करते हुए कार्य कर दिया जाता है और करोड रुपए पानी में बह जाता है। इसको लेकर उन्होंने मांग की है की हवा हवाई कार्य कराने और करोड़ों रुपए नदी में बहाने से बेहतर है कि शारदा नदी कटान को रोकने के लिए उसकी जड़ तक जाया जाए।

## विधायक ने केसरपुर कला में इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र गावों में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने रविवार को गढाकला गांव में गौवंश आश्रय स्थल एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत केसरपुर कलां गांव में इंटरलाकिंग सड़क व हमीरपुर सीसी रोड,जोगराजपुर में इंटरलॉकिंग सड़क,धनेगा में इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान अनीस खा गुड्डू व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग की छापामारी मे कम्पोजिट शॉप मझोला का लाइसेंस निरस्त

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। आबकारी विभाग के निर्देशन पर जिले में अमरिया क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार व आशुतोष तिवारी ने अपनी टीम के साथ कम्पोजिट शॉप मझोला की गतवर्ष की तरह आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण में विक्री स्टॉक का का भी निरीक्षण किया गया जो कि गड़बड़ पाया गया अंग्रेजी मॉडल शॉप से लगभग 530 बोतलें अवैध मंदिरा पाई गई अवैध मंदिरा की बरामदी होने पर अनुनापी सुरेंद्र सिंहपुत्र हरचंद सिंह नि? गुलडिया थाना न्यूरिया पीलीभीत व विक्रेता दिनेश कुमार वर्मा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा कालोनी मझोला, पीलीभीत को गिरफ्तार कर थाना न्यूरिया मे दर्ज कराई गई और तत्काल मझोला मॉडल शॉप को सील कर उसके निलंबन और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

## बल्दीराय डाकघर में तकनीकी खामियों से कामकाज ठप



बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के स्थानीय बल्दीराय बाजार डाकघर में बीते कई महीनों से प्रिंटर और कंप्यूटर सिस्टम की बार-बार खराबी के चलते आमजन और अधिवक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायालयीन पत्राचार और रजिस्ट्री जैसी आवश्यक सेवाओं में हो रही देरी को लेकर अधिवक्ता आनन्द तिवारी ने प्रधानमंत्री जन शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। अधिवक्ता तिवारी ने बताया कि बल्दीराय डाकघर में प्रिंटर और सिस्टम लगभग हर महीने खराब हो जाते हैं। इसके चलते न केवल न्यायिक पत्राचार बाधित होता है बल्कि वादकारियों को भी अपनी डाक संबंधी जरूरी कार्यों में परेशानी होती है। डाकघर से न्यायालय संबंधी पत्राचार, रजिस्ट्री और अन्य सेवाएं संचालित होती हैं। लेकिन तकनीकी खामियों के कारण कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि कई बार जरूरी दस्तावेज समय से न्यायालय नहीं पहुंच पाते, जिससे मामलों में तारीख पर तारीख पड़ जाती है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अधिवक्ता आनन्द तिवारी ने प्रधान डाक अधीक्षक, लखनऊ मंडल को प्रेषित प्रार्थना पत्र में मांग की है कि डाकघर में तकनीकी उपकरणों की मरम्मत कराई जाए अथवा नवीन उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि सेवाएं निर्बाध रूप से चल सकें। डाकघर की इस व्यवस्था से न केवल अधिवक्ता वर्ग बल्कि आम नागरिक भी बेहद असंतुष्ट हैं। क्षेत्रीय नागरिकों की मांग है कि डाक विभाग इस समस्या का शीघ्र संज्ञान ले और स्थायी समाधान सुनिश्चित करे।

# नायब तहसीलदार पर महिला ने 15 लाख रुपए लेने का लगाया गंभीर आरोप मुख्यमंत्री से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव मथना जप्ती के रहने वाली नरेन्द्र कौर पत्नी हरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र मे बताया कि ससुर चरनजीत सिंह के नाम से कृषि भूमि गाटा सं0-620 रक्बा 0.854 हे0 स्थित ग्राम मथना जप्ती तहसील कलीनगर मे जमीन है। उनकी मृत्यु के पश्चात उपरोक्त गाटा सं0-620, रक्बा 0.894 हे0 जमीन उनके पति हरदीप व सुखदीप सिंह की विरासत में प्राप्त हुई। दोनों भाईयों ने अपनी-अपनी जमीन माधौटांडा सडक से आधी आधी कर ली तथा आधे-आधे हिस्से में मेड डालकर खेती करते चले आ रहे हैं।इसी बीच उसके जेठ सुखदीप सिंह ने अपने आधे हिस्से वाली जमीन में से 0.142हे0 हरपाल सिंह को पंजीकृत बैनामें से बिक्री कर दी सुखदीप सिंह की मृत्यु के पश्चात उपरोक्त गाटे वाली जमीन 0.286 हे0 बलवीर कौर व हरविन्दर कौर को विरासत में प्राप्त हुई। तथा दोनों लोग पूर्व में हुये बटवारों के आधार पर खेती करते चले आ रहे थे।2017 मे उसके पति का स्वर्गवास हो गया था उनके स्वर्गवास के बाद पुत्री अन्तरप्रीत कौर व पुत्र आलमवीर सिंह को उपरोक्त गाटा संख्या वाली भूमि विरासत में प्राप्त हुई। उक्त गाटा सं0 वाली भूमि पर अपना हिस्सा जो पूर्व में दोनों भाइयों ने बांटा था उसके अनुसार काबिज व दखील हुई तथा अपने हिस्से वाली भूमि को बटाई पर करवाती चली आ रही है।उसके पास बटाईदार का फोन आया कि आपके हिस्से में हरपाल सिंह दीवार बनाने का प्रयास कर रहे हैं और वह सिविल जज पीलीभीत के यहाँ से उन्होंने कोई आदेश प्राप्त किया है। वह 10.05.2025 को पीलीभीत आयी तो वह थाना माधौटांडा गई वहां पर मौजूद थानाध्यक्ष से बात की तब थानाध्यक्ष ने हरपाल सिहं को बुलाया तब हरपाल सिंह ने बताया कि मैंने सिविल जज जूनियर डिविजन पीलीभीत में वाद सं0-628/24 में हरपाल सिंह बनाम हरविन्दर कौर आदि प्रस्तुत किया है। जिसमें मुझे न्यायालय द्वारा दिनांक 20.03.2025 को प्रतिवादीगण आपको निषेधित किया है। कि वह मेरे द्वारा निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करें और आदेश व मुकदमें की कॉपी दे। दी अगले दिन उक्त दोनों कॉपियां लेकर विधिक जानकारी लेने अधिवक्ता के पास पीलीभीत आयी तब अधिवक्ता द्वारा जानकारी दी गयी कि हरपाल सिंह को कोई निर्माण का आदेश नहीं दिया गया है। तथा आपकी रिश्तेदार हरविन्दर कौर ने अपनी जमीन सतेन्द्र कुमार को वर्ष 2022 में बिक्री कर दी है अधिवक्ता से जानकारी लेने के बाद थानाध्यक्ष माधौटांडा से मिली और सारी बात समझायी थी।कि जो हरपाल सिंह सिविल जज से मूलवाद सं0-628/24 का आदेश लाये हैं। वह हरपाल सिंह बनाम हरविन्दर कौर है। जबकि हरविन्दर कौर 2022 में अपनी सारी भूमि सतेन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह को बिक्री कर चुकी हैं। इस आदेश से मेरा कोई लेना देना नहीं है। लेकिन वह 20.05.2025 को दोपहर तीन या सवा तीन बजे नायब तहसीलदार अक्षय यादव ने हरपाल सिंह से 15 लाख रूपये लेकर मथना जप्ती आये और हरपाल सिंह से बोले कि मजदूरों को बुलाओं आज रात में ही दीवार खड़ी कर दो बाकी हम लोग देख लेंगे उक्त सभी लोगों की वीडियों बनाई है। पता चला है।कि हरपाल सिंह द्वारा मेरी बिना सहमति पत्र लिए धारा-80 करवा ली जिसका वाद सं0 ड्ड202112560401933 है। मेरे पति की मृत्यु वर्ष 2017 में हो गई थी। हरपाल सिंह द्वारा लेखपाल, तहसीलदार व एसडीएम कलीनगर से साठ गांठ करके धारा 80 कारवाई की गयी है। जो खारिज होने योग्य है। लेखपाल विपिन कुमार द्वारा फर्जी नजरी नक्शा बनाकर मोटी रकम लेकर यह कार्य किया गया है। नजरी नक्शा में किसी भी सह-खातेदार का कोई भी हस्ताक्षर नहीं करवाया गया।जिसमें मेरे हिस्से वाली सामने की भूमि पर भी कब्जा किया जा रहा है।मामले की पीड़िता ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## महिला थाना द्वारा स्कूली छात्राओं को पढ़ाया गया जागरूकता का पाठ

अमेठी । नारी सुरक्षा, स्वाभिमान एवं स्वावलंबन हेतु महिला थाना अमेठी द्वारा जीजीआईसी गौरीगंज में छात्राओं को जागरुकता का पाठ पढ़ाया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जीजीआईसी गौरीगंज में आयोजित समर कैम्प में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों एवं उनसे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। इसके साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ऽमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा एवं थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क व साइबर सेल की विस्तार से जानकारी दी गयी। महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने बताया कि महिलाओं के उत्थान, उनकी सुरक्षा, स्वाभिमान एवं स्वावलंबन हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा उपस्थित रहे विधायक विवेक वर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बीसलपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देश के सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। भारत माता के जयकारों के साथ निकाली भव्य तिरंगा यात्रा का जोरदार जगह-जगह स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा,ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष गौतम शर्मा,देव स्वरूप पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद पाल सिंह, हजारीलाल वर्मा, मण्डल महामंत्री संगम बाजपेई, हरिशंकर, रजनीश कुमार, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र गंगवार, राकेश गुप्ता, नरेश चंद्र सक्सेना आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन को मिला ट्रेन स्टॉपेज चेयरमैन व भाजपा नेता सहित स्थानीय लोगों ने जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद की पहल पर पूरनपुर रेलवे स्टेशन को नई सुविधा के रूप में एक अहम सौगात मिली है।अब दिल्ली और मैलानी के बीच चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन संख्या 04040/04050 का स्टॉपेज़ पूरनपुर में हो गया है। यह ठहराव दिल्ली से मैलानी जाने वाली और मैलानी से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में लागू किया गया है। यह ट्रेन 16 फ़ेरों में चलाई जा रही है। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान और पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस ठहराव से पूरनपुर,बरेली,लखनऊ और दिल्ली सहित प्रमुख शहरों की यात्रा आसान हो जाएगी। अब यात्रियों को निकटवर्ती स्टेशनों की ओर जाकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस मांग को लेकर उन्होंने पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से वार्ता की थी।जिसे गंभीरता से लेते हुए ठहराव की स्वीकृति दी गई। इस कार्य में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की भी अहम भूमिका रही हैं।इस अवसर पर पूरनपुर विधायक और चेयरमैन के अलावा भी सभी स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। यह खबर सुनते ही सोशल मीडिया पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को आभार व्यक्त करने को पोस्टों की बाढ़ सी आ गयी। यह निर्णय पूरनपुर की जनता के लिए एक बड़ी राहत है।इसके साथ ही जितिन प्रसाद द्वारा आने वाले समय में नई ट्रेनों के संचालन का आश्वासन भी दिया गया है।

# खून से लथपथ कार मिलने से सनसनी, दरोगा की टोपी और शराब की बोतलें भी मौजूद मिली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। थाना धम्मौर क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा नरही में एक खौफनाक मामला सामने आया है, जिसने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया है। गांव के निवासी राकेश राय के घर के बाहर खड़ी एक चार पहिया वाहन में भीतर और बाहर खून के भारी निशान पाए गए हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि गाड़ी के अंदर एक पुलिस दरोगा की टोपी भी रखी हुई मिली है, जिससे मामला बेहद संदिग्ध और गंभीर हो गया है। यही नहीं, गाड़ी के अंदर शराब की बोतलें भी मौजूद हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि घटना में कई गंभीर अपराध जुड़े हो सकते हैं। स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। यह गाड़ी अभी तक राकेश राय के द्वार पर ही खड़ी है, और ग्रामीण लगातार इसकी सूचना प्रशासन को दे रहे हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम सामने नहीं आया है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं।



## पैगम्बर मोहम्मद की सीरत नहीं दहेज लेना-मौलाना हसन अख्तर

सुल्तानपुर। खैराबाद मोहल्ले में स्थित इमाम बारगाह बेगम हुसैन अकबर में रविवार को किशवर जहां की याद में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसे नौगावां सादात से आए मौलाना डॉ. सै. हसन अख्तर ने सम्बोधित किया। उन्होंने शादियों में दहेज की रीति को ग़लत ठहराया। मौलाना ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद ने अपनी बेटी फातेमा की शादी सादगी से की थी।

शादी के तीन दिन बाद जब मोहम्मद साहब के दामाद हज़रत अली घरसे निकले तो एक आदमी ने उनसे कहा कहां उनके यहां शादी कर ली। हमारे यहां शादी करते तो अपने घर से तुम्हारे घर तक ऊंट पर दहेज की कतार लगा लेते। इस पर हजरत अली ने कहा जमीन से आसमान की तरफ निगाह करके देखो। उसने देखा तो ऊंटो की लाइन लगी थी जिस पर जवहारात लदे थे। हज़रत अली ने कहा हमें माले दुनिया की जरुरत नहीं है। वहीं मौलाना ने कहा कि बेटी का रिश्ता करते समय बाप बेटी पर रिश्ते को थोपे नहीं बल्कि रिश्ता आने पर बेटी की राय अवश्य ले। यही पैगम्बर मोहम्मद की सुन्नत है। मौलाना हसन अख्तर ने ये भी कहा कि हजरत अली के मानने वालों को हसद (किसी से जलना) नहीं करना चाहिए। इसलिए कि हसद कैंसर जैसा रोग है जो इंसान को घुटन देकर खत्म कर देता। उन्होंने ये भी कहा हज़रत अली अपने आगे की रोटी गरीब को दे देते। हम अगर आगे की रोटी नहीं दे सकते तो बची हुई ही गरीब को दे दें। यह इंसानियत की पहचान है।

## अमेठी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को धरदबोचा

अमेठी । थाना अमेठी पुलिस ने बारात से चोरी की गई बाइक एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट मोटर साइकिल पर सवार व्यक्ति को रोक कर नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम ओम प्रकाश कश्यप पुत्र रामफल निवासी ग्राम बीरमपुर थाना व जनपद अमेठी बताया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में ओम प्रकाश कश्यप उपरोक्त के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।मोटर साइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका।पूंछतांछ में ओम प्रकाश कश्यप ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल को उनतीस अप्रैल की रात्रि में वह अपने एक साथी आयूष पुत्र ज्ञान प्रकाश यादव निवासी मनिपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिल कर ग्राम मंगापुर जंगलरामनगर में आयी बारात से चोरी किया था तथा आगे की नंबर प्लेट तोड़ दिया था व पीछे की नंबर प्लेट हटा दिया था।

## पुल बने भाषा

इसमें दो राय नहीं कि भाषाई विविधता रंग-बिरंगे फूलों की तरह भारत की खूबसूरती की वाहक है। वहीं यह विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार भी है। यह विडंबना ही है कि राजनीतिक लाभ के लिये क्षेत्रीय भाषा के गौरव के नाम पर हिंदी विरोध का मोर्चा अकसर खोला जाता है। निस्संदेह समय-समय पर उभरने वाले विवाद क्षेत्रीय गर्व और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को ही उजागर करते हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही विवाद में मराठी को व्यवहार में न अपनाने के आरोप लगाकर एक अधिकारी को थप्पड़ मारने का विवाद सामने आया था। कालांतर भाजपा शासित राज्य में मराठी की अनिवार्यता कामकाज में लागू की गई थी। अब ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वार्तालाप करेगा। इस प्रकरण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अकसर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रि-भाषा फार्मूले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है,लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है। राजनीतिक दल इसे हिंदी थोपने और अपनी भाषाई पहचान के लिये खतरा बता रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध की राजनीति का पुराना इतिहास रहा है। खासकर तब से जब हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की कवायद शुरू हुई थी। हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लचीलेपन के साथ इस बात पर जोर देती रही है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। इसके साथ यह भी कि भाषाओं के चयन का मुद्दा राज्य, क्षेत्रों और छात्रों पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं कतिपय राजनीतिक दल आरोप लगाते रहे हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा का व्यावहारिक क्रियान्वयन एक विवादस्पद मुद्दा है। बहरहाल, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय भाषाओं पर इसके प्रभाव और हिंदी के कथित प्रभुत्व को लेकर बहस चल रही है। बहरहाल, इस तरह के विवादों से आगे बढ़ने के लिये आपसी सम्मान और समझ का माहौल बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सार्वजनिक संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी सेवाएं स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों को सांस्कृतिक और भाषाई संवेदनशीलता में प्रशिक्षित किया जाए। निस्संदेह, शैक्षिक नीतियों को पूरे लचीलेपन के साथ लागू किया जाना चाहिए। जिसमें बहुभाषी दक्षता को बढ़ावा देते हुए क्षेत्रीय प्राथमिकताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। निस्संदेह, भारत की भाषाई बहुलता को एक विभाजनकारी कारक के बजाय एक एकीकृत शक्ति के रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। देश की विविध भाषाओं को सहानुभूति और खुलेपन के साथ अपनाकर, हम अपने राष्ट्र के ताने-बाने को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भाषा एक पुल बने, न कि एक बाधा।

# भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण 'अविद्या'

बुद्ध का दुख विश्लेषण विश्वदर्शन में श्रेष्ठतम है। अभिभूत करने वाला है। इसकी अंतिम कड़ी है 'अविद्या'। अविद्या का मतलब मूर्खता नहीं है। सृष्टि-जगत को सार रूप में न जानना ही 'अविद्या' है। भारतीय दर्शन की सभी शीर्ष धाराओं में दुख का मूल कारण 'अविद्या' है। यह बुद्ध दर्शन में भी है। उपनिषद् साहित्य विद्या और अविद्या के विवेचन से से भरा पूरा है। ईशावास्योपनिषद् के नवें, दसवें व ग्यारहवें मंत्रों श्लोकों का विषय 'विद्या और अविद्या' है। कहते हैं, ''अविद्या के उपासक अंधतम लोक में प्रवेश करते हैं। इसी तरह विद्या के उपासक भी अंधेरे में हैं। धीर पुरुषो से सुना है कि विद्या और अविद्या के फल अलग-अलग हैं। जो दोनो को एक साथ जानते है वे अविद्या से संसार-मृत्यु को पार करते हैं और विद्या से अमृत पाते हैं।'' मधुमय जीवन के लिए दोनो का बोध जरूरी है। विद्या मुक्त करती है, अविद्या यानी संसार का ज्ञान संसार को मधुमय प्रीतिमय बनाता है। ऋग्वेद में दोनो हैं। ऋग्वेद के समाज में परम सत्ता की खोज और खेती किसानी साथ-साथ चलती है। परमतत्व की लब्धि चाहिए, लेकिन संसार मायाजाल नहीं है। न अकेली विद्या ठीक, न अकेली अविद्या। शुक्ल पक्ष का आलोक दीपित करता है तो कृष्णपक्ष का अंधकार विश्रामदायी है। मुण्डकोपनिषद में अविद्या को अपरा विद्या और विद्या को परा विद्या कहा गया। श्वेताश्वतरोपनिषद् (5.1) में विद्या और अविद्या की खूबसूरत परिभाषा है -''क्षरं त्वविद्या ह्यमृतं तु विद्या, विद्याविद्ये ईशते यस्तु सोन्यः-जो क्षरणशील-नाशवान है वह अविद्या है, लेकिन सदा सनातन अमृत विद्या है।'' शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में अविद्या ही मिथ्या है। संसार का ज्ञान, घर परिवार भी जरूरी है। ब्रह्म ज्ञान की आकांक्षा इसी संसार की देन है। इसकी प्राप्ति के उपाय इसी जगत में, इसी शरीर और इन्द्रियों की सहायता से होते हैं। ईशोपनिषद के ऋषि ने अलग-अलग आग्रहों को गलत और दोनो के समन्वय को उपयोगी बताया है। अविद्या से सांसारिक कष्ट और मृत्यु कष्ट पार होते हैं। मृत्यु जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीवन के तल पर ही मृत्यु आती है। जीवन न हो तो मृत्यु क्या कर लेगी? लेकिन मृत्यु अचानक नहीं आती। जीवन के प्रत्येक क्षण में मृत्यु है। सर्जन और विसर्जन साथ-साथ चलते हैं। अविद्या से इसी सब का ज्ञान मिलता है। अविद्या सांसारिक बोध, यज्ञ, उपासना, ज्ञान विज्ञान की जानकारियों व जीवन की गतिविधि में सहायक है। विद्या आत्मानुभूति है। कठोपनिषद (1.2.5) में कथा है। कथा के अनुसार यमराज ने जिज्ञासु नचिकेता से कहा, ''अविद्या में संलग्न स्वयं को धीर और पंडित बताते है। वे मूढ़पुरूष अंधे द्वारा ही ले जाए गए अंधमार्ग को प्राप्त होते हैं।'' यहां यमराज धन प्रेमी, संसारवादी लोगों की भी खबर लेते हैं, ''धनमोह, पुत्रमोह, पशु सम्पदा मोह में अंधे हो गए लोग इसी लोक को सच मानते हैं। ऐसे लोग बार-बार मेरे वश (यमराज के पाश में) में ही आते हैं।'' (वही:6) यहां यमराज भी तात्कालिक दार्शनिक बहस के एक पक्षकार है, वे यज्ञ, संसार मोह, सम्पदा मोह, आदि को अंधकार में ले जाने वाला बताते हैं। फिर कहते हैं, ''यह परम तत्व बहुतों को सुनने को भी नहीं मिलता। सुनकर भी बहुत सारे लोग समझ नहीं पाते। जानकार तत्वज्ञानी बहुत कम है, ज्ञानियों में भी आत्मतत्व को प्राप्त सिद्ध बिरले ही हैं।'' (वही:7) दर्शनशास्त्री तर्क को ज्ञान का उपकरण बताते थे। यमराज कहते हैं ''यह तत्व तर्क से नहीं मिलता ऐसा ज्ञान गैरनास्तिक (वेद जानने मानने वाला) अनुभवी विद्वान के पास ही होता है। अविद्या सांसारिक ज्ञान है। अर्थशास्त्र, इतिहास, विज्ञान, खगोल और वैदिक साहित्य भी 'अविद्या' है। दुख का कारण अविद्या है। अविद्या मूल सत्य तत्व पर आवरण है। इच्छाएं अभिलाषाएं और इनसे बनी बुद्धि अविद्या को सच्चा ज्ञान समझती है। अविद्या जनित बुद्धि से विद्याजनित उत्तर समझे नहीं जा सकते। बुद्ध इसीलिए सारभूत प्रश्नों पर मौन रहते थे। अविद्या को माया भी कह सकते हैं। माया सुंदर शब्द है। संस्कृत में 'मा' का अर्थ नहीं है। 'या' का अर्थ है 'जो'। माया अर्थात 'जो' नहीं है। जीवन में सब तरफ 'दो' ही दिखाई

**संसार का ज्ञान, घर परिवार भी जरूरी है। ब्रह्म ज्ञान की आकांक्षा इसी संसार की देन है। इसकी प्राप्ति के उपाय इसी जगत में, इसी शरीर और इन्द्रियों की सहायता से होते हैं। ईशोपनिषद के ऋषि ने अलग-अलग आग्रहों को गलत और दोनो के समन्वय को उपयोगी बताया है। अविद्या से सांसारिक कष्ट और मृत्यु कष्ट पार होते हैं। मृत्यु जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीवन के तल पर ही मृत्यु आती है। जीवन न हो तो मृत्यु क्या कर लेगी? लेकिन मृत्यु अचानक नहीं आती। जीवन के प्रत्येक क्षण में मृत्यु है। सर्जन और विसर्जन साथ-साथ चलते हैं। अविद्या से इसी सब का ज्ञान मिलता है। अविद्या सांसारिक बोध, यज्ञ, उपासना, ज्ञान विज्ञान की जानकारियों व जीवन की गतिविधि में सहायक है। विद्या आत्मानुभूति है। कठोपनिषद (1.2.5) में कथा है। कथा के अनुसार यमराज ने जिज्ञासु नचिकेता से कहा, ''अविद्या में संलग्न स्वयं को धीर और पंडित बताते है। वे मूढ़पुरूष अंधे द्वारा ही ले जाए गए अंधमार्ग को प्राप्त होते हैं।'' यहां यमराज धन प्रेमी, संसारवादी लोगों की भी खबर लेते हैं, ''धनमोह, पुत्रमोह, पशु सम्पदा मोह में अंधे हो गए लोग इसी लोक को सच मानते हैं। ऐसे लोग बार-बार मेरे वश (यमराज के पाश में) में ही आते हैं।'' (वही:6) यहां यमराज भी तात्कालिक दार्शनिक बहस के एक पक्षकार है, वे यज्ञ, संसार मोह, सम्पदा मोह, आदि को अंधकार में ले जाने वाला बताते हैं। फिर कहते हैं, ''यह परम तत्व बहुतों को सुनने को भी नहीं मिलता। सुनकर भी बहुत सारे लोग समझ नहीं पाते। जानकार तत्वज्ञानी बहुत कम है, ज्ञानियों में भी आत्मतत्व को प्राप्त सिद्ध बिरले ही हैं।'' (वही:7) दर्शनशास्त्री तर्क को ज्ञान का उपकरण बताते थे।**

देते हैं। मैं हूं और संसार है। शुभ और अशुभ हैं। दिन और रात हैं। अच्छा और बुरा है। जीवन और मृत्यु है। व्यक्त और अव्यक्त है। ज्ञात और अज्ञात है। ईश्वर और संसार हैं। जीवात्मा और परमात्मा है। दर्शन की भाषा में इसे द्वैत कहते हैं। वैदिक काल और परवर्ती समय में अनेक मत थे। लेकिन मोटे तौर पर दो विचार थे। एक कि परमतत्व का बोध ही प्रकाशदायी है, बाकी सब गलत हैं। दो-कि भौतिक ज्ञान सांसारिक उपलब्धियां, यज्ञ कर्मकाण्ड ही ठीक है। उत्तरवैदिक काल में इसे ''विद्या और अविद्या'' कहा गया। विद्या का अर्थ 'ज्ञान' और अविद्या का अर्थ अज्ञान लिया जाता है लेकिन वैदिक साहित्य में अविद्या का अर्थ अज्ञान नहीं है। वैदिक काल में विद्या सुपरिभाषित थी। इसका अर्थ सत्य की अनुभूति अथवा परमतत्व का ज्ञान था। इसलिए अविद्या का अर्थ ''जो विद्या नहीं है'' से लिया जाना चाहिए। परम सत्य की खोज से जुड़ा ज्ञान विद्या था, शेष सारा व्यावहारिक ज्ञान अविद्या था। विद्या मुक्ति का संधान थी-स विद्या या विमुक्तये। संसार कारण कार्य की श्रंखला है। कारण के अभाव से आगे कार्य नहीं होता। बुद्ध परम स्थिति को प्राप्त कर चुके थे। इसी स्थिति को निर्वाण (पाली भाषा में निब्बान) कहा गया। निर्वाण के बाद कोई ऐषणा नहीं बचती। प्राचीन दर्शन ने इसे मोक्ष कहा। मोक्ष एक लब्धि है। यहां दार्शनिक सवाल उठे कि निर्वाण प्राप्त/मोक्ष प्राप्त व्यक्ति आगे कर्म करता हुआ क्या पुनः 'संस्कार' (दुख) में नहीं फंसेगा? और क्या इसी संस्कार के कारण उसका पुनर्जन्म नहीं होगा? बुद्ध ने दो प्रकार के कर्म बताये-एक आसक्त कर्म जो राग द्वेष आसक्ति से प्रेरित हैं और दूसरे अनासक्त कर्म-जिनमें फल प्राप्ति की कोई इच्छा नहीं होती। गीता का केन्द्रीय विचार भी अनासक्त कर्म है। बुद्ध ने खेती किसानी का खूबसूरत उदाहरण दिया, एक बीज सामान्य है, वह भूमि पर गिरेगा, तो दोबारा उगेगा (पुनर्जन्म होगा) दूसरा भुना हुआ बीज है, वह भूमि पर गिरकर भी नहीं उगता। निर्वाण प्राप्त व्यक्ति भुने बीज जैसा हैं। क्या अनासक्ति मुक्त करती है या मुक्त व्यक्ति अनासक्त होते हैं? शंकराचार्य के दर्शन में अज्ञान के आवरण के हटते ही व्यक्ति सत्य को उपलब्ध हो जाता है। गीता में सृष्टि संचालन की प्राकृतिक कार्रवाई में सहयोग करने को यज्ञ बताया गया। (8.14) गीता में श्रीकृष्ण ने कहा ''मुक्त पुरुष को भी लोकसंग्रह के निमित्त अपना कर्म करते रहना चाहिए सामान्य जन श्रेष्ठजनों का अनुकरण करते है। (3.21) कृष्ण ने यह भी कहा कि मुझे कोई आकांक्षा नहीं है। दुनिया की कोई भी वस्तु ऐसी नहीं है, जो मुझे प्राप्त नहीं है तो भी मैं सतत कर्मरत रहता हूँ। मैं काम न करूं तो सृष्टि संचालन की कार्रवाई बाधित होगी और लोग मेरा अनुसरण करके आलस्य में जाएंगे।'' (3.22-24) बुद्ध ने भी लोकसंग्रह के निमित्त परम्परा का अनुसरण करते हुए निर्वाण के बाद भी सतत कर्म जारी रखा। बुद्ध के दृष्टिकोण से कर्मबन्धन 'संस्कार' बनते हैं। संस्कार से पुनर्जन्म होते हैं। ईशावास्योपनिषद् का ऋषि समूची सृष्टि को परमतत्व आच्छादित देख रहा था। प्रश्न यह था कि क्या परम तत्त्व की लब्धि के बाद भी काम करते रहना चाहिए? उपनिषद्कार ने कहा कि इस सृष्टि को परमतत्व से आच्छादित देखते हुए लगातार कर्मरत 100 वर्ष तक जीने की इच्छा करने से कर्म बन्धन नहीं लगते-एवं त्वपि नान्यथे तो?स्ति न कर्म लिप्यते नरे (मंत्र 2) इसके अतिरिक्त कर्मबंधन से मुक्ति का कोई मार्ग नहीं है। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# पाकिस्तान जल के लिए तरसने की कगार पर

**संजीव ठाकुर**

जल यानी पानी की एक-एक बूंद कितनी महत्वपूर्ण है जिसकी कीमत सबसे ज्यादा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर पाकिस्तान जैसे नापाक देश को बहुत अच्छे से समझा दिया है। पाकिस्तान में जल बम बनकर फूटा है वहां 90: कृषि तथा अन्य कार्य सिंधु के जल पर अवलंबित हैं,जल की एक-एक बूंद को जब पाकिस्तान तरसेगा तब उसे समझ में आएगा कि आतंकवाद से ज्यादा घृणित कोई काम नहीं हो सकता और पानी की अहमियत से ज्यादा जिंदगी में कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं हो सकती। पाकिस्तान जल की एक बूंद के लिए तरस जाएगा तब उसे जल का महत्व समझ में आएगा। जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैसपृथ्वी की सतह का लगभग 70: भाग जल से आच्छादित हैसपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97: समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है स बहुत कम मात्रा का जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध दवद-हवअमतदउमदजंस ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

## सेहत मंत्र

### खराब दांतों के कारण भी हो सकता है जीभ का कैंसर

कैंसर एक घातक बीमारी है। जिसका नाम सुनते ही अक्सर लोग घबरा जाते हैं। दुनियाभर में हर वर्ष कैंसर के कारण कई लोगों की मृत्यु होती है, लेकिन ऐसा नहीं है कि कैंसर का मतलब सीधा मौत है। समय पर कैंसर का पता चलने पर इसका इलाज संभव है। आज लगभग कैंसर के सौ से भी ज्यादा प्रकारों को खोजा जा चुका है, उन्हीं में से एक है जीभ का कैंसर। जीभ के कैंसर होने के कई कारण हो सकते हैं जिसमें मुंह और दांतों की सफाई प्रमुख है। मुंह और दांतों के सफाई में लापरवाही बरतने के कारण जीभ व मुंह के कैंसर की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। आंकड़ो को देखा जाए, तो देश में लगभग 5 से 10 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो दांतो की सफाई के प्रति लावरवाही बरतते हैं। जिसके कारण उनमें मुंह व जीभ के कैंसर का खतरा बढ़ता है। आइए हम आपको बताते हैं कि कैसे दांतों की सफाई को नजरअंदाज करने से जीभ व मुंह के कैंसर का खतरा अधिक बढ़ता है। टूटे व खराब दांत आपके लिए कैंसर का खतरा बन सकते हैं। टूटे व खराब दांतों के बीच अक्सर खाना फंस जाता है, जिसके कारण उनकी कई बार सही से सफाई नहीं हो पाती। जिसके कारण जीभ व मुंह के कैसर के जोखिम बढ़ जाते हैं। इसलिए दांतों की सही व नियमित रूप से सफाई करना बेहद जरूरी है। आंकडों के अनुसार, पिछले 5 से 6 सालों में भारत में मुंह के कैंसर के खतरे ज्यादा बढ़ गये हैं। मुंह व जीभ के कैंसर के खतरे को कम करने के लिए दांतों की दैनिक स्वच्छता जरूरी है। तंबाकू का सेवन करना मुंह व जीभ के कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। तंबाकू, गुटका, खैनी खाने से आपको मुंह व पाचन ग्रंथि के कैंसर का खतरा बढ़ुता है। अधिकतर मुंह के कैंसर से पीड़ित लोगों में तंबाकू या बीड़ी-सिगरेट ही कैंसर की वजह पाई गई है। क्योंकि इन उत्पादों से शरीर में कैंसर उत्पादक तत्व प्रवेश करते हैं और फिर आगे जाकर यह कैंसर का कारण बनते हैं। इसलिए बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति आपके आस-पास धूम्रपान भी करता है, तो वह आपके लिए खतरा है। क्योंकि धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को जितना खतरा होता है, उतना ही उसके आस-पास रहने वाले व?यक्ति को भी होता है।

## धर्म मंत्र

### महामृत्युंजय मंत्रः अकाल मृत्यु से मिलती है मुक्ति

महामृत्युंजय मंत्र भगवान महाकाल यानी भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनसे अकाल मृत्यु से मुक्ति का वरदान पाने के लिए है। इस मंत्र के जाप से भक्तों को असाध्य रोगों से मुक्ति भी मिलती है। इस मंत्र की उत्पत्ति की एक कथा है, जो भगवान महाकाल की कृपा से जुड़ी है। **महामृत्युंजय मंत्र:- ॐ हौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ओम त्रयम्बकम् यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरोम जूं सः।** जब भी इस मंत्र का उच्चारण करें तो शुद्धता का ध्यान रखें। हमेशा शुद्ध उच्चारण ही करें। इस मंत्र के कई प्रकार हैं, लेकिन कोई भी व्यक्ति उपरोक्त मंत्र का जाप करके अपनी मनोकामना पूर्ति कर सकता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ऋषि मृकण्डु और उनकी पत्नी मरुद्मति ने पुत्र की प्राप्ति के लिए कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनको दर्शन दिए और उनकी मनोकामना पूर्ति के लिए दो विकल्प दिए। पहला- अल्पायु बुद्धिमान पुत्र दूसरा-दीर्घायु मंदबुद्धि पुत्र। इस पर ऋषि मृकण्डु ने अल्पायु बुद्धिमान पुत्र की कामना की। जिसके परिणामस्वरूप मार्कण्डेय नामक पुत्र की प्राप्ति हुई। उनका जीवन काल 16 वर्ष का था। वे अपने जीवन के सत्य के बारे में जानकर भगवान शिव की पूजा करने लगे। मार्कण्डेय जब 16 वर्ष के हुए तो यमराज उनके प्राण हरने आए। वे वहां से भागकर काशी पहुंच गए। यमराज ने उनका पीछा नहीं छोड़ा तो मार्कण्डेय काशी से कुछ दूरी पर कैथी नामक गांव में एक मंदिर के शिवलिंग से लिपट गए और भगवान शिव का अह्वान करने लगे। मार्कण्डेय की पुकार सुनकर देवों के देव महादेव वहां प्रकट हो गए। भगवान शिव के तीसरे नेत्र से महामृत्युंज मंत्र का उत्पत्ति हुई। भगवान शिव ने मार्कण्डेय को अमरता का वरदान दिया, जिसके बाद यमराज वहां से यमलोक लौट गए।

पर्यटन



# गर्मियों के सीजन में घूमने के लिए गुलमर्ग की हसीन वादियां बेस्ट

कश्मीर के गुलमर्ग की खूबसूरती तस्वीरों से कहीं ज्यादा अलग और खास है जिसे यहां आकर आप अच्छी तरह से महसूस कर पाएंगे। पूरे साल यहां दुनियाभर से आने वाले टूरिस्ट्स की भीड़ देखी जा सकती है। हनीमून से लेकर एडवेंचर, सोलो, फैमिली हर तरह के ट्रिप के लिए गुलमर्ग है बेहतरीन डेस्टिनेशन। क्योंकि गर्मियों का सीज़न यहां घूमने के लिहाज से बेस्ट होता है तो अगर आप यहां की प्लानिंग कर रहे हैं तो किन जगहों को करें अपने प्लान में शामिल, जानते हैं। गुलमर्ग से 13 किमी दूर स्थित है ये खूबसूरत झील। आसपास बर्फ से ढके पहाड़ के साथ झील का नज़ारा देखना बहुत ही अनोखा एक्सपीरियंस होता है। तो इसे भी अपने प्लान में शामिल करें। श्रीनगर से 48 किमी दूर स्थित गुलमर्ग बायोस्फियर रिजर्व आकर आप गुलमर्ग के दूसरे हिस्से की खूबसूरती एक्सप्लोर कर सकते हैं। समुद्रतल से 2400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस जगह आकर आप हिमालयन कस्तूरी मृग, लाल लोमड़ी, ब्लैक एंड ब्राउन बियर जैसे जीव-जंतुओं को देख सकते हैं। और तो और गुलमर्ग आकर माइग्रेटरी बर्ड्स की भी अच्छी-खासी तादाद देखी जा सकती है। राजेश खन्ना और मुमताज स्टारर 'आप की कसम' फिल्म में आपको महारानी मंदिर की झलक देखने को मिलेगी। जिसके बाद से ये यहां का पॉप्युलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर गुलमर्ग में एक पहाड़ी के ऊपर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि मंदिर का निर्माण कश्मीर के राजा हरी सिंह की पत्नी रानी मोहिनी बाई सिसोदिया ने करवाया था इसी वजह से इसका नाम रानी मंदिर पड़ा। गुलमर्ग के नज़दीक ही एक और बहुत ही खूबसूरत और देखने लायक जगह है खिलनमर्ग। गुलमर्ग से महज 4 किमी तक का सफर तय करके आप यहां तक पहुंच जाएंगे। गर्मियों में ये पूरी घाटी फूलों से सजी होती है। खिलनमर्ग की ट्रैकिंग भी उतनी मुश्किल नहीं, टॉप पर पहुंचकर नंगा पर्वत के साथ ही नन और कुन पर्वत के नज़ारे को भी देख सकते हैं।

# संविधान बचाओं सम्मेलन में उमड़ी भीड़, तनुज ने जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस : तनुज

बाराबंकी। सासंद तनुज पुनिया ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नही बल्कि ये भारत के करोड़ों नागरिकों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आजादी की गारण्टी है। आज जब देश में संविधान के मूल तत्वों को कमजोर करने की साजिसें रची जा रही है तब कांग्रेस पार्टी संघर्ष करके संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही हैं। और आज हमारे लोकसभा क्षेत्र की जनता ने संविधान बचाओं सम्मेलन में ऐतिहासिक भागीदारी निभाकर ये साबित कर दिया है कि, वो संविधान को बचाने के लिये जागरूक है। अभी ये शुरूआत है हम रूकेंगे नही जबतक क्षेत्र का अन्तिम नागरिक भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही हो जाता है, तबतक हम लड़ते रहेंगे-संविधान के लिये, लोकतन्त्र के लिये और भारत की आत्मा के लिये।

कांग्रेस नेता श्री पुनिया स्थानीय गन्ना संस्थान परिसर में आयोजित संविधान बचाओं सम्मेलन में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों युवाओं वरिष्ठ नागरिकों किसान भाईयों महिलाओं और सामाजिक संगठन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन मीडिया प्रभारी सरजू शर्मा तथा राम हरख रावत ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपदीय प्रदेशीय क्वार्डिनेटर अतुल सिंह मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि, जननायक राहुल गांधी एक अकेले राजनेता हैं जो पूरी ताकत और ऊर्जा से भाजपा से और बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। संविधान बचाओं सम्मेलन करने का उद्देश्य न केवल वर्तमान राजनीतिक परिस्तिथियों में संविधान की मूल आत्मा की रक्षा करना था बल्कि आम जनमानस को उसके संवैधानिक अधिकारों कर्तव्यों और लोकतान्त्रिक संरचना के प्रति जागरूक करना था। ये संविधान बचाओं सम्मेलन हम विधानसभा वार आयोजित करके आवाम को संविधान के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। सम्मेलन में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, क्वार्डिनेटर अतुल सिंह, सरजू शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, केसी श्रीवास्तव, आदर्श पटेल, फरहान वारसी, रमाकान्त मौर्या, मोहम्मद इजहार एडवोकेट, श्रीमती चित्रा वर्मा, रामानुज यादव, कमल भल्ला, शबनम वारिस, विजयपाल गौतम, शिव शंकर शुक्ला, अजय रावत, राम हरख रावत, सिकन्दर अब्बास, जमील प्रमुख, देवेन्द्र सिंह मोनू, प्रशान्त सिंह, रमेश कश्यप, शिव बहादुर वर्मा, जयन्त गौतम, वीरेन्द्र प्रताप यादव, धनन्जय सिंह, प्रेम नारायण शुक्ला, आरडी राव, दानिस खान, मोईनुद्दीन अंसारी, राजेन्द्र सोनी, फैसल सभासद, नसरा खातून, सकीरा बेगम, रेशमा खालिद, लालमती, राधिका, सरोज देवी, भानुमती, अंजू, संगीता, शीला, भस्मा प्रसाद मिश्रा, मोहम्मद जीशान, सौरभ पाण्डेय, अखिलेश वर्मा, बाबा सन्त शरण वर्मा, जलालुद्दीन गुड्डू, सियाराम यादव, आरके तिवारी सुरेश यादव, मोहम्मद शुऐब, गुड्डू गौतम, गोपी कनौजिया, आनन्द रावत, त्रिभुवन यादव, तौकीर अहमद सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# रामनगर की कुश बेहटा गौशाला की हालत बदतर, सचिव की लापरवाही पर बेजुबान पशु हो रहे हैं बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । कुश बेहटा गांव स्थित गौशाला की दुर्दशा अब जगजाहिर होती जा रही है। तीन दिनों से सफाई न होने और समय पर चारा-पानी न मिलने के चलते रविवार को गायों और सांडों की हालत दयनीय दिखी। सुबह 11 बजे तक न तो चारा पहुँचा और न ही ताजा पानी की व्यवस्था की गई थी।

इस अव्यवस्था का मुख्य कारण ग्राम प्रधान और सचिव के बीच चल रहा विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सचिव रविंद्र और ग्राम प्रधान दिलीप के बीच बीते सप्ताह चारा और पशु आहार को लेकर तीखी बहस हो गई थी। आरोप है कि सचिव ने प्रधान को अपमानजनक शब्द कहे, जिससे प्रधान ने गौशाला की जिम्मेदारी से स्वयं को अलग कर लिया। प्रधान का कहना है कि सचिव ही अब व्यवस्था देखें क्योंकि उन्होंने स्वयं कहा है कि ''प्रधानी अब जाने वाली है और वही यहाँ बने रहेंगे।''

ग्रामवासियों का आरोप है कि सचिव रविंद्र की तैनाती पांच वर्षों से रामनगर ब्लॉक में है और वे 11 ग्राम पंचायतों में मनमानी कर रहे हैं। इब्राहिमपुर, भैरमपुर और महादेवा सहित कई पंचायतों के प्रधान उनसे नाराज हैं। कहीं ई-रिक्शा गायब है तो कहीं गंदगी से जनजीवन प्रभावित है।

कुश बेहटा गौशाला में पंद्रह दिनों के भीतर दो बार ऐसा हुआ है जब लगातार तीन-तीन दिनों तक सफाई नहीं हुई। रविवार को भी केयरटेकर टिनशेड के नीचे सुस्ताते नजर आए और पशुओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

प्रमुख प्रतिनिधि शेखर ह्यारण ने बताया कि सचिव रविंद्र के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं और जल्द ही उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चर्चा है कि सचिव बीडीओ के खासमखास माने जाते हैं, इसी कारण प्रधानों की बातों को तवज्जो नहीं दी जा रही है ।

# एग्री स्मार्ट फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा है पक्षियों के संरक्षण का अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सद्धौर बाराबंकी एग्री स्मार्ट फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे पक्षियों के संरक्षण हेतु ''दाना-पानी अभियान'' के अंतर्गत आज ग्राम सुहावा, विकासखंड सिदौर, में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया और अपने हाथों से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की। कार्यक्रम में कहा कि ''गर्मी के इस मौसम में पक्षियों के लिए जल और आहार की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि हमारी मानवीय संवेदनाओं को भी उजागर करता है।'' उन्होंने संस्था के अन्य पदाधिकारियों और ग्रामीणों से भी इस प्रयास को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र, आदित्य वर्मा और सिद्धार्थ वर्मा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे एग्री स्मार्ट फाउंडेशन द्वारा यह अभियान एक सप्ताह तकविभिन्न ग्रामों में संचालित किया जा रहा है ।

# जनसत्ता दल की बैठक नयी कार्यकारिणी गठित, मिशन 2027 की जोरदार तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में नई कार्य समिति का गठन सर्व सम्मति से सम्पन्न हुआ।जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी एवं प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी।

जनसत्ता दल की नई कार्यसमिति में राहुल शुक्ला, कलीम खान, नरेंद्र प्रताप सिंह को जिला महासचिव ,प्रदीप जायसवाल को कोषाध्यक्ष ,छात्र प्रकोष्ठ में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण जायसवाल ,प्रधान महासचिव प्रेम प्रकाश सिंह ,किसान प्रकोष्ठ में विमलेश वर्मा ,शुभंकर सिंह को जिला महासचिव,अधिवक्ता प्रकोष्ठ में अधिवक्ता वीरेंद्र श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष , संतोष कुमार श्रीवास्तव को प्रधान महासचिव ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में इम्तियाज अहमद प्रधान महासचिव ,शाहनवाज हुसैन,आसिफ अली जिला महासचिव के साथ ही दीपचंद सोनी ,अजय सिंह, अजय दास, अरविंद प्रताप सिंह जय पाण्डेय को जिला सचिव ,बबलू यादव, शशांक वर्मा, विजय शंकर सोनी को उपसचिव ,पवन कुमार सिंह जिला सचिव (किसान प्रकोष्ठ) , दुर्गेश वर्मा ,अभय सोनी को महासचिव (छात्र प्रकोष्ठ),अभय प्रताप सिंह, जीशान अहमद ,अर्पित सिंह को जिला सचिव (छात्र प्रकोष्ठ) ,साहिबे आलम, मोहम्मद अली ,महफूज अली को जिला सचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ)का दायित्व सौंपा गया। जिला अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी ने कहा क़ि जनपद में जनसत्ता टीम जो हमेशा जनहित के कार्यों में लगातार सक्रिय रहती है जिसके कारण बहुत कम समय में पार्टी ने जनपद में एक मजबूत स्थिति बनाई है। जिला प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भईया के विचार साझा कर बताया कि राजा भैया राजनीत नही बल्कि सेवा नीति की भावना से कार्य करते है। उसी विचारधारा के अनुरूप पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी कार्यकर्ता उसी भावना से कार्य करता है। आगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी मजबूती से अपना प्रत्याशी को लड़ा सके।

## ओवरटेक विवाद में मारपीट, एक गंभीर घायल, मुकदमा दर्ज

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को कार के आगे बाइक ओवरटेक करने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट में बदल गया। इस घटना में दो लोग घायल हुए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

तुनिहा निवासी अमरकेश अपने मित्र मनोज कुमार (निवासी अकबरपुर) के साथ सिद्धौर जा रहे थे। मदारपुर चौराहे के पास उनकी कार से ओवरटेक को लेकर बुधनाई निवासी राजकुमार और पिंटू से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पिंटू और राजकुमार ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने अमरकेश और मनोज पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें अमरकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल अमरकेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अतिरिक्त थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

## महमूदाबाद के पटेल नगर में सात दिन से बिजली गुल, नाराज़ लोगों ने पावर हाउस का किया घेराव

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के महमूदाबाद कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर अमीरगंज लखनऊ क्रॉसिंग क्षेत्र में पिछले सात दिनों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। बिजली न आने से क्षेत्र की लगभग ढाई हजार की आबादी भीषण गर्मी और पानी की किल्लत से परेशान है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी मौन हैं और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। बिजली न होने के कारण न सिर्फ आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, बल्कि स्थानीय व्यवसाय भी पूरी तरह ठप हो गए हैं। दुकानदारों और छोटे कारोबारियों की रोजी-रोटी पर संकट आ खड़ा हुआ है।

बिजली संकट से नाराज़ व्यापारियों और आम नागरिकों ने रविवार को पावर हाउस पहुंचकर घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सेवा से बर्खास्त

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड एवं शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय वसैगापुर मे तैनात रहे प्रधानाध्यापक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार बिना कारण एवं स्वीकृत अवकाश लम्बे समयांतराल से अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने सेवन नियमावली के तहत कड़ी कार्रवाई में अनिल कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

## समर कैंप में विद्यार्थियों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीकें

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों में 21 दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत आज का दिन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कौशलों को समर्पित रहा। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित गतिविधियों की शुरुआत प्रातः आधा घण्टे के योग एवं व्यायाम सत्र से हुई। प्रशिक्षित योगाचार्यों व शिक्षकों के निर्देशन में छात्रों ने विभिन्न आसनों के साथ मानसिक संतुलन, ध्यान व शरीर की लचीलापन बढ़ाने के अभ्यास किए। इसके पश्चात विद्यालयों में स्थानीय पीएचसी व सीएचसी के चिकित्सकों, रेडक्रॉस प्रतिनिधियों तथा स्काउट गाइड प्रशिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों को बुनियादी जीवन रक्षण तथा आकस्मिक चिकित्सा में उपयोग आने वाली प्राथमिक दवाइयों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने यह सीखा कि आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए सीपीआर किस प्रकार किया जाता है, घाव, बेहोशी, जलन आदि की प्राथमिक चिकित्सा कैसे दी जाती है, तथा कौन-कौन सी सामान्य दवाएं तुरंत उपयोगी हो सकती हैं। यह जानकारी न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई।बाराबंकी जनपद का यह समर कैंप विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में एक संतुलित और प्रभावशाली पहल बन चुका है।

# भव्य तिरंगा यात्रा जयघोष शौर्य को सलाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मसौली बाराबंकी देशभर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता जवानों के उत्साह वर्धन उद्देश्य से तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है।इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई।तिरंगा यात्रा बड़ागांव क्रासिंग स्थित अखिल गुप्ता के प्रतिष्ठान से शुरू होकर बड़ागांव चौराहा और अन्य मार्गों से होते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि संस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजकुमार सोनी कहा कि इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न देश के ऊपर ऐसी कार्रवाई की गई।इस यात्रा में भारतीय सेना के जयघोष के साथ मंडल महामंत्री जिला प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र , वरिष्ठ पदाधिकारी देवी शंकर सोनी बूथ अध्यक्ष सुरजन सिंह व राकेश कुमार तथा युवा कार्यकर्ता सोनू गुप्ता , कम्पनी जयसवाल नैतिक गुप्ता , रमन कुमार , सुधीर कुमार समेत मंडल के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## निर्माण पर करोड़ों खर्च, खंडहर में तब्दील आईटीआई

रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर चाचू सराय में करोड़ों की लागत से बना आईटीआई कॉलेज लापरवाही के कारण खंडहर होता जा रहा है।यह कॉलेज पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा की पहल पर बना था किन्तु इसका संचालन आज तक नहीं हो पाया है।परिसर में झाड़ियां उग आई हैं एसी और भवन की हालत खराब हो रही है।स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने मांग की है कि कॉलेज का संचालन जल्द शुरू कराया जाए ताकि युवाओं को बाहर न विचरण ना करना पड़े।

## संदिग्धावस्था में फंदे से झूलता मिला युवक का शव, हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### प्रेम प्रसंग की चर्चा जोरों पर जांच में जुटी पुलिस

रामसनेहीघाट बाराबंकी। के कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के निहाली शुक्लन पुरवा उमरपुर तालुक गांव के एक नवयुवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला । युवक की अभी दस दिनों पूर्व ही शादी हुई थी और वह एक राजनीतिक पार्टी का पदाधिकारी भी था ।इस घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।मृतक के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान और उनकी पत्नी पर हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाया है ।कोतवाली क्षेत्र के निहाली शुक्लन पुरवा उमरापुर तालुक गांव निवासी सत्यम मिश्रा (25) पुत्र स्व.ओम प्रकाश मिश्र ने देर रात पत्नी से शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था ।काफी देर बीतने के बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो चिंतित पत्नी ने परिजनों को यह बात बताई ।इस पर परिजन उसकी तलाश करने लगे । परिजन जब तलाश करते हुए घर के पास रखे टीन शेड के पास पहुंचे तो अंदर बल्ली में गमछे के फंदे से उसका लटकता शव देख सभी के होश उड़ गए ।परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे ।परिजनों के करुणक्रंदन से मौके पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई ।इसी बीच मृतक के चाचा अमित कुमार मिश्र की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम को भेज दिया ।मृतक सत्यम मिश्र की अभी 14 मई को ही शादी हुई थी।घटना के बाद से उसकी पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है ।वह बीच बीच में बेहोश हो जाती है ।इस घटना से पूरा गांव मर्माहत है ।मृतक सत्ता धारी पार्टी का पदाधिकारी भी था ।मृतक के चाचा ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के ही आशीष मिश्र और उनकी पत्नी भावना व अन्य पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया था परिजनों के द्वारा दिए तहरीर पर काफी समय बाद मुकदमा दर्ज किया समाचार लिखे जाने तक परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहने के चलते अंतिम संस्कार नहीं हो सका था ।

# किसान नेता से मिले चौपाल संयोजक रामबाबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। एक राष्ट्र, एक चुनाव के महत्वपूर्ण मुद्दे पर आज राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित से भेंट कर समर्थन के लिए विशेष चर्चा की।बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की व्यवस्था और चुनाव आयोग के महत्वपूर्ण एजेंडे को आपके द्वारा पूर्ण रूप से समर्थन का आश्वसन मिला म्श्री दीक्षित जी लम्बे समय से किसान राजनीति में सक्रिय हैं और किसानों की आवाज़ को सशक्त रूप से उठाते आरहे हैं। साथियों ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि इससे बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले समय, संसाधन और खर्च की भी बचत होगी। यह परिवर्तन देश की राजनीतिक स्थिरता, विकास गति और जनहित के निर्णयों को शीघ्रता से लागू करने में भी सहायक सिद्ध होगा। आप सभी का सकारात्मक दृष्टिकोण और समर्थन इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## बांध बचाव कार्य में तेजी, अधिकारियों की सघन निगरानी

रामनगर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निरीक्षण के बाद बांध बचाव परियोजनाओं के कार्यों में तेजी आ गई है। कुसौरा में रिवेटमेंट कार्य की रिपेयरिंग जारी है। कट बोल्डर मंगवाए गए हैं जिन्हें जाल में लगवाया जा रहा है। गत दिनों मंत्री के निरीक्षण के दौरान बोल्डर पत्थरों में आए गैप पर नाराजगी जताई गई थी। उन्होंने निर्देश दिए थे कि छोटे पत्थरों को हटाकर मानक अनुसार बड़े बोल्डर व कट पत्थर लगाए जाएं। शनिवार को कुसौरा में के.के. ट्रेडर्स द्वारा लांचिंग एप्रन पर रिवेटमेंट कार्य की रिपेयरिंग मजदूरों के माध्यम से करवाई जा रही थी। मजदूर जाल खोलकर मानक वाले पत्थर अंदर डाल रहे थे, जबकि छोटे और बड़े बोल्डर अलग निकालकर रख दिए गए हैं ताकि आवश्यकता अनुसार प्रयोग किए जा सकें।

# अखिलेश के नेतृत्व में सपा का बढ़ रहा है कारवां : धर्मराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए रविवार को सपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता और सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव के नेतृत्व में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राबिया बेगम ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर विधायक धर्मराज ने अपने संबोधन में राबिया बेगम का समाजवादी पार्टी के प्रति आस्था जता कर समाजवादी परिवार में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया।विधायक धर्मराज ने कहा कि राबिया बेगम ने प्रशानिक अधिकारी के तौर पर प्रदेश की सेवा की है उनके अनुभव से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी को ताकत मिलेगी। इस अवसर पर राबिया बेगम ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिले के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के परिदृश्य में समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मकसद पिछड़ों,दलितों,वंचितों,शोषितों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ कर उनका हक और अधिकार दिलाना है महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध अगर कोई आवाज उठाने का काम कर रहा है तो वो सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव है।सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज व सपा नेता सुरेन्द्र सिंह ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेन्द्र सिंह वर्मा चेयरमैन प्रति,अरविंद यादव,प्रीतम सिंह वर्मा,हुमायूं नईम खान, ताज बाबा,मो आसिफ,संदीप प्रजापति,नसीम कीर्ति,विनय यादव,दानिश सिद्दीकी,राजेश वर्मा,बाबुल मिश्रा,विनय यादव,मो अफाक,आजम मलिक,श्रीमती पूनम यादव,श्रीमती रजनी यादव,श्रीमती सुरजा यादव,श्रीमती डिंपल रावत,आशा गौतम,उषा यादव, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आईपीएल प्लेऑफ से शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से

एजेंसी

जयपुर। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगायेंगे। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके। पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा।




पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं। पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते है तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी। पंजाब किंग्स शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का बचाव करने में असफल रहने के बाद अपनी गेंदबाजी में खामियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी। इस मामले में हालांकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी दिख रहा है। बुमराह ने इस आईपीएल के इस सत्र में सिर्फ नौ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। उन्होंने चोट के कारण तीन महीने तक खेल से दूर रहने के बाद फॉर्म और फिटनेस में वापसी का संकेत दे दिया है। मुंबई इंडियंस के अन्य गेंदबाजों ने भी इस विभाग में बराबरी से जिम्मेदारी साझा की है। ट्रेंट बोल्ट (जो 19 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं) और दीपक चाहर (11 विकेट) की नये गेंदबाजों की जोड़ी ने शुरुआती ओवरों में विकेट चटकाकर बुमराह काम थोड़ा आसान कर दिया है। हार्दिक पंड्या ने मिचेल सेंटनर और विल जैक्स जैसे स्पिनरों के साथ अच्छा तालमेल दिखाया है जिससे मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी लाइन-अप पंजाब किंग्स के मुकाबले और भी घातक बन जाती है। अर्शदीप सिंह (16 विकेट) और युजवेंद्र चहल (14 विकेट) मामूली चोट के कारण पिछला नहीं खेल पाए थे। इन दोनों को मार्को यानसेन (14 विकेट) के साथ मिलकर मुंबई इंडियंस की मजबूत बल्लेबाजी को रोकने के लिए कारगर योजना पर काम करना होगा। सूर्यकुमार यादव (583 रन) और श्रेयस अय्यर (488 रन) अपनी-अपनी टीमों के बल्लेबाजी क्रम के अहम स्तंभ रहे हैं। आईपीएल अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है ऐसे में इन दोनों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखनी होगी। पंजाब को अपने सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी प्रभसिमरन सिंह (486) और प्रियांश आर्य (362) से मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी।

# हेजलवुड आईपीएल प्लेऑफ से पहले आरसीबी से जुड़े

एजेंसी

लखनऊ। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड इंडियान प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रविवार को अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़ गये। आरसीबी को प्लेऑफ से पहले लीग चरण में मंगलवार को यहां अपना आखिरी मुकाबला खेलना है। हेजलवुड की वापसी से टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत होगा। भारत और पाकिस्तान के सैन्य संघर्ष के कारण आईपीएल के एक सप्ताह तक निलंबित होने के बाद हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गये थे। वह इस दौरान वह कंधे की मामूली चोट से भी जूझ रहे थे। जिससे अब पूरी तरह से उबर चुके हैं। हेजलवुड ने आरसीबी की ओर से जारी वीडियो में कहा, '' यह निश्चित रूप से शानदार है कि मैं वापस आ गया हूं। घर पर कुछ सप्ताह बिताना अच्छा रहा। मैंने ब्रिस्बेन में गेंदबाजी का काफी अभ्यास किया। उन्होंने कहा, '' सब कुछ अच्छा है।



उम्मीद है कि फिर से गेंदबाजी शुरू कर पाउंगा। कल अभ्यास सत्र के दौरान मैदान पर उतरने का इंतजार है। यह 34 वर्षीय अनुभवी गेंदबाज ब्रिस्बेन में अभ्यास कर रहा था जो अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की तैयारी का हिस्सा है। उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम द्वारा निगरानी में रखा गया था। आरसीबी ने भी हेजलवुड की प्रगति पर नजर रखा हुआ था। वह इस सत्र में 10 मैचों में 18 विकेट के साथ टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। आरसीबी पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है।

# बहुत समय से टेस्ट टीम में वापसी का इंतजार था : करुण नायर

एजेंसी

जयपुर। पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के आखिरी मैच में छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था। आठ साल बाद टेस्ट टीम में लौटे नायर ने 27 गेंद में 44 रन बनाये। दिल्ली ने जीत के लिये 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय नायर को 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। उन्होंने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर ने मैच के बाद कहा कि शानदार लग रहा है और हम इसके



हकदार थे। हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन इस मैच में हमने दिखा दिया कि हमारी टीम अच्छी थी लेकिन कुछ मैच खराब गए। अपने प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा ,'' मैं काफी रन बनाकर आईपीएल में आया था। आत्मविश्वास की कमी नहीं थी। पारी में बहुत जल्दी बड़े शॉट खेल रहा था जिस पर कोच ने अपना समय लेकर फिर आक्रामक खेलने की सलाह दी। नायर को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है।

# श्रीकांत का मलेशिया मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हारकर उप विजेता रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनके खिताब का सूखा खत्म नहीं हो सका। चोटों और मौकों को गंवाने के बाद वापसी करने वाले 32 वर्षीय श्रीकांत ने छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफायर से शुरूआत करने के बाद फाइनल तक पहुंचे इस भारतीय का शानदार अभियान 36 मिनट में दूसरे वरीय शी फेंग से 11-21 9-21 से मिली हार से खत्म हो गया। वह शी फेंग के मजबूत रक्षण को भेदने में संघर्ष करते दिखे और शुरुआती मौकों को भुनाने में भी असफल रहे। श्रीकांत ने मैच के बाद कहा, ''यह सप्ताह काफी अच्छा रहा। यह मेरा सत्र का



तीसरा टूर्नामेंट है, पहले दो टूर्नामेंट में भी मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिली। अब तक जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं काफी खुश हूं। आज मैं जिस तरह से खेलना चाहता था, वैसा नहीं हुआ, लेकिन वह (शी फेंग) काफी अच्छा खेला। उन्होंने कहा, ''मेरे करियर में एक ऐसा समय था जब मैं वहां खड़े रहने का आदी था और फिर काफी समय बीत गया। इसलिए पोडियम पर वापस आना वाकई खास लगता है। इस हार के बावजूद यह उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया। वह इस महीने की शुरुआत में विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर खिसक गये थे। उन्होंने शानदार कौशल से दुनिया को अपनी क्षमता का अहसास कराया। श्रीकांत पिछली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर 2019 में इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह तब भी उपविजेता रहे थे। वह 2021 विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक विजेता रहे थे। श्रीकांत ने शुरुआत में गलतियां की जिससे वह अंक गंवा बैठे और शी फेंग 6-3 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी के बैकहैंड पर सीधे स्मैश से प्रतिद्वंद्वी 8-5 तक पहुंच गया। श्रीकांत के नेट पर स्मैश ने चीनी खिलाड़ी को ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त दिला दी। सहज गलतियों से श्रीकांत को नुकसान पहुंचा। उनके दो लूज शॉट लंबे चले गए और ली फेंग ने सटीक क्रॉसकोर्ट विनर से जवाब दिया जिससे स्कोर 14-8 हो गया। श्रीकांत ने 10-16 से पीछे थे और ली फेंग ने लगातार 'डाउन-द-लाइन' स्मैश से 16 मिनट में शुरुआती गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने हालांकि बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन कड़ी रैलियों के बावजूद उनके स्ट्रोक्स अक्सर 'वाइड' या 'लॉन्ग' जाते रहे जिससे ली फेंग ने ब्रेक तक 11-5 की बढ़त हासिल की। इससे भारतीय खिलाड़ी के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया और चीन के खिलाड़ी ने खिताब जीत लिया।

# एयरटेल ने धोखाधड़ी के खिलाफ संयुक्त पहल के लिए जियो, वीआईएल से संपर्क किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारती एयरटेल ने सरकार और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को सूचित किया है कि उसने बढ़ती दूरसंचार धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ उद्योग को एकजुट करने के लिए एक संयुक्त पहल के प्रस्ताव के साथ रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) से संपर्क किया है। एयरटेल ने सभी दूरसंचार कंपनियों से सहयोग करने और लोगों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक-साथ आने को कहा है।

दूरसंचार कंपनियों को लिखे अलग-अलग पत्र में एयरटेल ने कहा कि 2024 के पहले नौ माह में भारत में 17 लाख से अधिक साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनसे 11,000 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय नुकसान हुआ। इस तरह की कार्रवाई का आह्वान ऐसे समय में किया गया है जब साइबर अपराधी फिशिंग लिंक, फर्जी ऋण प्रस्ताव और धोखाधड़ी वाले भुगतान पेज का तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं और चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ लड़ाई में अपनी स्थिति मजबूत की है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली इस दूरसंचार कंपनी ने पिछले कुछ सप्ताह में व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सहित संचार ओटीटी ऐप और मंच पर धोखेधड़ी वाली साइट को ब्लॉक करने को धोखाधड़ी का पता लगाने वाला समाधान पेश किया है। एयरटेल ने दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल और ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी को लिखे पत्र में कहा, हाल के समय में फिशिंग के प्रयासों और दुर्भावनापूर्ण यूआरएल-आधारित घोटालों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि इस तरह के खतरों को रोकने के लिए उद्योग द्वारा समन्वित प्रयास किया जाए।

# अमेरिका के साथ शहद निर्यात पर शुल्क का मुद्दा उठाए सरकार : सीएआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका द्वारा भारत के शहद निर्यात पर फिलहाल 10 प्रतिशत के शुल्क के कारण देश के शहद निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा है और उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से अमेरिका के समक्ष इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने और इसे पूर्वस्तर पर लाने की मांग की है। इससे शहद निर्यातकों को अच्छा दाम मिल सकेगा और शहद उत्पादक किसानों को उचित लाभ मिल सकेगा। मधुमक्खीपालन उद्योग परिसंघ (कनफ़ेडरेशन ऑफ एपीकल्चर इंडस्ट्री या सीएआई) के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''शुल्क युद्ध शुरु होने से पहले, भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था जिसे मौजूदा समय में 10 प्रतिशत किया गया है। तीन महीने या 90 दिन तक यह शुल्क फिलहाल 10 प्रतिशत रहेगा लेकिन उसके बाद अमेरिका इसे 26 प्रतिशत करने की मंशा रखता है। इस वृद्धि के बाद भारतीय शहद निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा क्योंकि उसपर 520 डॉलर प्रति टन का शुल्क लागू हो जायेगा। शर्मा ने कहा कि देश के शहद निर्यातकों को पहले ही काफी कम दाम (लगभग 2,000 डॉलर प्रति टन) मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस शुल्क वृद्धि के कारण शहद निर्यात के लिए जो पहले 2,000 डॉलर प्रति टन का अधिकतम निर्यात मूल्य (एमईपी) अनिवार्य किया गया था और इसमें शहद निर्यातकों एवं किसानों के लाभ की कल्पना की गई थी, वे सब बेअसर हो जाएंगे। शर्मा ने कहा कि भारत का सर्वाधिक 90 प्रतिशत शहद का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। अमेरिका यदि शुल्क बढ़ाएगा तो हमारे देश का मधुमक्खीपालन उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा। उल्लेखनीय है कि सरसों से निकले शहद की उसके औषधीय गुण के कारण सबसे अधिक निर्यात मांग है। सीएआई के अध्यक्ष ने कहा कि अभी देश के मधुमक्खीपालकों और शहद निर्यातकों के सामने वियतनाम और अर्जेन्टीना भी चुनौती पेश कर रहे हैं। ये देश शहद को फिल्टर (छान देना) कर उसे 1,500-1,600 डॉलर प्रति टन के भाव निर्यात कर रहे हैं। इन देशों की कम कीमत के कारण भारतीय शहद (2,000 प्रति टन) के समक्ष चुनौती पैदा हो रही है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर किया गया शहद इसलिए भी सस्ता होता है क्योंकि शहद में पाये जाने वाले और 20 माइक्रॉन आकार के पोषक तत्व को अलग कर दिया जाता है। शुल्क के अलावा भारत पर डंपिंग-रोधी शुल्क 2.5 प्रतिशत लगता है और वियतनाम पर यह शुल्क 100 प्रतिशत है। लेकिन वियतनाम के फिल्टर शहद होने के कारण यह डंपिंग-रोधी शुल्क 'शून्य' हो जाता है यानी यह शुल्क की परिधि से बाहर हो जाता है। इससे भारतीय शहद निर्यात प्रभावित होता है और अंततः भारत के मधुमक्खीपालक किसान प्रभावित हो रहे हैं।

# टाटा मोटर्स का इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य

एजेंसी

मुंबई। घरेलू इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार की अगुवा टाटा मोटर्स अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार और नवीनीकरण के माध्यम से मध्यम-से-दीर्घावधि अवधि में इस खंड में 50 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने साक्षात्कार में कहा कि घरेलू इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार मूल्य के आधार पर चार अलग-अलग खंड में बंटा हुआ है। कंपनी अपनी आगामी हैरियर.ईवी और सिएरा.ईवी के साथ 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने बेड़े में ईवी के स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) को सीएनजी वाहन के बराबर करने के लिए काम कर रही है ताकि मात्रा हासिल की जा सके। चंद्रा ने कहा, ''हमारी आकांक्षा मध्यम से दीर्घावधि अवधि में 50 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने की है३हम बहुत व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो और ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्पाद पेशकर 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के लक्ष्य की आकांक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम अवधि से उनका आशय डेढ़ से दो साल से है। उनसे पूछा गया था कि टाटा मोटर्स कैसे इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति को कायम रखने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि लघु अवधि में कंपनी को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आना काफी हद तक तय है, क्योंकि कई कंपनियां कई उत्पाद लेकर आ चुकी हैं। बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल हैं। उन्होंने कहा कि यात्री इलेक्ट्रिक वाहन बाजार अब चार खंड में बंटा हुआ है।

# जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

## शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहंात पर 81721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 144.42 अंक अर्थात 0.32 प्रतिशत कमजोर होकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 44861.42 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 475.68 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 51521.42 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम-मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली। अमेरिका और जापान दोनों में बढ़ते बॉन्ड यील्ड से निवेशकों की चिंता गहराई क्योंकि इससे उभरते बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर पलायन हो सकता है। इस बीच, अमेरिका द्वारा कंपनियों को चीन खासकर हुवेई टेक्नोलॉजीज के निर्मित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप्स को इस्तेमाल से रोकने के फैसले ने चीन के साथ व्यापार तनाव को और बढ़ा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम को 'एकतरफा बदमाशी' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया और सख्त प्रतिशोध की चेतावनी दी। इस व्यापारिक तनाव और अमेरिकी आर्थिक संकेतकों के मिश्रित रुझानों ने बाजार धारणा को अस्थिर किया। इसके बावजूद भारतीय बाजार ने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के बीच भी उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया। इसका श्रेय घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) और खुदरा निवेशकों की मजबूत खरीददारी को है, जो भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं में भरोसे को दर्शाता है। आने वाले समय में भारत में सामान्य मानसून की उम्मीदें कृषि उत्पादन में सुधार की संभावना बढ़ाती हैं, जिससे खाद्य मुद्रास्फीति पर नियंत्रण संभव है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी महंगाई के दबाव में कमी आने की उम्मीद है। यह परिदृश्य भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को अपनी उदार मौद्रिक नीति बनाए रखने की गुंजाइश देता है, जिससे भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बन सकती है। अगले सप्ताह निवेशकों की नजर अमेरिका के बजट घाटे, महंगाई आंकड़ों और बेरोजगारी दावों के साथ-साथ भारत के वित्त वर्ष 2024-25 के जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी, जो बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 78,166 करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक या 0.74 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक या 0.66 प्रतिशत टूट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 40,800.4 करोड़ रुपये घटकर 19,30,339.56 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 17,710.54 करोड़ रुपये घटकर 12,71,395.95 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,488.58 करोड़ रुपये घटकर 6,49,876.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,462.8 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,53,974.88 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,454.31 करोड़ रुपये घटकर 10,33,868.01 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 1,249.45 करोड़ रुपये घटकर 7,05,446.59 करोड़ रुपये पर आ गई। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 10,121.24 करोड़ रुपये बढ़कर 10,44,682.72 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि : मोदी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि होने और भारत के दुनिया के शीर्ष शहद निर्यातक देशों में शामिल होने का हवाला देते हुये रविवार को कहा कि शहद सिर्फ मिठास नहीं, बल्कि सेहत, स्वरोजगार, और आत्मनिर्भरता की मिसाल भी है।

श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में 20 मई को 'वर्ल्ड बी डे' मनाये जाने का उल्लेख करते हुये कहा, पिछले 11 वर्षों में, मधुमक्खी पालन में भारत में एक मधुर क्रांति हुई है। आज से 10-11 साल पहले भारत में शहद उत्पादन एक साल में करीब 70-75 हज़ार टन होता था। आज यह बढ़कर करीब-करीब सवा-लाख टन के आसपास हो गया है। यानी शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत शहद उत्पादन और निर्यात में दुनिया के अग्रणी देशों में आ चुका है। इस सकारात्मक प्रभाव में 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' की बड़ी भूमिका है। इसके तहत मधुमक्खी पालन से जुड़े हजारों किसानों को प्रशिक्षण दिया गया,उपकरण दिए गए, और बाजार तक उनकी सीधी पहुँच बनाई गई। प्रधानमंत्री ने कहा, ये बदलाव सिर्फ आंकड़ों में नहीं दिखता। ये गाँव की जमीन पर भी साफ नजर आता है। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के आदिवासी किसानों ने 'सोन हनी' नाम से एक शुद्ध जैविक शहद ब्रांड बनाया है। आज वह 'शहद जेम' पोर्टल समेत अनेक ऑनलाइन पोर्टल पर बिक रहा है, यानी गाँव की मेहनत, अब ग्लोबल हो रही है। इसी तरह उत्तर प्रदेश, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश में हजारों महिलाएं और युवा अब शहद उद्यमी बन चुके हैं। अब शहद की केवल मात्रा नहीं, उसकी शुद्धता पर भी काम हो रहा है। कुछ स्टार्टअप अब एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकी से शहद की गुणवत्ता को प्रमाणित कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगली बार जब भी शहद खरीदें तो इन शहद उद्यमियों द्वारा बनाए गए शहद को जरूर आजमाएं। कोशिश करें कि किसी स्थानीय किसान से, किसी महिला उद्यमी से भी शहद खरीदें। क्योंकि उस हर बूंद में स्वाद ही नहीं, भारत की मेहनत और उम्मीदें घुली होती हैं। शहद की ये मिठास आत्मनिर्भर भारत का स्वाद है। श्री मोदी ने कहा कि मधुमक्खियों की सुरक्षा सिर्फ पर्यावरण की नहीं खेती और अगली पीढी की भी जिम्मेदारी है। ये उदाहरण है पुणे शहर का, जहाँ एक हाउसिंग सोसायटी में मधुमक्खियों का एक छत्ता हटाया गया लेकिन इस घटना ने किसी को कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया। अमित नाम के एक युवा ने तय किया कि मधुमक्खियों को हटाना नहीं, उन्हें बचाना चाहिए।

# तटरक्षक बल और नौसेना ने लाइबेरियाई पोत पर सवार सभी 24 लोगों को बचाया

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने खतरनाक सामान से लदे एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत के केरल तट के पास डूबने पर चालक दल के सभी 24 सदस्यों को रविवार को बचा लिया।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए तीन आज सुबह सात बजकर 50 मिनट पर कोच्चि तट पर बाढ़ के कारण डूब गया। पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया जिनमें से 21 को तटरक्षक बल ने और तीन को नौसेना के पोत आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। पोत पर 13 में खतरनाक सामान और 12 में कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। कंटेनरों में 84.44 टन डीजल



और 367.1 टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था।

केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए तटरक्षक बल ने प्रदूषण संबंधित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहा है और प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर बल का पोत सक्षम मौके पर तैनात है। फिलहाल तेल रिसाव की कोई सूचना नहीं मिली है। यह आपात स्थिति कल उस सयम शुरू हुई, जब विझिनजाम से कोच्चि जाते समय यह पोत लगभग 38 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में 26 डिग्री झुक गया। पोत ने संतुलन खो दिया जिसके कारण संकट की सूचना दी गई। कोच्चि में बल के समुद्री बचाव उप-केंद्र (एमआरएससी) ने तुरंत समन्वित कार्रवाई शुरू की। डोर्नियर विमान को हवाई निगरानी के लिए तैनात किया गया जिसने जीवित बचे लोगों के साथ दो लाइफराफ्ट देखे। वैश्विक खोज और बचाव प्रोटोकॉल के अनुरूप गश्ती जहाजों और व्यापारिक जहाजों एमवी हान यी और एमएससी सिल्वर 2 को भी सहायता के लिए भेजा गया। देर शाम तक, रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के नागरिकों सहित चालक दल के 24 सदस्यों में से 21 को बचा लिया गया था। चालक दल के तीन वरिष्ठ सदस्य बचाव व्यवस्था में सहायता के लिए पोत पर ही रहे। हालांकि, रात में पोत की हालत खराब हो गई और रविवार सुबह यह उलट गया। चालक दल के तीन सदस्यों को पोत छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और उन्हें आईएनएस सुजाता ने बचा लिया। दुर्घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# भारत बनेगा औद्योगिक महाशक्ति : ओम बिरला

**एजेंसी**

पूर्वी सिंहभूम। बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल के फ़ेसी ऑडिटोरियम में रविवार को सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली (75वीं वर्षगांठ) समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस मौके पर देश के विकास, उद्योग जगत की भूमिका और आतंकवाद पर भारत की नीति जैसे अहम विषयों पर चर्चा हुई। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस मौके पर कहा कि भारत अब तकनीकी, अनुसंधान और उद्योगों के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। हम सहयोगी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में आ रहे हैं। उन्होंने भारत को 'अवसरों की धरती' बताते हुए कहा कि उद्योग-हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेज़ी से आगे बढ़ेगी।

ऑपरेशन सिंदूर का ज़िक्र करते हुए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को दोहराया और कहा कि देश



अब किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। जिस तरह सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की, उससे स्पष्ट हो गया कि भारत केवल अपनी रक्षा नहीं करेगा, बल्कि दुनिया के अंदर जो आतंकवाद है, उस आतंकवाद को समाप्त करने के लिए नई नीति और नई कार्य योजना से काम करेगा। हमने यह भी साबित कर दिया कि इस देश के अंदर कोई भी देश आतंकवाद फैलाने का काम करेगा, तो उसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर से भी गंभीर होगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया को यह बता दिया कि सिंदूर की भी कीमत होती है। आतंकवाद के खिलाफ भारत ने एक नई शैली में युद्ध लड़ा और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जो हमारे जवानों की शौर्यगाथा को दर्शाता है। पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद विद्युत वरण महतो ने भी व्यापारिक संगठनों के योगदान की सराहना की और उन्हें भारत की प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार बताया।

समारोह की शुरुआत चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों के स्वागत और पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो भी मौजूद रहे। शहर के कई प्रमुख उद्यमी, व्यापारी, अधिकारी और समाजसेवी भी समारोह में शामिल हुए। इससे पहले सोनारी एयरपोर्ट पहुंचने पर लोकसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया और वहां से वे सीधे लोयोला स्कूल सभागार पहुंचे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय मोदी को देने की होड़ में भाजपा करवा रही है सेना का अपमान : कांग्रेस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की होड़ में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं लेकिन उन पर कोई करवाई नहीं हो रही है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सुश्री लांबा ने कहा,़भाजपा नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय श्री मोदी को देते हुए उनका गुणगान करके सेना और पीड़ितों को जिस तरह से अपमानित कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं और इस होड़ में भाजपा नेताओं की जुबान बिगड़ गई है।' महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,श्रेय देने की होड़ में भाजपा यानी बदजुबान पार्टी के नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए और सेना का अपमान करने लगे। इस कड़ी में बदजुबान पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने सेना के साथ शहीदों और उनके परिवार वालों का भी अपमान किया। भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों की पत्नियों को अपमानित करते हैं। भाजपा सांसद जांगड़ा का कहना है- पहलगाम हमले में जो शहीद हुए उनकी पत्नियों में वीरांगना जैसा भाव नहीं था, जोश नहीं था, जज्बा नहीं था। इसलिए हाथ जोड़ रही थीं, गिड़गिड़ा रही थीं। सुश्री लांबा ने कहा, इससे पहले मध्य प्रदेश में भाजपा के मंत्री विजय शाह ने जहां देश की जांबाज बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान किया था वहीं, मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, प्रधानमंत्री को श्रेय देने में इतना नीचे गिर गए कि सेना का अपमान कर दिया। विनय नरवाल जी की पत्नी को उनके विचारों के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल करके अपमानित किया गया लेकिन अब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, विदेश सचिव के बयानों के लिए उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया और उनकी बेटियों के नंबर वायरल किए गए। लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। भाजपा नेताओं में सेना, सैनिक, शहीद और शहीद के परिवार का अपमान करने की ताकत खुद श्री मोदी से आती है। क्योंकि खुद श्री मोदी कह चुके हैं कि 'सेना के एक जवान से ज्यादा साहस एक व्यापारी रखता है।

# जनरल चौहान ने सेना की उत्तरी और पश्चिमी कमान का दौरा कर रणनीतिक समीक्षा की

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने रविवार को सेना की उत्तरी एवं पश्चिमी कमान मुख्यालय का दौरा किया और ऑपरेशन सिंदूर के बाद रणनीतिक समीक्षा के साथ साथ संचालन तैयारियों का आकलन किया।

जनरल चौहान ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सेना की उत्तरी कमान और हरियाणा के चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में पश्चिमी कमान का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर की योजना बनाने तथा उसे अमल में लाने वाले सेना कमांडरों, लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा , लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत की। उन्होंने उत्तरी और पश्चिमी थिएटरों में रणनीतिक समीक्षा और संचालन तैयारियों का आकलन किया।

उधमपुर में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी नेटवर्क, आतंकवाद को समर्थन देने वाले दुश्मन के ठिकानों को नष्ट किये जाने और अपनी सैन्य संपत्तियों तथा नागरिक आबादी की रक्षा के लिए उठाए गए जवाबी कदमों में उत्तरी सेना की सफलता के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के पुनर्वास में उत्तरी सेना द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बताया गया, जिन्हें दुश्मन ने निशाना बनाया था। उत्तरी कमान के कमांडर ने सेना की निरंतर परिचालन और रसद तैयारियों पर एक अपडेट दिया और उन्हें सीमाओं की रक्षा करने की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। यह भी बताया गया कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए व्यापक प्रयास शुरू किया गया है। चंडीमंदिर में पश्चिमी सेना के कमांडर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गतिज और गैर-गतिज दंडात्मक प्रतिक्रिया पर व्यापक जानकारी दी गई। पश्चिमी सीमाओं पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति को रेखांकित करते हुए परिचालन वातावरण, रक्षा तैयारियों और ऑपरेशन के प्रमुख परिणामों का विस्तृत अवलोकन प्रदान किया गया। इसके अलावा उच्च परिचालन दक्षता, वास्तविक समय की स्थिति के बारे में जागरूकता, पश्चिमी सेना की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में योगदान देने वाले तकनीकी संचार और बढ़ी हुई रसद क्षमता पर भी प्रकाश डाला गया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को दी जाने वाली वेटरन्स केयर और मेडिकेयर सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जो राष्ट्रीय हित में काम करने वाले लोगों के कल्याण के लिए भारतीय सेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# छत्तीसगढ़ के सुशासन मॉडल, नवाचारों ने बनायी विशेष पहचान

**एजेंसी**

नयी दिल्ली/रायपुर। राष्ट्रीय राजधानी के अशोक होटल में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

श्री साय ने अपने प्रस्तुतीकरण की शुरुआत राज्य में सुशासन की संस्थागत पहल से की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' का गठन कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी व संवेदनशीलता से लागू करना है।

बैठक में केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में ग्रामसभा, जनसंवाद और तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुँचाया गया है। बैठक का सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम पर विशेष प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'खेलोगे इंडिया, जीतोगे इंडिया' मंत्र को उद्धृत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने इसे धरातल पर साकार किया है। बस्तर ओलंपिक अब सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति बन चुका है – जिसने युवाओं के हाथों से बंदूकें छीनकर गेंद, भाला और तीर थमा दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया इस आयोजन में सात जिलों के 32 विकासखंडों से 1.65 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीन चरणों – विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित यह प्रतियोगिता 11 पारंपरिक खेलों जैसे तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी आदि पर केंद्रित थी। चार श्रेणियों – जूनियर, सीनियर, महिला और दिव्यांग – में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। श्री साय ने दोरनापाल के पुनेन सन्ना का उदाहरण साझा किया, जो कभी नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र से थे, पर आज व्हीलचेयर दौड़ में पदक जीतकर पूरे समाज के लिए प्रेरणास्तंभ बन गए हैं।

# पेज एक का शेष

## लालू ने तेज प्रताप...

एक रिलेशनशिप में रह रहें हैं। मैं बहुत दिनों से आपलोगों से यह बात कहना चाहता था पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं.... इसलिए आज इस पोस्ट के माध्यम से अपने दिल की बात आप सब के बीच रख रहा हूं। आशा करता हूं आपलोग मेरी बातों को समझेंगे। कुछ देर बाद इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। पोस्ट के करीब पांच घंटे बाद श्री तेजप्रताप ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट कर जानकारी दी कि उनका अकाउंट हैक कर लिए गया है और ये फर्जी पोस्ट है और फोटो एडिट किया गया है। हालांकि, उनके इस दावे के बाद छह फोटो और दो वीडियो वायरल हो गए। इसमें उनकी शादी से लेकर करवा चौथ मनाने तक के दावे किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि श्री तेजप्रताप यादव शादीशुदा हैं। उनकी शादी मई 2018 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा राय की पौत्री और पूर्व मंत्री चंद्रिका राय की पुत्री ऐश्वर्या राय से हुई है। उनके तलाक का मामला अदालत में चल रहा है।

## हिंदू एक हों, देश...

किया कि संघ की शक्ति की दृष्टि वैश्विक प्रभुत्व के उद्देश्य से नहीं है, बल्कि सभी के लिए शांति और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है। उन्होंने कहा, हम विश्व व्यापार पर हावी होने के लिए ऐसा नहीं कर रहे हैं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कर रहे हैं कि हर कोई शांतिपूर्ण, स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सके। मौजूदा चुनौतियों के संदर्भ में उन्होंने भारत की सीमाओं पर लगातार हो रहे आक्रमण की ओर इशारा किया और हा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में ताकत का निर्माण एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। पड़ोसी देशों में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के बारे में चिंताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने वैश्विक मानवाधिकार निकायों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा हिंदुओं को पड़ोसी देशों में शोषण का सामना करना पड़ रहा है, उन पर हिंसा की गयी है। क्या वैश्विक स्तर पर मानवाधिकार रक्षकों को इसकी परवाह है।

## राजग के मुख्यमंत्रियों ...

अपनी ताकत का उपयोग कैसे किया है। उन्होंने कहा, पच्चीस और 26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। राजग जनता के बीच जाकर इसे उजागर करेगा और जनता को उन लोगों की असलियत बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी। बैठक का समन्वय भाजपा के सुशासन विभाग ने किया। इस सम्मेलन में राजग की विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी चर्चा की गई। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी पहलों पर प्रस्तुतियाँ भी दीं। उपस्थित मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ, श्री नीतीश कुमार, श्री एन चंद्रबाबू नायडू, श्री हिमंतविश्व शर्मा, श्री देवेन्द्र फडणवीस और श्री मोहन यादव आदि शामिल थे।बैठक में राजग सरकार की पहली वर्षगांठ, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने भी विचार-विमर्श किया गया।

## 36 जिलों में गरज-चमक...

कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में बंगाल की खाड़ी की तरफ से आने वाला मानसून अपनी सामान्य तिथि 18 जून से करीब चार दिन पहले दस्तक दे सकता है। हालांकि, इसका सही आकलन मानसून के पूर्वोत्तर भारत पहुंचने के बाद ही किया जा सकता है।

इन जिलों मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना : चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## खाड़ी देशों से ...

जुल्फिकार समेत उन चार लोगों के पेट से निकाला गया है अभी जांच प्रक्रिया जारी है इसलिए अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।इस संबंध में कस्टम विभाग को सूचना भेज दी गई है । उल्लेखनीय है कि रामपुर के टांडा निवासी छह युवक रामपुर जनपद के टांडा निवासी मोहम्मद नावेद, शाने आलम, मुतल्लिब, जाहिद, जुल्फ़ेकार तथा कार चालक समेत कार में सवार होकर सात लोग शुक्रवार को दिल्ली से रामपुर अपने घर लौट रहे थे । यह युवक खाड़ी देशों में काम करते थे। इसी दौरान बीच रास्ते में बोलेरो तथा स्विफ्ट डिजायर कार सवार छह बदमाशों ने उनकी कार को दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 पर बंद पड़े टोल बूथ पर ओवरटेक कर उनका अपहरण कर लिया था। बदमाश उन्हें अपनी कार में डालकर जंगल के रास्ते मूंढापांडे क्षेत्र स्थित फार्म-हाउस पर ले गए थे। जहां पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बंधकों को सकुशल बरामद कर दो बदमाशों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था, बाकी दो को बाद में गिरफ्तार किया जा सका। पुलिस सूत्रों ने बताया था कि बदमाशों द्वारा अपहृत छह लोगों से बार-बार सोने को लेकर पूछा जा रहा था। इसी दौरान शोर सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी थी।ग्रामीणों को आता देखकर बदमाशों के पांव उखड़ गए थे और वह बंधकों को छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ के बाद तौफीक उर्फ़ तुफैल और रजा चौधरी को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती करा दिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ के आधार पर खाड़ी देशों से सोने की तस्करी से जुड़ा मामला सामने आने पर अस्पताल में स्क्रेनिंग के जरिए छह लोगों में से तीन लोगों के पेट में मेटल होने की पुष्टि हुई तो गहन चिकित्सा निगरानी में चार लोगों के पेट से लगभग प्रति कैप्सूल 35 ग्राम वजन के हिसाब से 20 कैप्सूल 700 ग्राम गोल्ड कैप्सूल मिले हैं। अभी जांच प्रक्रिया चल रही है जिसमें सारे सामने आने के बाद ही संबंधित के ख़िलाफ़ पुलिस अब तस्करी का केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।पुलिस द्वारा इनमें से चार तस्करों की फोटो जारी कर दी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामपुर जनपद सोने की तस्करी के मामले में पहले से ही सुर्खियों में रहता आया है। तस्कर जान जोखिम में डालकर खाड़ी देशों से सोने के छोटे-छोटे कैप्सूल शरीर में छुपा कर लाते हैं,जिसे बाद में मलद्वार से बाहर निकाल लिया जाता है।माना जाता है कि सोना तस्करी मामले में एयरपोर्ट पर कार्यरत जिम्मेदारों की भूमिका संदेहास्पद बनी रहती है। सोने की तस्करी में लिप्त गिरोह के सरगना युवाओं को लालच देकर अपने खर्चे पर खाड़ी देशों में भेजते हैं पुलिस ऐसे तमाम गिरोह के नेटवर्क की तलाश में जुटी है ।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने ...

अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। उनके मुताबिक, यह अभियान सेहत, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जा रहा है। प्रधानमंत्री ने उप्र के जिन खिलाड़ियों की प्रशंसा की है, उनमें बरेली के कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान खींचा है। वहीं, वाराणसी के शेख जीशान ने ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है। इसी प्रकार बिजनौर के तुषार चौधरी ने वेटलिफ्टिंग में 102 किलोभार वर्ग में 289 किलोभार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## ऑपरेशन सिंदूर एक...

बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि लॉयन सेंसस 11 जिलों में, 35 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में की गई थी। सेंसस के लिए टीमों ने चौबीसों घंटे इन क्षेत्रों की निगरानी की। पूरे अभियान में वैरिफिकेशन और क्रॉस वैरिफिकेशन दोनों किए गए। इससे पूरी बारीकी से शेरों की गिनती का काम पूरा हो सका। कुछ दशक पहले गिर में हालात बहुत चैलेंजिंग थे। लेकिन वहां के लोगों ने मिलकर बदलाव लाने का बीड़ा उठाया। वहां लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ ही ग्लोबल बेस्ट प्रेक्टिसेज को भी अपनाया गया। सिक्किम के डॉक्टर ने क्राफ्टेड फाइबर्स की शुरुआत की पीएम ने कहा कि दो-तीन दिन पहले मैं पहली राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट समिट में गया था। यहां मुझे एक दिलचस्प कहानी पता चली है क्राफ्टेड फाइबर्स की। ये सिर्फ एक ब्रांड नहीं, सिक्किम की परंपरा, बुनाई की कला, और आज के फैशन की सोच- तीनों का सुन्दर संगम है। इसकी शुरुआत वेटेनरी डॉक्टर डॉ चेवांग नोरबू भूटिया ने की। उन्होंने बुनाई को एक नया आयाम देते हुए क्राफ्टेड फाइबर्स को जन्म दिया। उन्होंने पारंपरिक बुनाई को मॉडर्न फैशन से जोड़ा और इसे बनाया एक सोशल एंटरप्राइज। क्राफ्टेड फाइबर्स के शॉल, स्टोल, दस्ताने, मोजे, सब लोकल हैंडलूम से बने होते हैं। इसमें जो ऊन का इस्तेमाल होता है, वो सिक्किम के खरगोशों और भेड़ों से आता है। रंग भी पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं - कोई केमिकल नहीं, सिर्फ प्रकृति की रंगत। योग दिवस को लेकर देशभर में उत्साह पीएम ने कहा कि 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' में अब एक महीने से भी कम समय बचा है। 21 जून 2015 में 'योग दिवस' की शुरुआत के बाद से ही इसका आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इस बार भी 'योग दिवस' को लेकर दुनिया भर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। आंध्र प्रदेश की सरकार ने 'योगआंध्र' अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य पूरे राज्य में योग संस्कृति को विकसित करना है ▸इस अभियान के तहत योग करने वाले 10 लाख लोगों का एक पूल बनाया जा रहा है । मुझे इस वर्ष विशाखापट्टनम में 'योग दिवस' कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

## एक ही परिवार...

हो गयी और एक व्यक्ति विधि चन्द्र कौशल का इलाज चल रहा है।

# 'ट्रैक ऑफ द ईयर' के रूप में विकसित होगा बूढ़ा भरसार पैदल मार्ग : मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रविवार को अधिकारियों के साथ भरसार से बूढ़ा भरसार की पांच किलोमीटर पैदल यात्रा की। इस दौरान मंत्री ने जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत सहित अन्य अधिकारियों के साथ ट्रैक और मन्दिर क्षेत्र को विकसित करने की योजना पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर डॉ. रावत ने कहा कि इस ट्रैक को राज्य के 'ट्रैक ऑफ द ईयर' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिये शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि बूढ़ा भरसार क्षेत्र धार्मिक और पर्यटन दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर मंदिर और ट्रैक मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए जल्द ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में धर्मशाला, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए भी कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि बूढ़ा भरसार जैसे स्थल हमारी धरोहर हैं, जो हमें हमारी संस्कृति से जोड़ती है। जब लोग इन पवित्र स्थलों तक पहुंचें, तो उन्हें सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि एक अनुभव, आत्मिक शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और बेहतर सुविधाओं का संगम मिले। यही हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि विकास वहां तक पहुंचे, जहां परंपराएं सांस लेती हैं और भविष्य मुस्कराता है।

# घंडियाल देवता का मंदिर बनेगा पर्यटन का नया केंद्रः डॉ. धन सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि घने बांज, बुरांस के जंगलों के बीच बसा घंडियाल देवता का मंदिर अब केवल आस्था का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि इसे पर्यटन के मानचित्र पर भी लाया जाएगा। उन्होंने भरसार से पांच किलोमीटर का पैदल ट्रैक कर मंदिर में पूजा-अर्चना की। डॉ. रावत ने कहा कि बूढ़ा भरसार क्षेत्र में स्थित घंडियाल देवता का मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम है। यहां का शांत और सुरम्य वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते को सुव्यवस्थित किया जाय और आवश्यक सुविधाएं विकसित की जायेगी। मंत्री ने कहा कि इस धार्मिक स्थल को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाना न केवल क्षेत्र की आर्थिकी को बल देगा, बल्कि लोकसंस्कृति और परंपराओं को भी संरक्षित करेगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि प्रदेश सरकार इस दिशा में जल्द ही ठोस योजना बनाएगी।

# केदारनाथ यात्रा में तैनात पीआरडी जवानों को मिला 20 लाख का बीमा और हर सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून/रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान तैनात प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों को इस बार प्रशासन की ओर से विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। हर जवान का 20 लाख रुपये का बीमा भी कराया गया है, ताकि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सेक्टर में तैनात सभी जवानों का 20 लाख रुपये का बीमा भी प्रशासन की ओर से कराया गया है।तो वहीं, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी ने बताया कि पीआरडी के माध्यम से यात्रा मैनेजमेंट में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा अक्सर कम सक्षम होते हैं। उनकी जेब पर कोई अतिरिक्त भार न पड़े इसके लिए प्रशासन की ओर से इन जवानों को निशुल्क हर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि जवानों को लिबर्टी कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैकिंग जूते, मौजे, मफलर, टोपी और रेन कोट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं सोने के लिए नए गद्दे, रजाई और कंबल भी दिए गए हैं। खुराक का विशेष ध्यान रखते हुए, हर 15 दिनों में सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा भेजी गई मांग के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाला राशन भी प्रशासन की ओर से ही दिया जा रहा है। वहीं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रेस्क्यू के लिए अच्छे स्ट्रेचर, नाइट विजन के लिए एलईडी एवं फोकस लाइट से लेकर उच्च गुणवत्ता वाली रस्सी, स्टिक एवं फर्स्ट एड किट जवानों को उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि केदारनाथ धाम यात्रा सबसे कठिन धार्मिक यात्रा होने के साथ जनपद के सैकड़ों लोगों के रोजगार और आजीविका का जरिया भी है। प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के माध्यम से यात्रा मार्ग पर हर वर्ष जनपद के 300 युवा यात्रा मैनेजमेंट में 24 घंटे तैनात रहते हैं। मैनेजमेंट में स्थानीय निवासी होने के चलते केदारघाटी और यात्रा मार्ग पर ये हर मोर्चे पर फ्रंट लाइन में खड़े दिखते हैं। म्यूल टास्क फोर्स (घोड़े खच्चरों के संचालन को मॉनिटर एवं सुव्यवस्थित बनाने वाली पीआरडी जवानों की टुकड़ी), यात्रा मैनेजमेंट फोर्स एवं डीडीआरएफ (डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट फोर्स) के अलावा मंदिर समिति, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ ये जवान मुस्तैदी से काम करते हैं। इन सभी विभागों के अलावा पीआरडी जवान पुलिस विभाग के भी मुख्य सहयोगी होते हैं, जरूरत के हिसाब से 120 से लेकर 150 युवा पुलिस विभाग के साथ ड्यूटी करते हैं।

# इच्छा शक्ति ने उत्तराखंड को यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनाया : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार से पारित समान नागरिक संहिता- यूसीसी पर दिशा निर्देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूसीसी पर राज्य सरकार को चार माह में 98 प्रतिशत गांव से डेढ लाख से अधिक आवेदन मिले हैं।

श्री धामी ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में रविवार को यहां हुई मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में उत्तराखंड में लागू यूसीसी पर अपनी प्रस्तुति में कहा कि यूसीसी लागू करने के लिए मजबूत सिस्टम का निर्माण कर प्रक्रिया को जनसामान्य के लिए अधिक सुलभ और सहज बनाने के वास्ते एक पोर्टल और समर्पित मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया जिसे ग्राम स्तर पर 14 हज़ार से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स-सीएससी को इससे जोड़ा गया है। पंजीकरण को सरल बना कर रजिस्ट्रेशन के समय आने वाली परेशानियों को उत्तर प्रदेश से दूर किया गया जिसके कारण चार माह में राज्य के लगभग 98 प्रतिशत गाँवो से डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूसीसी के सफलतापूर्वक लागू करने में श्री मोदी और श्री शाह के मार्गदर्शन में 2022 के विधान सभा चुनाव में अपने दृष्टिपत्र के माध्यम से राज्य की जनता को जनादेश मिलने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का बचन दिया था और सरकार बनने के बाद पहले दिन से ही यूसीसी लागू करने का काम शुरु कर 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना देसाई जी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। समिति को दो लाख 32 हजार सुझाव मिले जिनमें नागरिकों से परामर्श के साथ ही राजनीतिक दलों और विभिन्न वैधानिक आयोगों के प्रमुखों से बातचीत की। राज्य सरकार ने पिछले साल सात फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा में पेश कर पारित करवा दिया और राष्ट्रपति महोदया ने 11 मार्च को विधेयक को स्वीकृति प्रदान की और फिर इस साल 27 जनवरी को पूरे उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर दिया गया और उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना जिसने समान नागरिक संहिता को लागू कर दिया। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता जाति, धर्म, लिंग आदि में अन्तर के आधार पर कानूनी मामलों में होने वाले भेदभाव को खत्म करने का संविधानिक उपाय बताया और कहा कि इससे महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित होने के साथ ही हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह, तीन तलाक आदि कुप्रथाओं पर रोक लगाई जा सकेगी। संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत वर्णित हमारी अनुसूचित जनजातियों को इस संहिता से बाहर रखा गया है ताकि जनजातियों और उनके रीति रिवाजों का संरक्षण किया जा सके। नागरिक संहिता

# बेटे की मौत की खबर सुन सदमे से मां की मौत

नालंदा, बिहारशरीफ। नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गाँव में रविवार को बिजली की करंट से झुलस कर मां और बेटे मौत हो गयी। मां और बेटे की एक साथ अर्थी उठने से पूरे गांव को शोक में डूबो दिया। परिवार वालों ने बताया कि स्वर्गीय मुंशी दास के पुत्र जन्मेजय कुमार रविवार को शौच के लिए गाँव से बाहर गौरैया स्थान गए थे। इसी दौरान वे बिजली के टूटे हुए तार की चपेट में आ गए, जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकंगरसराय में भर्ती कराया, यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर पुत्र की निधन की खबर सुनकर मृतक की मां मुन्नी देवी का भी हृदयघात से स्वर्गवास कर गयी। रविवार को माँ और पुत्र की अर्थी एक साथ उठी और फतुहा गंगा घाट पर दोनों की चिता एक साथ जलाई गई।बताया जाता हैं कि अधेड़ मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# शाहदरा के राम नगर में गोदाम में आग, दो की मौत, चार झुलसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। शाहदरा जिले के राम नगर इलाके में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक गोदाम में आग लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना सुबह 6:40 बजे पीसीआर कॉल के जरिए दर्ज हुई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार घटना 2829, मोटीराम रोड, राम नगर, शाहदरा स्थित एक टिन शेड वाले गोदाम में हुई। जिसका इस्तेमाल गन्ने के रस की मशीनें रखने, ई-रिक्शा चार्जिंग और पार्किंग के लिए किया जा रहा था। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस हादसे में घायल हुए चार लोगों की पहचान हरिशंकर (19), रिंकू (18), मुकेश (22), और विपिन (19) के रूप में हुई है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ब्रिजेश (19) और मनीराम (18) की मौके पर ही मौत हो गई। सभी पीड़ित मूल रूप से मध्य प्रदेश और उप्र के रहने वाले थे और ई-रिक्शा के माध्यम से गन्ने का रस बेचने का काम करते थे। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और गोदाम के प्रभारी विनोद राठौर को हिरासत में ले लिया गया है। शुरुआती जांच में गोदाम में सुरक्षा मानकों की कमी सामने आ रही है। पुलिस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है।

# दो दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। जिले के नाथनगर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पिंकी कुमारी की अध्यक्षता में पोषण भी पढ़ाई भी, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण के साथ रविवार को संपन्न गया। दूसरे बैच का प्रशिक्षण निर्धारित था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को पोषण के साथ साथ पढ़ाई एवं उचित देखभाल तथा उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास को लेकर एवं सामाजिक तौर पर बेहतर बनाने के लिए सरकार की मुख्य भूमिका है। दिव्यांग बच्चों को पहचान कर उन्हें रेफरल अस्पताल में नामांकन कराना, तीन वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक उत्प्रेरक गतिविधि, पालन पोषण के महत्व इत्यादि इन सभी बातों को लेकर आज सेविकाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। महिला पर्यवेक्षिका निभा कुमारी, निवेदिता भारती, पुष्पांजलि कुमारी एवं कार्यपालक सहायक सूरज अवस्थी के द्वारा भी सेविकाओं को प्रशिक्षण देकर उचित सलाह दी गई। प्रशिक्षण में सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण में सभी सेविकाओं ने भाग लेते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## कपड़े की फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** यहां उद्योग नगर क्षेत्र में रविवार सुबह एक कपड़े की फैक्टरी में आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना एफ-11, उद्योग नगर, गेट नंबर-2 के पास स्थित एक फैक्टरी में सुबह करीब 5:25 बजे सामने आई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल कूलिंग का कार्य अभी जारी है। दमकल अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है और फैक्टरी में मौजूद सामग्री की जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

## कोरोना को लेकर सदर अस्पताल में 10 बेड का कोविड वार्ड तैयार

**भागलपुर।** देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने लगे हैं। इस हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन अलर्ट मोड में आ गए हैं। भागलपुर के मॉडल सदर अस्पताल में एहतियातन 10 बेड का विशेष कोविड वार्ड तैयार किया गया है। इस वार्ड में दवाइयों से लेकर सभी बेड पर ऑक्सीजन की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने में कोई परेशानी न हो। हालांकि अब तक जिले में कोरोना का कोई मामला सामने नहीं आया है।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले हेमकुंड साहिब-लोकपाल के कपाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल के कपाट रविवार को विधि-विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। रविवार को गुरुअरदास, शबद कीर्तन और गुरुवाणी हेमकुंड साहिब के कपाट खोल दिए गये हैं। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारा से 'पंच प्यारों' की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड-बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया। रविवार को जत्था ल्लबोले सो निहाल, सत श्री अकालल्ल के जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ। इसके बाद शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। गौरतलब है कि श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा प्रतिवर्ष मई-जून माह में प्रारंभ होकर अक्टूबर तक चलती है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शीश नवाने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं। इस अवसर पर हेमकुंड ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र बिंद्रा ने यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए थानाध्यक्ष विनोद रावत और चौकी प्रभारी घांघरिया अमनदीप सिंह को सम्मानित किया गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063